रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com बिलासपुर, गुरुवार 14 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-01, अंक- 29 मूल्य 3.00 ₹



## क्विक न्यूज

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह एम्स में भर्ती



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को स्वास्थ्य खराब होने के बाद बुधवार शाम को नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बुखार और कमजोरी की शिकायत के बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. सिंह का एम्स के सीएन टावर में इलाज किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि डा.सिंह की जांच के लिये एम्स के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया के नेतृत्व में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा रहा है। डा.सिंह इस वर्ष अप्रैल में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। तब भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था।

### आर्यन खान की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई



**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स मामले में गिरफ्तार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के पुत्र आर्यन खान की जमानत अर्जी पर मुंबई की विशेष अदालत गुरुवार को भी सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि मुंबई के नजदीक क्रूज पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की छापेमारी के दौरान आर्यन खान और अन्य लोगों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। एनसीबी ने बुधवार को अदालत में सुनवाई के दौरान आर्यन को जमानत पर रिहा किये जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का संबंध ड्रग माफिया से हैं।

### पेट्रोल और डीजल में लगातार दूसरे दिन टिकाव

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के ऊंचे स्तर पर बने रहने के बीच आज लगातार दूसरे दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव बना रहा। सोमवार को लगातार सातवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया था। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल भी 93.17 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया।

# श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को एमबीबीएस के लिए 150 सीटों की मिली मान्यता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एक और निजी मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस के पढाई लिए मान्यता मिल गई है। राजधानी रायपुर के मोवा स्थिति श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को एमबीबीएस हेतु 150 सीटों के लिए मान्यता दे दी गई है। बुधवार को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने उक्त इंस्टीट्यूट को स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया है। इसी वर्ष से चिकित्सा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राएं मेडिकल कालेज में नियमानुसार दाखिला ले सकेंगे। तो वहीं राज्य में अब एमबीबीएस की कुल 1370 सीट हो गई है।




| मेडिकल कॉलेज | सीटें |
|---|---|
| पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर- | 180 |
| छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) बिलासपुर | 180 |
| श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर | 150 |
| शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, भिलाई | 150 |
| रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, रायपुर | 150 |
| स्व. चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज, दुर्ग- | 150 |
| स्व. बलीराम कश्यप मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर | 125 |
| स्व. अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर | 100 |
| स्व. लखीराम अग्रवाल मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ | 60 |






हमारा सपना था कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए कुछ कर सकूं, कुछ दूं। कई वर्षों से हम जनता की संकल्पि रुप से लगातार सेवा करते आ रहे हैं। मन में विचार था कि जनता के लिए और भी कुछ बेहतर कर सकूं। सरकार लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। भगवान श्रीबालाजी की कृपा, माता- पिता के आशीर्वाद और हमारी टीम के अथक मेहनत से आज मेडिकल कॉलेज का सपना साकार हुआ है। आज अब प्रदेश के युवाओं को जो चिकित्सा के क्षेत्र में रुचि रखते हैं उनके लिए एक और बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। छत्तीसगढ़ के लिए और अधिक संख्या में डॉक्टर उपलब्ध होंगे।

**डॉ देवेन्द्र नायक**
**संचालक, श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस**

# मास्टर प्लान से विभागों, मंत्रालयों की सामूहिक शक्ति को मिलेगी गति : मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ढांचागत विकास को कम लागत, समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने, विभागों तथा मंत्रालयों के बीच तालमेल एवं विकास कार्यों में सबकी शक्ति के सामूहिक प्रदर्शन को ज़रूरी बताते हुए देश के सभी राज्यों से प्रधानमंत्री गति शक्ति प्लेटफार्म से जुड़ने का आग्रह किया है। मोदी ने बुधवार को प्रगति मैदान में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के तहत प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना को लांच करते हुए कहा कि गति शक्ति योजना ऐसी समय पर शुरू की जा रही है जब देश भर में शक्ति स्वरूपिणी मां दुर्गा का पूजन हो रहा है। यह योजना आत्मनिर्भर भारत में अगले 25 साल के विकास की आधारशिला रख रही है। इससे देश के विकास के लिए विभागों और मंत्रालयों का सामूहिक रूप से शक्ति का प्रदर्शन होगा और देश विकास की नई ऊंचाई हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में के बीच आपसी खींचतान के कारण विकास परियोजनाएं बाधित हो रही थी और उनसे जो लाभ देश को मिलना चाहिए था वह परस्पर विवाद में फंसकर परियोजना की महत्ता को खत्म कर रहे थे। यह संकट खत्म हो और विभागों में तालमेल बने इसके लिए इस योजना को शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक जो रास्ते अपनाए जाते रहे है उनसे विकास प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी और विकास परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं होती थी, खर्च भी ज्यादा लग जाता था लेकिन अब गति शक्ति प्लेटफार्म से सभी विभागों की सूचनाएं एक जगह होगी जिससे योजना बनाने में किसी विभाग को दिक्कत नहीं आएगी। इससे काम को गति मिलेगी और जो बाधाएं पैदा की जा रही थी इस मास्टर प्लान के माध्यम से उनका आसानी से समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफार्म से गुणवत्तापूर्ण ढांचागत विकास देश की मजबूती का आधार बनेगा, इससे लोगों को रोजगार मिलेगा, लोगो के उत्पादों को बाजार मिलेगा और सरकार की काम करने के तरीके बदलाव आएंगे और जनता में सरकार के काम को प्रतिष्ठा मिलेगी। प्रख्यात रक्षा विश्लेषक कमांडर जी.जे. सिंह मास्टर मेरिनर ने बुधवार को कहा कि चीन भारत के खिलाफ जल्द से जल्द मोर्चा खोलने की गलती नहीं करेगा क्योंकि उन्हें डर है कि दक्षिण चीन सागर के आसपास के पश्चिमी और सीमांत देश वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपना ध्यान बंटाने के लिए उनके खिलाफ नौसैनिक हमला कर सकते हैं।

# इधर-उधर की बातों में वक्त जाया करने के बजाय 1 नवंबर से किसानों का दाना-दाना धान खरीदें सरकार : साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश सरकार और कांग्रेस नेताओं द्वारा अब उसना चावल को लेकर केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ किए जा रहे सियासी प्रलाप को कांग्रेस के दिमाग़ी दीवालिएपन का शर्मनाक प्रदर्शन बताया है। साय ने कहा कि इस ख़रीफ़ सत्र में जब केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोटे में 61.65 लाख मीटरिक टन चावल लेने पर सहमत हुई है तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत तमाम कांग्रेस नेता एक सुर में उसना चावल को लेकर रूदालियों की तरह प्रलाप करके केंद्र सरकार को किस बात के लिए कोस रहे हैं जबकि प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और मंत्री रवीन्द्र चौबे ने बहुत दंभ के साथ अपने संसाधनों और अपने दम पर धान ख़रीदने की बड़बोलापन दिखाया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने



प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए अपने घोर किसान-विरोधी चरित्र से बाज आने और इधर-उधर की बातों में वक़्त जाया करने के बजाय 01 नवंबर से प्रदेश के किसानों का दाना-दाना धान ख़रीदने के वादे पर अमल की दिशा में ईमानदारी से काम करने को कहा। हर बात पर विरोध ही करने और केंद्र सरकार के हर निर्णयों में मीन-मेख निकालकर 'शिकायती'-चरित्र दिखाते मुख्यमंत्री बघेल व कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम अब केंद्र सरकार द्वारा सेंट्रल पूल में लिए जाने वाले चावल के अनुपात में इस वर्ष 100 लाख मीटरिक टन धान ख़रीदने की तैयारी करे। साय ने कहा कि जब प्रदेश सरकार के प्रवक्ता मंत्री चौबे अपने दम पर धान ख़रीदने का दंभ दिखा रहे हैं और यही दंभ विधानसभा चुनाव के समय जनघोषणा पत्र जारी करते समय घोषणापत्र समिति के संयोजक के तौर पर टीएस सिंहदेव की बातों में झलका था तो अब यह प्रलाप किसलिए मचाया जा रहा है? साय ने कहा कि केंद्र के हर निर्णय का सस्ती राजनीति के लिए विरोध करने की नियति के लिए अभिशप्त होती जा रही प्रदेश सरकार और कांग्रेस केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ से प्रदेश को वंचित करके रखे हुए है वहीं भ्रष्टाचार करके केंद्र सरकार द्वारा ग़रीबों के लिए भेजे गए चावल में से 1500 करोड़ रुपए के चावल का घोटाला करके अपने राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है। साय ने कहा कि प्रदेश सरकार 01 नवंबर से धान ख़रीदी शुरू कर समय पर संग्रहण केंद्रों से धान के उठाव कर समय पर कस्टम मिलिंग का काम शुरू कराए और सेंट्रल पूल में समय पर चावल जमा करे और केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए समर्थन मूल्य का लाभ 2500 रुपए के अतिरिक्त दे।

### राष्ट्रपति कोविंद जवानों के साथ मनायेंगे दशहरा



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरूवार को दो दिन की यात्रा पर जम्मू कश्मीर और लद्दाख जायेंगे जहां वह जवानों के साथ दशहरा मनायेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कोविंद गुरूवार को लेह में सिंधु घाट पर सिंधु दर्शन पूजा करेंगे। शाम को वह उधमपुर में जवानों से मिलेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रास में स्थित करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे और वहां अधिकारियों तथा जवानों के साथ बातचीत भी करेंगे। राष्ट्रपति कोविन्द 14 और 15 अक्टूबर को लद्दाख और जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। इस दौरान 14 अक्टूबर को वह लेह के सिंधु घाट में सिंधु दर्शन पूजा करेंगे। इसी दिन शाम को वह उधमपुर में सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे। इसके बाद 15 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर वह द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देंगे।

# सीएम बघेल ने पाटन में 7.22 करोड़ की लागत से निर्मित विभिन्न भवनों का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन में 7 करोड़ 22 लाख रूपए से अधिक की लागत से नवनिर्मित विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया। इन नवनिर्मित भवनों में पाटन विश्राम भवन (सर्किट हाउस), नवीन जनपद पंचायत भवन, जनपद संसाधन केंद्र और अनुविभागीय कार्यालय भवन शामिल है। इन भवनों में सर्किट हाउस 3 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से बना है। वहीं एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन, एक करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से जनपद संसाधन केंद्र और लगभग 80 लाख रुपए की लागत से अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय भवन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने पाटन में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट आदि खेलों के लिए ओपन कोर्ट तथा मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने सर्किट हाऊस लोकार्पण के पश्चात् पूजा-अर्चना कर सर्किट हाऊस का अवलोकन किया। सर्किट हाउस प्रवेश करते ही हॉल में छत्तीसगढ़ का राज्य गीत अरपा पैरी के धार से अंकित आकर्षक शिलालेख देखकर उन्होंने खुशी जताई और उसकी प्रशंसा की। प्रदेश के राज्य गीत को देख मन में गौरव की भावना आती है। उन्होंने कहा कि सर्किट हाउस सुंदर कलाकृतियों से सजाया गया है, ऐसा हमारे परंपरागत घरों में होता रहा है। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में बैठक कक्ष का भी निरीक्षण किया। सर्किट हाउस में छोटी बैठकों के लिए यह बैठक कक्ष बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक कक्ष के नामकरण के लिए उपस्थित लोगों से सुझाव आमंत्रित किए। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि हॉल का नाम बैठका होना चाहिए तो किसी ने कहा कि हाल का नाम कुरिया होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉल का चाहे जो भी नाम रखें, नामकरण में हमारी मिट्टी की झलक नजर आनी चाहिए।

## हसदेव अरण्य को बचाने 10 दिन चलकर पदयात्रा पहुंची राजधानी

# पर्यावरणीय चिंताओं के परिदृश्य में कोयला खनन अत्यंत घातक : टीएस सिंहदेव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हसदेव बचाओ पदयात्रा 4 अक्टूबर से मदनपुर गांव से शुरू होकर बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंची है। जहां सभी आंदोलनकारियों से टिकरापारा स्थित ताराचंद सभागृह में पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव ने मिलने पहुंचे। इस दौरान पदयात्रियों को संबोधित करते हुए मंत्री सिंहदेव ने कहा कि हसदेव अरण्य को बचाने का आप लोगों का संघर्ष एक महत्त्वपूर्ण संघर्ष है। आज पर्यावरणीय चिंताओं के परिदृश्य में कोयला खनन अत्यंत घातक है और यह आवश्यकता है कि अक्षय ऊर्जा की ओर हम आगे बढ़े। उन्होंने हसदेव अरण्य के संबंध में स्पष्ट रूप से कहा कि यह माइनिंग के लिए नो-गो क्षेत्र घोषित किया गया था। अतः नो-गो की इस अवधारणा पर अमल होना चाहिये।

हसदेव अरण्य क्षेत्र को बचाने, ग्राम सभाओं के अधिकारों के हनन के खिलाफ



न्याय की गुहार लगाने 300 की.मी. 10-दिन पैदल चलकर हसदेव बचाओ पदयात्रा पहुंची रायपुर. पिछले एक दशक से लगातार हसदेव अरण्य को बचाने के लिए यहाँ पर निवासरत गोंड, उरांव, पंडो एवं कंवर आदिवासी समुदाय संघर्षरत है । कोयला खनन परियोजनाओं का हसदेव अरण्य क्षेत्र की 20 ग्राम सभाओं ने, पाँचवी अनुसूची, पेसा कानून 1996 तथा वनाधिकार मान्यता कानून 2006 से प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर लगातार विरोध किया। इस संबंध में तथा खनन परियोजनाओं के आवंटन एवं स्वीकृति प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों को उजागर करते हुए हजारों पत्र लिखे गए।

## राज्यपाल उइके से बस्तर के आदिवासियों ने मुलाकात की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके से बस्तर के आदिवासियों ने मुलाकात की। आदिवासियों का यह समूह बस्तर से पैदल चलते हुए आज राजभवन के दरवाजे पहुंचे और राज्यपाल से मिलने की इच्छा जताई। उन्होंने पूर्व में राजभवन से कोई समय नहीं लिया था, मगर राज्यपाल उइके को यह जानकारी मिली तो उन्होंने बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना अधिकारियों को उन्हें राजभवन के भीतर बुलाने का निर्देश दिया और उन्हें सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी व्यथा सुनी। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को बस्तर सहित अन्य नगर पंचायतों को फिर से ग्राम पंचायत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये नगर पंचायतें पूर्व में ग्राम पंचायत थी। नगर पंचायत बनने से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अतः उन्हें फिर से ग्राम पंचायत बनाया जाए। राज्यपाल ने कहा कि पांचवी अनुसूची के तहत ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत नहीं बनाया जाना चाहिए। जिन ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाया गया है, उनके सभी कानूनी पहलुओं पर अध्ययन किया जा रहा है और उस पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय आदिवासियों का मुख्य त्यौहार विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह बस्तर की सांस्कृतिक पहचान है। इस पर्व को सब मिलजुलकर मनाएं। इसमें मैं भी शामिल होने बस्तर आ रही हूं। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविन्द नेताम, पूर्व सांसद सोहन पोटाई, विधायक शिशुपाल शोरी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी उपस्थित थे।

# उपराष्ट्रपति के अरुणाचल दौरे पर चीन ने जताई आपत्ति, भारत ने दिया जवाब

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश दौरे से चीन को जबरदस्त मिर्ची लगी है। चीन ने उपराष्ट्रपति के इस दौरे को लेकर अपनी आपत्ति जाहिर की है। चीन की इस आपत्ति पर बुधवार को भारत ने भी करारा जवाब दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। भारतीय नेता नियमित रूप से राज्य की यात्रा करते हैं, जैसा कि वे भारत के किसी अन्य राज्य में करते हैं। दरअसल उपराष्टपति वेंकैया नायडू बीते 9 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर थे। इस यात्रा के दौरान उन्होंने राज्य विधानसभा के स्पेशल सत्र को संबोधित भी किया था। विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उपराष्टपति ने अरुणाचल प्रदेश की विरासत पर विस्तार से चर्चा की थी और कहा था कि यहां अब हाल के वर्षों में परिवर्तन की दिशा और विकास की गति में तेजी के रूप में नया परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उपराष्ट्रपति के दौरे से चीन बुरी तरह बिफर उठा है।



## क्विक न्यूज

### डेढ़ लाख के माल समेत 2 चोर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने चोरी के दो मामलों को सुलझाते हुए चोरों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति भी बरामद कर ली है। आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवर, नगद रकम और मोटरसाइकिल जप्त की गई है।

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में हुई दो चोरी के मामलों में पतासाजी के दौरान मुखबिर से मिली अहम जानकारी और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर संदिग्धों को पकड़ा गया। सीसीटीवी में पुलिस को नजर आया कि घटनास्थल के आसपास रेकी करते हुए दो लोग घूम रहे थे । पता करने पर इन दोनों संदेहियो के घुरु सकरी के आसपास रहने की जानकारी मिली। आखिरकार घुरु में रहने वाले 38 वर्षीय शेखर सिंह और यशपाल सिंह पुलिस के हत्थे च? गए। पहले तो इन दोनों ने चोरी करने के आरोप से साफ मना कर दिया और पुलिस को गुमराह करते रहे लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो फिर दोनों ने बताया कि सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में हुई दोनों चोरियों में इन लोगों ने 1 नग सोने की चेन 2 नग सोने की अंगूठी 1 जोड़ी सोने का टॉप्स 2 जोड़ी सोने का लटकन 1 जोड़ी चांदी का पायल एक जोड़ी कान की बाली नगद 7810 रुपए चोरी की थी।

### कानन पेंडारी के उम्रदराज बिल्ली की मौत

**बिलासपुर।** कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन में रहने वाले वन्यजीवों की मौत का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है ।सोमवार को कानन पेंडारी मैं नर बिल्ली की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि उस नर जंगली बिल्ली की उम्र 14 से 15 वर्ष थी। नियमानुसार अधीक्षक एवं परीक्षेत्र अधिकारी कानन पेंडारी जू की मौजूदगी में पशु चिकित्सक डॉ अजीत पांडे और क्रोकोडाइल पार्क कोटमी सोनार की डॉक्टर तृप्ति सोनी ने नर बिल्ली का पोस्टमार्टम कर विसरा संग्रहण किया।

### दशहरा पर्व में रावण पुतला दहन के लिए जिला प्रशासन द्वारा गाईडलाइन जारी

# रावण दहन पर प्रशासन ने लगाया ग्रहण

- ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित
- सांस्कृतिक कार्यक्रम भंडारा नहीं किए जा सकेंगे

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा दशहरा पर्व में रावण पुतला दहन करने वाले आयोजकों की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार रावण पुतला दहन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार पुतला दहन खुले स्थान पर किया जाए। कार्यक्रम में समिति के मुख्य पदाधिकारी सहित स्थल की क्षमता का 50 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं होंगे। पुतला दहन के दौरान आयोजक एक रजिस्टर संधारित करेंगे एवं पुतला दहन कार्यक्रम में आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जाएगा ताकि उनमें से कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। प्रत्येक समिति आयोजक समय पूर्व सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से यह जानकारी देंगे की कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम सीमित रूप से किया जाएगा। समिति द्वारा सैनेटाईजर, थर्मल स्कीनिंग, ऑक्सीमीटर एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाए जाने पर अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाए जाने पर कार्यक्रम में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी आयोजक की होगी। आयोजन के दौरान अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था करना अनिवार्य है। कंटेनमेंट जोन में पुतला दहन की अनुमति नही होगी। यदि पुतला दहन कार्यक्रम के अनुमति के पश्चात् उपरोक्त क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित होता है तो तत्काल कार्यक्रम निरस्त माना जाएगा एवं कंटेनमेंट जोन के समस्त निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। आयोजन के पूर्व स्थानीय थाना प्रभारी संबंधित जोन कार्यालयों को सूचित करना अनिवार्य होगा। आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन न किया जाए। आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अवयवस्था न हो।

पर्याप्त वालेंटियर रखा जाए एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यह आदेश राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अधीन होगा। उपरोक्त शर्तों का उल्लंघन करने की दशा में इसकी समस्त जवाबदारी आयोजक की होगी तथा नियमानुसार दशात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी शर्तों के अतिरिक्त भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रशासन तथा जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा समय समय पर जारी निर्देश एवं आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा आदेश में निहित शर्तों का उल्लंघन करने पर एपिडेमिक डिसीज एक्ट एवं विधि अनुकूल अन्य धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

#### अतिरिक्त साज सज्जा, झांकी की अनुमति नहीं

पुतला दहन में कही भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा, पंडाल लगाने की अनुमति नहीं होगी। आयोजन में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना एवं सैनेटाईजर का उपयोग करना अनिवार्य होगा। रावण दहन स्थल से 100 मीटर के दायरे में आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग कराया जाए। किसी भी प्रकार की ध्वनि विस्तारक यंत्र, डीजे, धुमाल, बैंड पार्टी बजाये जाने की अनुमति नहीं होगी। रावण पुतला दहन में किसी भी प्रकार के अतिरिक्त साज सज्जा, झांकी की अनुमति नहीं होगी।

#### नियमों का उल्लंघन करने पर समिति आयोजक जिम्मेदार

आयोजन के दौरान यातायात नियमों का पालन किया जाए। किसी प्रकार से यातायात बाधित न हो, यह भी सुनिश्चित करना होगा। पार्किंग की व्यवस्था स्वयं के द्वारा की जाएगी। आयोजन के दौरान नेशनल ग्रीन्स ट्रिब्यूनल एवं शासन के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों, कोलाहल अधिनियम, भारत सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर समिति आयोजक जिम्मेदार होंगे।

### कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी बिलासपुर पहुंचे कहा-

# बिजली उत्पादन के लिए कोयले की कोई कमी नहीं



**बिलासपुर।** देश में पिछले कुछ दिनों से बिजली संकट को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही है जिसे सिरे से नकारते हुए राष्ट्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी आज मेगा खदानों के निरिक्षण और एसईसीएल में बैठक के लिए बिलासपुर पहुंचे।

बिलासपुर पहुंचने के बाद कोयला मंत्री एसईसीएल के अंतर्गत आने वाले कोल माइंस का निरीक्षण करेंगे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया कि देश में बिजली उत्पादन के लिए जितनी कोयले की जरूरत है हम उतनी पूर्ति लगातार कर रहे हैं इसके अलावा कोयले का स्टॉक भी बढ़ता जा रहा है। आज के लिए बिजली आपूर्ति के परिपेक्ष में 1.1 मिलियन टन कोयले की आवश्यकता थी लेकिन 2 मिलियन टन का कोयला उत्पादन किया गया यह दर्शाता है कि देश में बिजली संकट की कोई स्थिति पैदा नहीं हो रही है बल्कि उत्पादन जरूरत के हिसाब से स्टॉक के लिए भी कोयला उत्पादित किया जा रहा। उत्पादन में तेजी लाने के लिए कोयला मंत्री आज कोल माइंस के साथ- साथ एसईसीएल का भी निरीक्षण करेंगे और उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर कोयले के अधिक उत्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। कोयला मंत्रीने कहा कि बिजली पावर मंत्रालय से हमें 20 तारीख के बाद 1.9 मिलियन टन का टारगेट दिया गया था जिसके एवज में अभी तक कोयले का 2 मिलियन टन का उत्पादन किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रतनपुर में मां महामाया देवी की पूजा अर्चना की



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज नवरात्रि पर्व के अष्टमी को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रतनपुर पहुंचे। उन्होंने मां महामाया मंदिर में जाकर देवी माता की पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश को सुख शांति से परिपूर्ण और धन्य-धान से भरपूर बनाने के लिए माता रानी से प्रार्थना की। उन्होंने नागरिकों को नवरात्रि पर्व की बधाई भी दी।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक रश्मि सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चैहान, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन विकास मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह ठाकुर, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, एसपी दीपक कुमार झा, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पैगंबर साहब के जन्म दिन पर जुलूस निकालने की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एक तरफ भाजपा के अनुषांगिक संगठनों द्वारा कवर्धा में एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया जा रहा टू दूसरी ओर भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी पैगंबर साहब के जन्म दिन पर 18 अक्टूबर को मुस्लिमो को जुलूस निकालने की अनुमति देने की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच गए और धरने पर बैठ गए मगर प्रशासन ने कोविड़ नियमो का हवाला दे जुलूस की अनुमति नहीं देने के साथ ही उनके आवेदन पर

लिख दिया कि आवेदन निरस्त किया जाता है । भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्याक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद मकबूल अली के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने 19 अक्टूबर को पैगंबरे इस्लाम के जन्मदिवस पर मुस्लिम समुदाय को जुलूस निकालने की अनुमति हेतु आज कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर से लिखित अनुमति की मांग करने पहुंचे थे लेकिन कलेक्टर कार्यालय में कोई भी अधिकारी जुलूस हेतु अनुमति पत्र लेने से मना करते हुए कहा कि कलेक्टर का स्पष्ट आदेश है किसी भी प्रकार के आयोजन जुलूस आदि की अनुमति ना दी जाए। इस पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने प्रशासन के इस रवैये से नाराज होकर कलेक्टर कार्यालय के सामने परिसर पर धरने पर बैठ गए इस बीच पुलिस विभाग के आला अधिकारी पहुंच कर धरने पर बैठे मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से उठने हेतु आग्रह करने लगे लेकिन मोर्चा के जिलाध्यक्ष सैयद मकबूल अली ने कहा कि देश में लोकतंत्र एवं संविधान हम सबको अधिकार देता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी बातों एवं मांगो को शासन एवं प्रशासन के समक्ष रख सकता है । धरने पर बैठे मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के धरने पर बैठने की जानकारी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को दी।

## आगामी पर्वों तथा शांति व्यवस्था के लिए लगाई गई कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नवरात्रि, दशहरा (रावण दहन), दुर्गा प्रतिमा विसर्जन एवं ईद-ए-मिलाद पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार मोर की ड्यूटी थाना क्षेत्र सिटी कोतवाली, रावण दहन स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान एवं विसर्जन स्थल पचरी घाट एवं जूना बिलासपुर, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्री राजकुमार साहू की ड्यूटी सिविल लाईन एवं रावण दहन स्थल पुलिस ग्राउंड, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्रीमती ऋचा सिंह की ड्यूटी थाना क्षेत्र तोरवा एवं रावण दहन स्थल रेलवे फुटबाल ग्राउंड, नजूल तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्री मनोज खांडे की ड्यूटी थाना क्षेत्र सरकंडा रावण दहन स्थल नूतन चैक सरकंडा एवं विसर्जन स्थल सरकंडा पूल के पास तथा छठ घाट में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी सकरी सुश्री नीलिमा अग्रवाल की ड्यूटी थाना क्षेत्र तारबहार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्रीमती प्रकृति ध्रुव की ड्यूटी थाना क्षेत्र कोनी, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी सकरी श्री गुरूदत्त पंचभोई की ड्यूटी थाना क्षेत्र सकरी, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी बिल्हा श्री सूर्यप्रकाश केशकर की ड्यूटी थाना क्षेत्र सिरगिट्टी में लगाई गई है।

### उपलब्धियों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां दी गई

# दपूमरे के महाप्रबंधक ने स्टेशन का निरीक्षण तथा मंडल रेल प्रबंधक एवं शाखाधिकारियों ली बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के अपर महाप्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने आज बिलासपुर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक आलोक सहाय, अपर मंड़ल रेल प्रबंधक वेदिश धुवारे एवं शाखाधिकारियों के साथ बैठक की।

बिलासपुर स्टेशन में निरीक्षण के दौरान उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक आलोक सहाय, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक(समन्वय) पुलकित सिंघल, वरि.मंडल विद्युत अभियंता (रोलिंग स्टाक/सामान्य) अनिरंजन प्रसाद, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुस्कर विपुल विलासराव सहित मंडल के सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। स्टेशन में निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिलासपुर स्टेशन में रिडेवलपमेंट के तहत हो रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। गेट नं 01 के पास बन रहे फुटओवर ब्रिज एवं एस्केलेटर के प्रगति का अवलोकन किया। प्लेटफार्म परिसर का निरीक्षण करते हुए यात्री प्रतिक्षालय जाकर वहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

इसके अलावा यात्रियों की थकान दूर करने तथा उन्हें आराम हेतु उपलब्ध फिश पेडीक्योर एवं फेस ट्रीटमेंट की सुविधा का जायजा लिया तथा इसकी प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने लाबी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कर्मचारी सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाडियों तथा स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाये रखने वाले स्वच्छता प्रहरियों से वार्तालाप कर उनका हौसला बढाया तथा उनका मार्गदर्शन भी किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। स्टेशन के निरीक्षण के पश्चात उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक आलोक सहाय, अपर मंड़ल रेल प्रबंधक वेदिश धुवारे एवं शाखाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

# कोयला मंत्री को नहीं मिल पाया हेलीकॉप्टर

**बिलासपुर।** कोयला संकट के बीच छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को हेलीकाप्टर नहीं मिल पाया। दिल्ली से स्पेशल विमान से बिलासपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री को कोरबा जाना था, जहां उन्हें खदानों का निरीक्षण करना था, लेकिन हेलीकाप्टर की जगह अब वे सड़क मार्ग से कोरबा जा रहे है।

हालांकि पहले जो मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया था, उसके मुताबिक वह हेलीकाप्टर या सड़क मार्ग में से किसी भी जरिए से कोरबा पहुंच सकते थे। लेकिन शेड्यूल के मुताबिक बिलासपुर पहुंचने के करीब आधे घंटे बाद कोरबा में उनका कार्यक्रम था। लिहाजा यह तभी संभव था, जब वो हेलीकाप्टर से कोरबा आते। हेलिकॉप्टर की उपलब्धता नहीं होने की वजह से अब वह सड़क मार्ग से कोरबा निकले हैं। तय कार्यक्रम में अब करीब दो घंटे का विलंब होगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक गेवरा बीखदान सहित कुसमुंडा और दीपका परियोजना का जायजा लेते हुए कोयला उत्पादन की जानकारी लेने प्रोटोकाल जारी किया गया था।

दोपहर में एसईसीएल के अधिकारियों से बैठक कर कोयला उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा करनी थी। दोपहर ढाई बजे कोयला मंत्री जोशी गेवरा से वापस बिलासपुर और फिर विशेष विमान से बिलासपुर से रांची के लिए रवाना होने वाले थे। लेकिन जिस तरह से शेड्यूल बदला है, उसके बाद माना यही जा रहा है कि कार्यक्रम में अब बदलाव हो सकता है।

## बिजनेस

# ब्लेंडस प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने एफडीसीआई के सहयोग से की विजेताओं के नाम की घोषणा

**रायपुर।** ब्लेंडस 'प्राइड फैशन टूर द शोकेस को एफ्डीसीआई के सहयोग से 6 अगस्त को लॉन्च किया गया था इसकी शुरुआत फैशन डिजाइनर्स, शटरबग, मॉडल और कंटेंट क्रिएटस 'की नई पीढ़ी की तलाश करने और उनके करियर को शानदार शुरुआत देने के उद्देश्य से की गई थी देश भर से मिले शानदार रिस्पॉन्स और एक दमदार टीम चैलेंज के बाद ब्लेंडस 'प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने दूसरे एडिशन के विजेताओं की घोषणा की गई है जिस टीम ने ज्यूरी का सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया उसमें पांडिचेरी के सस्टेनेबल फैशन डिजाइनर नौशाद अली नई दिल्ली की उभरते हुए मॉडल इशप्रीत कौर नई दिल्ली के फैशन शटरबग तनय बब्बर और मुंबई के कॉर्पोरेट पेशेवर और फैशन एवं लाइफ्स्टाइल कंटेंट क्रिएटर उरबासी चैधरी शामिल हैं दूसरे एडिशन की समाप्ति के साथ, द शोकेस ने देश भर में युवा और उभरती प्रतिभाओं को एक शानदार प्लेटफॉम 'प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। ब्लेंडस 'प्राइड फैशन टूर द शोकेस के दूसरे एडिशन की सफलता पर टिप्पणी करते हुए ईशविंदर सिंह जनरल मैनेजर मार्केटिंग पर्नोड रिकाड 'इंडिया ने कहा ब्लेंडस 'प्राइड फैशन टूर द शोकेस के साथ, हमने भविष्य के लिए फैशन ईकोसिस्टम की नींव तैयार की है। हम देश में उभरती फैशन प्रतिभाओं को उनके कैरियर की जबदर्स्त शुरुआत करने के लिए यह अनूठा प्लेटफॉम 'पेश करते हुए बेहद खुश हैं। हमें देश भर से एक हजार से अधिक प्रविष्टियों के साथ शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त हुए। ऐसी अविश्वसनीय प्रतिभा को सामने देखना वाकई प्रेरणादायक है। हम मानते हैं कि रियल प्राइड ऐसा विकल्प चुनने में है जो किसी की पहचान को प्रदर्शित करता है। इन महत्वाकांक्षी युवा प्रतिभाओं ने अपने रचनात्मक जुनून को प्रदर्शित करने के लिए यह विकल्प पेश किया है जो वास्तव में उन्हें परिभाषित करता है।

## बॉलीवुड

# द बिग पिक्चर' के लॉन्च इवेंट में करिश्माई रणवीर सिंह के 5 सबसे खास पलों के बारे में जानिये

**रायपुर।** कलर्स के 'द बिग पिक्चर' का लॉन्च किसी उत्सव से कम नहीं था। होस्ट और सुपरस्टार रणवीर सिंह ने हाल ही में जोश से भरे इस इवेंट की अपने सबसे बेहतरीन तरीके से एंकरिंग की थी और सभी को इसकी झलक दी कि शो में क्या होने वाला है। एक भव्य शो का आगाज करते हुए रणवीर ने अपने धमाकेदार अंदाज में फॉर्मेट का ट्रेलर पेश किया और हर किसी ने उनका उत्साह बढ़ाया। यह दिन कई यादगार पलों का गवाह बना, जिन्होंने सभी की धड़कनें बढ़ा दी थीं! हम धूमधाम से भरे इस इवेंट से रणवीर सिंह के 5 सबसे खास पल चुराकर लाए हैं।

**जब उन्होंने बताया कि दीपिका के साथ लॉन्ग वॉक्स पर जाते हुए उन्हें हंसी आती है!**- 'बिग पिक्चर' क्विज की मेजबानी करते हुए रणवीर के सामने 'बिग स्क्रीन' पर एक छोटे-से पपी की तस्वीर दिखाई दी। और रणवीर ने ऐसी उपमा दी की सभी हंसने लगे! उन्होंने कहा कि वे जब भी अपनी खूबसूरत बीवी के साथ वॉक पर जाते हैं, तब उन्हें बिलकुल उस छोटे पपी जैसा एहसास होता है!



**जब रणवीर ने अपनी जिन्दगी के 'बिग पिक्चर' के बारे में बताया!**- जब रणवीर से पूछा गया कि भविष्य के लिये उनकी योजनाएं क्या हैं और जिन्दगी में अपने 'बिग पिक्चर' को वे कैसे समझाएंगे, तब एक खूबसूरत सा जवाब देते हुए रणवीर ने कहा कि दीपिका के साथ एक खुशहाल और स्वस्थ परिवार बनाना उनकी जिन्दगी का 'बिग पिक्चर' है! उन्होंने अपनी जिन्दगी के आखिरी दिन तक हर किसी का मनोरंजन करते रहने की अपनी इच्छा भी जाहिर की।

**जब रणवीर ने खुलासा किया कि वे सलमान खान से सीखते हैं!**- इवेंट के आगे बढ़ने के साथ, रणवीर ने बताया कि उन्हें 'बिग बॉस' के सेट पर सलमान खान से होस्टिंग के टिप्स कैसे मिले। उन्होंने कहा, ÷भाई ने आशीर्वाद दिया है!'' रणवीर ने 'द बिग पिक्चर' के बड़ा हिट होने की कामना भी की, ताकि वे पनवेल में सलमान की तरह एक फार्महाउस खरीद सकें!

**जब रणवीर को एक फैन ने प्रपोज किया!**- रणवीर सिंह की आकर्षक शख्सियत के सामने कौन टिक सकता है इवेंट में मौजूद एक फैन तो बिलकुल नहीं, जिसने अपने घुटनों पर बैठकर उन्हें प्रपोज कर दिया, यह जानने के बावजूद कि रणवीर और दीपिका की शादी हो चुकी है। रणवीर पहले तो चौंक गये और फिर चतुराई से जवाब दिया, ÷आप 3 साल लेट हो चुकी हो!'' फिर एक सच्चे जेंटलमैन की तरह, उसे खड़ा करते हुए रणवीर ने मजाक में जो कहा, उसे सुनकर सभी हंसने लगे। उन्होंने कहा, ÷अभी मुझे घर भी जाना है!'', यह उनकी बीवी दीपिका की ओर इशारा था, जो घर पर उनका इंतजार कर रही थीं!

### रणवीर सिंह ने बताया कि कई टीवी ऑफर्स में से उन्होंने 'द बिग पिक्चर' को ही क्यों चुना

बॉलीवुड के सुपरस्टार रणवीर सिंह द्वारा होस्ट किये जाने वाले अपकमिंग क्विज शो 'द बिग पिक्चर' को लेकर रोमांच बढ़ता जा रहा है। इस टीवी शो के साथ रणवीर ने टेलीविजन पर अपना सफर शुरू करने की तैयारी की ली है। वे हाल ही में इस शो के भव्य अनावरण को भी होस्ट करते नजर आये। इस इवेंट के दौरान रणवीर ने कई हैरतअंगेज खुलासे किये, जिसने इस आगामी कार्य म को लेकर दर्शकों को और भी ज्यादा उत्साहित कर दिया है। हालांकि, सबसे ज्यादा रोमांचक पल वह था, जब रणवीर ने माना कि उन्हें इससे पहले भी कई क्विज शोज के ऑफर मिलते रहे हैं। दस सालों की कड़ी मेहनत और एक-से-बढ़कर-एक बेमिसाल ऐक्टिंग परफॉर्मेंसेज के बाद, इतना तो तय है कि रणवीर सिंह काफी डिमांड में हैं। इस इवेंट में रणवीर ने न सिर्फ पहले मिले टीवी ऑफर्स के बारे में बताया, बल्कि इस बात का भी खुलासा किया कि आखिरकार वह 'द बिग पिक्चर' को ही करने के लिये राजी क्यों हुये। उन्होंने कहा, ''पिछले छह सालों से मुझे कई क्विज फॉर्मेट्स के ऑफर्स मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से कोई भी मुझे दिलचस्प नहीं लगा। 'द बिग पिक्चर' के बारे में कोई भी अंदाजा नहीं लगा सकता है और इसकी यह खासियत वाकई में रोमांचक है।

## क्विक न्यूज

### भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने किया गायत्री मंदिर में स्वच्छता एवं सेवा का कार्य



**सक्ति।** भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला संघ सक्ती के द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर 12 अक्टूबर को श्रीगायत्री मंदिर सकती में स्वच्छता सेवा कार्य मे योगदान दिया गया, उक्त सेवा कार्य में विभिन्न विद्यालय के स्काउट/गाइड/ रोवर/ रेंजर द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया । छत्तीसग? राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार व जिला कमिश्नर मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ति के मार्गदर्शन में अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के प्रति सचेत रहने व महामारी के दौरान स्वच्छता में ही सेहत का संदेश देते इस सेवा कार्य का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट डीओसी राजकुमार पटेल( शा हाईस्कूल कसेरपारा ) ,जिला संगठन आयुक्त गाइड कमला दपी गवेल( शा हाईस्कूल परसदा खुर्द) के नेतृत्व में गाइडर दिव्या शुक्ला लक्ष्मी महंत,रोवर सूरज सोनी,समीर सिंह राज ,संजय राठौर ,रेंजर आशा राव ,आरती सतनामी, पायल मैत्री तथा गाइड रिंकी खर्रा ने सेवा कार्य मे सहयोग प्रदान किया।

### केदारनाथ, युवा धोबी समाज के प्रदेश महासचिव नियुक्त



**जांजगीर चांपा।** पचोरी निवासी केदारनाथ बरेठ को छत्तीसगढ़ युवा धोबी समाज का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है इन्हें जाँजगीर चाम्पा जिला एवं नवगठित सारंगढ़ जिला का संगठन प्रभारी भी नियुक्त किया गया है इन्हें इन दोनों जिलों में समाज के संगठन का अधिकार भी दिया गया है साथ ही सामाजिक न्याय में दोहरा मापदंड अपना कर खाप पंचायत चलाने वालों के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही करने के लिए भी कहा गया है। उक्त नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देश एवं जिला अध्यक्ष संजीव कन्नौजे युवा जिला अध्यक्ष ललित बरेठ के अनुशंसा पर युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने की है।

# रोटरी डांडिया नाइट 2021 में ऑर्केस्ट्रा की धुन पर जमकर थिरके लोग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



आदि शक्ति मां भवानी की आराधना शुरु हो गई है। वहीं सर्वत्र नवरात्र की धूम मच गई है। और इसने पूरे शहर को अपने रंग में रंग लिया है। हिन्दू धर्म में नवरात्रि का खास महत्व माना जाता है। रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर ने रविवार शाम भव्य रोटरी डांडिया नाईट 2021 का आयोजन किया था। जिसमें शहर भर के लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस डांडिया नाइट्स में लाइव आर्केस्ट्रा का आयोजन इवनिंग मेलोडी ग्रुप द्वारा किया गया था जिसका लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। होटल आशीर्वाद में रोटरी परिवार के लिए इसका आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत संतोष बंसल के द्वारा मां दुर्गा की आरती करके की गई। आर्केस्ट्रा की धुन पर सभी के पैर थिरके। इसके साथ ही अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं भी रखी गई थी। जिसमें उपस्थित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के सभी सदस्यों में गरबा रास के लिए काफी उत्साह देखा गया। कोविड-19 के कारण गत 2 साल से किसी भी प्रकार का सार्वजनिक आयोजन नहीं किया जा रहा था। इस कारण भी लोगों में डांडिया के लिए बहुत जोश देखा गया । गरबा नाईट मे रोहन मोटवानी डांडिया किंग रहे वहीं अनंता पाण्डे और अंजनेय पाण्डे को बेस्ट पेयर के लिए विजेता बनाया गया। रिया अग्रवाल को सुंदर ड्रेसअप के लिए पुरस्कार दिया गया। और सुरभि तेजवानी को डांडिया नृत्य में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने पर डांडिया क्वीन के खिताब से नवाजा गया। इसमें दिव्य शक्ति गर्ल्स ग्रुप एवम निशा ग्रुप को भव्य डांस के लिए पुरस्कृत किया गया। इस भव्य आयोजन के कार्यक्रम संयोजक विनोद अग्रवाल आशीर्वाद एवं कल्पेश पटेल थे। जिनका शुरू से अंत तक सहयोग बना रहा। इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के अध्यक्ष अजय बेरीवाल सचिव उमेश थवाईत कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल पुरुषोत्तम अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल सुबोध खीरवाल अशोक अग्रवाल नरेश अग्रवाल राजेश अग्रवाल सूरज अग्रवाल रोशन अग्रवाल विमल मित्तल नीरज गुप्ता अजय केडिया विजय अग्रवाल मनीष जायसवाल तरुण अग्रवाल संजीवनी विकास अग्रवाल पुष्पक दीपक डोरा जयंत श्रीवास्तव विनोद अग्रवाल विश्वनाथ जायसवाल भरत दुबे पवन मित्तल एवम अन्य सदस्य सपरिवार उपस्थित थे।

# अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले की शक्ति पुलिस ने अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले दो आदतन आरोपी रंजीत कुमार राठौर पिता साहस राम राठौर उम्र 34 वर्ष साकिन सारागांव थाना सारागांव एवं रविंद्र राठौर उर्फ रवि पिता शिवनारायण राठौर उम्र 34 वर्ष साकिन सारागांव थाना सारागांव को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से अपरहित व्यक्ति को सकुशल बरामद किया है,तथा इस संबंध में शक्ति पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी दीनदयाल कंवर पिता स्व. बूंदराम कंवर उम्र 22 वर्ष मसनिया कला थाना शक्ति द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर को पुलिस थाना शक्ति में एक आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि दिनांक 11 अक्टूबर को दोपहर करीब 4.45 बजे उनके मोबाइल नंबर 7746031015 में 9131158380 से एक व्यक्ति का फोन आया और उसने अपना नाम रंजीत कुमार राठौर ग्राम-सारागांव का निवासी होना बताते हुए फोन में बोला कि तुम्हारा दोस्त गोपाल प्रसाद साहू को ग्राम मसनिया कला से अपराहन कर अपने पास लेकर आ गए हैं,एवं यदि तुम अपने दोस्त को तथा उसकी जान बचाना चाहते हो तो तत्काल 50000/- लेकर सारागांव आ जाओ और इस बात की जानकारी किसी को नहीं देना एवं यदि घटना को किसी को बताओगे,और पैसा नहीं लाओगे तो तुम्हारे दोस्त गोपाल प्रसाद साहू को जान से मार देंगे कहकर धमकी देने लगा,प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल अपराध क्रमांक 332/ 2021 एवं धारा 364 ए 506 कायम कर मामला विवेचना में लेते हुए घटना के बारे में श्रीमान पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा एवं अनुविभागीय अधिकारी सकती मोहम्मद तसलीम आरिफ तथा निरीक्षक रूपक शर्मा के द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित करने पर मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक नवीन पटेल के द्वारा हमराह स्टाफ टीम गठित कर प्रार्थी के द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई,जहां आरोपी रंजीत राठौर एवं रविंद्र राठौर उर्फ रवि राठौर के द्वारा अपराहन किए गए गोपाल साहू को रंजीत राठौर अपने घर के अंदर कमरे में रख उसे छोड़ने के लिए पैसे की मांग कर रहा था,एवं नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी- डंडे से मारपीट कर रहा था तथा अपरहित व्यक्ति गोपाल साहू को आरोपी रंजीत राठौर के घर के कमरे से गवाहों के समक्ष आरोपियों से मुक्त करा कर लाया गया है,प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 342, 323, 34 जोड़ी गई है।

## मिस टीन इंडिया कॉन्टेस्ट के फाइनल में पहुंची मुस्कान अग्रवाल, दिल्ली में 29 को आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति नगर के युवा व्यवसायी, मारवाड़ी युवा मंच सक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साई कंप्यूटर एवम पायल अग्रवाल की रायगढ़ शहर में कक्षा-दसवीं में अध्ययनरत सुपुत्री मुस्कान अग्रवाल ने मिस टीन इंडिया कॉन्टेस्ट के फाइनल में जगह बना कर सफलता अर्जित की है,ज्ञात हो कि 13 से 19 वर्ष के वर्ग का एडिशन मिस इंडिया की तर्ज पर पूरे भारत के 20 शहरों में इसके लिए ऑडिशन सम्पन्न हुए थे। कोलकाता के ऑडिशन में मुस्कान का चयन हुआ था,उसके बाद सेमीफाइनल दिल्ली में और अब फाइनल तक के मुकाम में पहुंचकर 29 अक्टूबर को दिल्ली में फाइनल में हिस्सा लेंगी,उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ से एकमात्र मुस्कान का ही चयन हुआ है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली की संस्था के द्वारा किया जा रहा है। सक्ती नगर से चयनित बेटी के चयन पर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महापर्व पर शहर में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा

■ **भव्य पंडालों में सजी माता की मूर्तियां**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना के कारण एक साल के अंतराल के बाद अंततः इस साल नगर मे इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। शहर के चौक चौराहों पर जगह -जगह में मां दुर्गा विराजमान है। नगर के समस्त दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा कलश यात्रा के साथ विराज गई है। वहीं मंदिरों में भक्तजन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

शहर में बनाए गए विभिन्न पंडालों में सुबह व शाम शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ भक्तगण मां दुर्गा की आराधना में डूब गए है। नवरात्रि के प्रथम दिवस देवी मंदिरों में कलश स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ हो गई है। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना को लेकर बुढी माई मंदिर, बंजारी मंदिर, अनाथलय स्थित दुर्गा मंदिर, सेठी नगर स्थित दुर्गा मंदिर के साथ-साथ चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि प्रारंभ होते ही हजारों की संख्या में भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाता है।

वहीं आज सप्तमी के दिन से रायगढ़ शहर के अलग-अलग मोहल्लों में आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा विराजमान हो गई है। इसके अलावा विद्युत झालरों की रोशनी से पूरा शहर जगमगा उठा है। शहर की सजावट देखते ही बन रही है। ऐसा लग रहा है मानो भगवती मां दुर्गा के आगमन के लिए पूरा शहर ही सज गया है। इन भव्य पंडालों में भी लोग नयना भिराम दृश्य को देखने के लिए उमड़ रहे हैं। लोचन नगर दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा का विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। शहर के चक्रधर नगर स्थित लोचन नगर के दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है तथा सुबह-शाम आरती के साथ विशेष पूजा अर्चना किया जाता है।

## राइस मिलर्स ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जिला विपणन संघ कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के समस्त राइस मिलर्स द्वारा 12 अक्टूबर को जिला विपणन संघ कार्यालय जांजगीर चांपा के सामने प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के आव्हान पर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, तथा इस प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले भर के राइस मिलर शामिल हुए, वहीं राइस मिलरो ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनिश्चित कालीन शांतिपूर्ण धरना- प्रदर्शन किया गया, राइस मिलरो से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वर्ष 2020-21 में मार्कफेड के द्वारा धान के रखरखाव में भारी लापरवाही बरती गई है, जिसकी वजह से बचत सम्पूर्ण धान वर्षा से भीगकर खराब/अमानक हो चुका है, जिसका मानक अनुसार चांवल बनाकर डिलीवरी करवाना असंभव हैं,तथा धरना- प्रदर्शन में पहुंचे राइस मिल सदस्यों ने बताया कि सड़े धान का चावल बनाने के लिए मिलर्स को मजबूर किया जा रहा है,और बिना आवेदन किये जबरन (आटो) रिकवेस्ट धान का डीओ जारी कर मिलर्स को प्रताड़ित किया जा रहा हैं,इसी दबावपूर्ण नीति का राइस मिलर्स विरोध कर रहे है और निम्न मांगे विपणन अधिकारिक माध्यम से कर रहे है,राइस मिलों द्वारा धरना- प्रदर्शन के माध्यम से की जा रही मांग-जबरन (आटो रिकवेस्ट) के माध्यम से काटे गये समस्त डीओ को निरस्त करे, धान जो खराब हो चुका है, उसे अमानक घोषित कर उसकी जवाबदेही तय कर दोषियों पर कार्यवाही की जाये, वर्षो से लंबित भुगतान मिलर्स को शीघ्र किया जाये।

# कनौजिया श्रीवास समाज साहित्यिक मंच का कवि सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कनौजिया श्रीवास समाज साहित्यिक मंच छत्तीसगढ़ के तत्वधान में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम रामरतन श्रीवास की अध्यक्षता में की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में माँ वीणापाणी को नमन करते हुए मेनका श्रीवास ने बहुत ही सुरीली आवाज में वंदना की । इस कार्यक्रम के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं कोरबा क्षेत्र के जाने-माने साहित्यकार, लेखक एवं कवि डॉक्टर माणिक विश्वकर्मा नवरंग , विशिष्ट अतिथि जनाब युसूफ दानियाल पुरी, पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल,अंजना ठाकुर, गीता विश्वकर्मा नेह, गायत्री शर्मा प्रीत जेपी श्रीवास्तव की गरिमामई उपस्थिति रही। इस साहित्यिक मंच के संस्थापक एवं संयोजक इंजीनियर रमाकांत श्रीवास ने अपने उद्बोधन में कहा की साहित्य और समाज को बढ़ाने के लिए इस मंच का निर्माण किया गया है जो एक नई दिशा एवं आयाम स्थापित करेगा। कोरबा में स्थित श्रीवास समाज अंजनी कुंज के अध्यक्ष मोहन लाल श्रीवास ने कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है, निश्चित ही यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है ।हमने जो सपने अस्सी के दशक में देखे थे वह आज पूरे होते हुए नजर आ रहा है। मुख्य अतिथि डॉक्टर माणिक विश्वकर्मा नवरंग ने कहा यह समाज का पहला कवि सम्मेलन साहित्य और समाज के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए निश्चित ही सफलता प्राप्त करेगा। मैं इस समाज को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ। विशिष्ट अतिथि जनाब युसूफ दानियाल पुरी ने अपने साहित्यिक अंदाज में कहा इस समाज के प्रबुद्ध वर्गो को मुबारकबाद देते हुए इसे ऐतिहासिक पल बताया।

# दर्री पारा दुर्गा उत्सव समिति पोरथा में कराओके क्लब ने दी जसगीत एवं भक्ति गीत की प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका सक्ती सीमा से लगे ग्राम पंचायत पोरथा के दर्री पारा दुर्गा उत्सव समिति के आमंत्रण पर कराओके क्लब सक्ती के द्वारा जस गीत एवं भक्ति गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई ज्ञात हो कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूरे देश भर में नवरात्रि पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है इसी नवरात्रि पर्व में ग्राम पंचायत पोरथा दर्रीपारा दुर्गोत्सव समिति के द्वारा भी आकर्षक रूप से पंडाल सजा कर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है दिनांक 12 अक्टूबर को रात्रि के समय दर्री पारा दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा सर्वप्रथम मां दुर्गा की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया उसके पश्चात समिति के द्वारा आमंत्रण मिलने पर पहुंचे कराओके क्लब के सदस्यों का समिति के सदस्यों द्वारा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तत्पश्चात जस गीत एवं भक्ति गीत की श्रृंखला प्रारंभ हुई इस दौरान जहां सर्वप्रथम रवि यादव के द्वारा भगवान गणेश की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं वहां बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चे महिला एवं पुरुष अर्ध रात्रि तक भक्ति गीत एवं जस गीत का आनंद उठाते रहे इस दौरान जहां पंखिड़ा पंखिड़ा, कोरी कोरी नरियर चढ़े, रामजी की निकली सवारी, चैत के महीना दाई आबे मंझनी, जैसे भक्ति गीत एवं जस गीत में श्रद्धालु थिरकते रहे वही रात्रि 12ः00 बजे कराओके क्लब के सदस्य एवं दर्रीपारा दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों ने मिलकर सामूहिक रूप से मां दुर्गा की पुनः आरती की कार्यक्रम में मंच संचालन हरीश दुबे एवं निरंजन यादव के द्वारा की गई वही क्लब के अन्य सदस्यों पारस बघेल मीना मरावी रवि यादव साहिल सिंह मनोज सरकार सीताराम चौहान विनोद राठौर श्यामअवतार साहू ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर दर्री पारा दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी नरेंद्र राठौर ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हम सभी भारत वासियों के लिए श्रद्धा भक्ति एवं आस्था का पर्व है मां दुर्गा का आशीर्वाद से ही यहां नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है उन्होंने कराओके क्लब के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस वर्ष मां दुर्गा पंडाल के समक्ष कराओके क्लब के द्वारा जस गीत एवं भक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई वह बहुत ही प्रशंसनीय रहा हम कराओके क्लब के कलाकारों को और अधिक उपलब्धि मिले इसके लिए मां दुर्गा से प्रार्थना करते हैं इस अवसर पर समिति के सदस्य नरेंद्र राठौर, बिहारी लाल राठौर, गोवर्धन राठौर, हिमांशु, वेद आचार्य दुर्गेश कुमार पांडे बंटी महाराज आदि उपस्थित थे।

# इलाज के नाम पर निजी अस्पताल की मनमानी पर लगेगा अंकुश!

■ **पर्यावरण मित्र रोगी इलाज समिति संगठन रायगढ़ ने तैयार की रूप रेखा**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पर्यावरण मित्र रोगी इलाज समिति संगठन रायगढ़ द्वारा अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड व आयुष्मान भारत के माध्यम से इलाज कराने पर निजी अस्पताल प्रबन्धन द्वारा शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक लेने पर लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर एक समिति बनाया है। यह समिति मरीजों व उनके परिवार की शिकायत पर एक्शन लेगी और इस मामले में न सिर्फ अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलेगी और मुख्य मंत्री प्रधान मंत्री को तत्सम्बन्ध में शिकायत करेगा। समिति द्वारा निर्णय लिया गया है अब अगर मरीज या उसके परिजनों द्वारा शिकायत मिलती है तो शिकायत के आधार पर लूट करने वाले निजी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा और शासन द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा ली गई राशि को वापस भी करवाएगी। दरअसल मुख्यमंत्री स्मार्ट कार्ड और आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज के लिए अलग-अलग बीमारियों व सर्जरी शुल्क की राशि तय है। और कुछ निजी अस्पताल प्रबंधन द्वारा तय राशि से अधिक राशि जा रहा है। लगातार यह बात सामने आ रही है कि गरीबों को मुफ्त में इलाज के नाम पर कई निजी अस्पतालों द्वारा डबल से अधिक राशि ले ले रहे हैं। मरीजों व उनके परिजनों द्वारा आपत्ति करने पर उन्हें गुमराह करने की शिकायत आ रही है। यही वजह है कि इसके लिए पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल द्वारा एक समिति बनाई है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली चांपा में एसपीसी के तहत हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय उ मा विद्यालय बरपाली चाम्पा में स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम (एसपीसी) के तहत दिनांक 12/10/2021 को कार्यक्रम कराया गया, ज्ञात हो कि भारत सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 2019-20 में विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थी हेतु पुलिस के कार्य और उससे संबंधित अन्य गतिविधियों को सिखाने के उद्देश्य से राज्य पुलिस मुख्यालय के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर के माध्यम से जांजगीर के कुल 5 विद्यालयों का चयन किया गया था। कोरोना काल आ जाने से इस योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ नही किया जा सका था। जिसे विद्यालय खुलने के पश्चात आज से प्रारंभ किया गया,आज विद्यालय में 52 छात्र छात्राओं को पोलिस ड्रेस, पीटी ड्रेस, एस पी सी टोपी बेल्ट आदि वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी द्वय अंजू पटेल व्याख्याता एल बी व मनोज जांगड़े सहायक शिक्षक विज्ञान के द्वारा सभी विद्यार्थियों को गणवेश के साथ तैयार कराया गया। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य श्री लक्ष्मी प्रसाद सोनी द्वारा स्वरचित योग गीत के साथ बच्चों को योगा, पोलिस के कार्य,आत्मरक्षा ,कराटे आदि का अभ्यास कराया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला परिवार की करमेला खाखा, संत कुमार जोशी, किरण राठौर आदि उपस्थित थे।

## जंगली सुअर के लिए बिछाए करंट प्रभावित तार में फंसी लड़की को बचाने गया युवक हुआ जख्मी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाय गए करंट तार में एक ल?का और लड़की बुरी तरह जख्मी हो गया। मामले की रिपोर्ट कापू थाना में दर्ज कराई गई है। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ कापू थाने में अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नविश्वानाथ सारथी है निवासी पेलमा थाना कापू जिला रायगढ़ छग का रहने वाला है। 9 अक्टूबर को रात्रि में अपने घर से ग्राम पेलमा से इंचपारा पगडण्डी रास्ता से दुर्गा उत्सव के भजन किर्तन में शामिल होने जा रहा था कि रात्रि करीब 7.8 बजे उसी रास्ता में नाला उस पार एक लड़की की रोने एवं चिल्लाने की आवाज आई तो उसके पास नजदीक गया मोबाईल के टार्च में देखा कि लड़की जमीन में गिरी पड़ी थी अवैध विद्युत नंगा तार के चपेट में आ गई थी। जिसे वह बचाने का प्रयास किया तो पतला तार था दिखाई नहीं दे रहा था और उस नंगे तार के चपेट में स्वयं भी आ गया फिर बड़ी मुश्किल से बच पाया घटना में विश्वनाथ का पीठ, चेहरा,पैर एवं जाघ व जल गया एवं वह लड़की की चेहरा दाहिने गांल जीभ व दात एवं शरीर पैर में जली हुई थी। जिसके बाद दोनों को ईलाज हेतु कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया लड़की से पूछताछ की गई तो उसने बताया की दिशा मैंदान के लिये गई थी। वहीं कापू से उक्त लड़की रमावती को इलाज हेतु मेडिकल कालेज अम्बिकापुर रिफर किया गया है।

# क्यों ना आपका अनुदान बंद कर दिया जाए : राजेश्री

पायनियर संवाददाता < जांजगीर -चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज 12 अक्टूबर 2021 को गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम खुसरूपाली में संचालित श्री कुंज बिहारी गौशाला के निरीक्षण के लिए उपस्थित हुए, अव्यवस्था को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की गौशाला संचालक से उन्होंने पूछा कि आपकी समिति में कितने सदस्य हैं? 10 सदस्य बताये जाने पर उन्होंने उपस्थित सदस्यों की संख्या पूछा जानकारी प्राप्त हुआ कि केवल 4 लोग उपस्थित हैं इस पर उन्हें फटकार लगाई और छोटे-छोटे बछड़ों को पोषण आहार की कट्टी जमीन पर दिए जाने से उन्होंने पूछा कि इनके लिए छोटे-छोटे कोटना का निर्माण क्यों नहीं किया गया? आपको जमीन पर भोजन दिए जाने पर क्या आप खाएंगे? बिजली और पंखा बंद रहने पर उन्होंने पूजा के पंखा कब से बंद है पता चला छः माह से, गहरी नाराजगी जताते हुए राजेश्री महन्त जी ने कहा कि वे तो पशु हैं उनके लिए बिजली, पंखे, पानी की आवश्यकता ही नहीं.हैं यही आपकी मानसिकता है। यही आपका सोच है। जब सेवा करने की आपकी नियत ही नहीं है तब तो आपको अनुदान देना ही व्यर्थ है। इस पर आयोग व्यापक विचार करेगा। राजेश्री महन्त महाराज अपने गरियाबंद प्रवास के दौरान नवरात्रि के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए रम्हाईपाठ धाम, शीतला मंदिर छुरा, जतमाई, घटारानी, सिर कट्टी आश्रम भी गए इस आश्रम में गौ माताओं की बहुत अच्छी सेवा हो रही जिसे देखकर काफी प्रफुल्लित हुए, यहां डॉक्टर जैन को गौशाला संचालक से यह कहना पड़ा कि यहां गौ माताओं को आवश्यकता से अधिक मात्रा में पोषण आहार दिया जा रहा है।

# स्काउट-गाइड द्वितीय-तृतीय सोपान एवं रोवर-रेंजर निपुण जांच शिविर का समापन

## समापन अवसर पर शिविर ज्वाल कार्यक्रम आयोजित, पूरा कार्यक्रम बालिकाओं को समर्पित

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com



शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां में आयोजित स्काउट-गाइड द्वितीय तृतीय सोपान एवं रोवर-रेंजर निपुण जांच प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। समापन समारोह शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष गोपाल पांडेय के मुख्य आतिथ्य में, भारत स्काउट्स गाइड्स छग स्थानीय संघ अध्यक्ष सुभाष जालान की अध्यक्षता में एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त एसएल साहू, शा कन्या उमावि सरसीवां प्राचार्य व्ही के जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा शिविर ज्वाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के स्वागत में धात्री नायक एवं भागवत साहू द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात शिविर संचालक श्याम कुमार साहू ने शिविर प्रतिवेदन का वाचन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में सरसीवां, पेंड्रावन, बालपुर, बलोदी, बम्हनपुरी, भिनोदी, मनपसार, झुमका, बछौरडीह, सरस्वती ज्ञान मंदिर सरसीवां, सरस्वती शिशु मंदिर सरसीवां, बालपुर सहित कुल 16 स्कूलों से प्रथम सोपान में 136 स्काउट्स, 109 गाइड्स, द्वितीय सोपान में 15 स्काउट्स, 11 गाइड्स, निपुण रोवर 64, रेंजर 33, सर्विस रोवर रेंजर 10, स्काउटर गाइडर 8, कुल 386 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिला प्रशिक्षण आयुक्त एस एल साहू ने बताया कि बिलाईगढ़ विखं में घरजरा, सरसीवां, खम्हरिया, धोबनी, भटगांव एवं पवनी में एक साथ करीब 12 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज का शिविर ज्वाल कार्यक्रम विश्व बालिका दिवस पर केन्द्रीत रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल पांडे ने विश्व बालिका दिवस एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना चाहिए। स्काउट गाइड एक वैश्विक संस्था है। इस संस्था से जुड़ कर गर्व महसूस होता है। यह संस्था लोगों को जाति धर्म से ऊपर उठकर एक अच्छा इंसान बनाने का काम करती है। स्थानीय संघ अध्यक्ष सुभाष जालान ने कहा कि स्काउटिंग हमें अनुशासन सिखाता है। हम अनुशासित, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता के साथ जिए तो हम एक सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं। स्काउट गाइड मुश्किल से मुश्किल घड़ी में भी देश के लिए जीना देश के लिए मरना जानते हैं। जालान ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की नसीहत देते हुए अपने घर, गांव, गली की साफ सफाई करने का आव्हान किया। कमलेश साहू ने बालिका को समर्पित इस कार्यक्रम में जहां विश्व बालिका दिवस मनाये जाने की जानकारी दी गई वहीं धात्री नायक ने बालिका संरक्षण, भ्रूण हत्या रोकने सम्बंधित निनाद बोलकर जन जागरूकता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर छात्रों द्वारा कर्मा, सुवा, पंथी, संबलपुरी, गरबा, भांगड़ा , नगपुरी, डांडिया आदि लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। शिविर को सफल बनाने में शिविर संचालक श्याम कुमार साहू, सहायक शिविर संचालक नरोत्तम सिंह नेताम, कमलेश साहू, कल्पना भोई, धात्री नायक, मीना जांगड़े सर्विस रोवर नंद कुमार, कलश कर्ष, राजू चौहान, ललीत साहू आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू व धात्री नायक ने एवं आभार व्यक्त नरोत्तम सिंह नेताम ने की।

# महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ बीड़ी नहीं देने को लेकर हुई थी हत्या, प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



ग्राम अजगरखार के हुए एक महिला की हत्या के संबंध में उसके पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि 10 अक्टूबर को सुबह 7 से करीब दोपहर 3 बजे के बीच जब वह घर से बाहर था तो उसके घर जाकर उसकी पत्नी की हत्या कर घर से 11 हजार रुपये की चोरी कर ली गई।

मामले में पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 449, 382, 302 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया तथा 24 घण्टे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम अजगरखार का है। इस संबंध में सरायपाली एसडीओ पुलिस विकास पाटले ने जानकारी देते हुवे बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि घटना के समय प्रार्थी के घर के आस पास कुछ लोग घूम रहे थे, व प्रार्थी के दुकान कुछ सामान भी लेने आये थे। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के पास उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर यह चला कि दिन करीब एक-डेढ़ बजे गाँव का रहने वाला डिगेश यादव को प्रार्थी जगदीश साहू के घर से डरे सहमे हुवे बाहर निकलते देखा गया था, जिसके आधार पर पुलिस ने संदेही डिगेश यादव को तलाश कर पकड़ा गया. जिससे पूछताछ करने पर वह पुलिस टीम को गुमराह करने लगा। लेकिन बारिकी से पूछताछ करने पर अंततः आरोपी टूट कर अपने अपराध को छिपा नहीं सका और बताया कि दिनांक 10.10.21 को वह जगदीश साहू के घर दुकान में बीड़ी खरीदने गया था, दुकान बंद रहने पर वह मकान का गेट को खोलकर घर अंदर पहुंचा जिसे प्रार्थी की पत्नी सुंदरी बाई को दुकान बंद है घर अंदर कैसे घुसा कहा और सुंदरी बाई द्वारा विरोध किया गया तो वह बोला कि बीड़ी लेने आया हूँ. जिसपर मृतिका सुंदरी बाई द्वारा मना किया गया और बोली कि पहले का भी उधारी है उसको दो. और मेरे घर में तुम कैसे घुस गए कहकर चिल्लाने लगी और वह बरामदे में आ गयी. इसी बीच विवाद होने लगा तभी आरोपी मृतिका से मारपीट करने लगा, और बरामदे में रखे सील पत्थर को उठाकर सुंदरी बाई से सिर में जोर से मार दिया. जिससे सुंदरी बाई जमीन में गिरकर चिल्लाने उसी के पहने हुये साड़ी को खींचकर उसके गले को बाँध दिया तथा पुनः सील पत्थर से सिर में दो-तीन बार मारकर हत्या कर दिया,आलमारी में रखे नगदी रकम 11000 रूपयें को चोरी कर भाग गया। घटना कर घर से निकलकर आरोपी ने स्कूल के बोरिग में हाथ-पैर धोकर अपने घर जाकर घटना के समय पहने खुन लगे कपड़े एवं नगदी रकम को छिपा दिया. जिसे पुलिस ने जप्त किया है. तथा आरोपी आरोपी डिगेश यादव पिता घनीरराम यादव उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है।

इस प्रकरण को 24 घंटे के अंदर सुलझाने में बसना टीआई लेखराम ठाकुर, भंवरपुर चौकी प्रभारी उमाकांत तिवारी, सायबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत व सरायपाली टीआई आशीष वासनिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# दशहरा पर्व शांति और सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाने शांति समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



दशहरा पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाए जाने और कोविड-19 के तहत जारी सरकारी निर्देशों से संबंधित शांति समिति की बैठक स्थानीय नगर पालिका सभागार में संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार सरिता मढ़रिया, थाना प्रभारी शरद चंद्रा और नगर पालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया ने संबोधित करते हुए आगामी त्योहार दशहरा आयोजनों को लेकर समाज जनों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य जानो से चर्चा कर रूप रेखा बनाई गई। उत्साह, सोहर्द्य, आपसी सहयोग एव कोरोना की गाइड लाइन का पालन करते हुए मानने के निर्देष दिए गए।

**राजनीतिक दलों के साथ बैठक :** बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सहित पूजा समिति के लोगों ने उक्त पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाने पर अपनी सहमति बनायी. लोगों ने कहा कि आज तक सभी पर्व हम सभी ने शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया है. आगे भी उक्त पर्व शांति के साथ मनाया जायेगा।

**अफवाहों से बचने की अपील :** थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने लोगों से त्योहारों के दौरान अफवाहों से बचने की अपील की. इस तरह की कोई सूचना अविलंब प्रशासन को देने की बात कही। प्रशासन असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा ।

# शहर में चल रहा है साप्ताहिक हेलमेट जागरूकता अभियान



**सरायपाली।** एसडीएम नम्रता जैन के निर्देशन में शहर के अग्रसेन चौक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की टीम के द्वारा हेलमेट पहने हुए दुपहिया वाहन चालक एवं सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चालकों को चॉकलेट व पेन देकर सम्मानित किया गया एवम् अपने रिश्तेदारों दोस्तों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। एसडीएम नम्रता जैन द्वारा बिना हेलमेट लगाये वाहन चालक को कहा गया कि दुर्घटना से रखनी है दूरी तो हेलमेट लगाना है सबसे जरूरी बताकर हेलमेट लगाने हेतु प्रेरित किया गया स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए एसडीएम मैडम द्वारा बताया गया कि यह अभियान प्रत्येक मंगलवार को सरायपाली के विभिन्न चौक चौराहों पर नियमित रूप से चलाया जाएगा।

# कोरोना से मृत 44 व्यक्तियों के आश्रितों के लिए 22 लाख की सहायता

■ अब तक कुल 50 व्यक्तियों के लिए कुल 25 लाख स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना से मृत व्यक्तियों के निकट परिजनों के लिए 22 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिसके तहत प्रत्येक हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपए प्रदान की जाएगी। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में आज में आज सीडेक की दूसरी बैठक रखी गयी। जिसमें 44 हितग्राहियों के प्रकरणों पर विचार विर्मश कर स्वीकृति प्रदान की गई है।

गौरतलब है कि कोरोना से मृत व्यक्ति के मामले की छानबीन के लिए अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति सदस्यों में सीएचएमओ डॉ खेमराज सोनवानी, सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी एवं न्यू कोविड हॉस्पिटल प्रभारी डॉ राकेश प्रेमी शामिल है। आज जिन 44 हितग्राहियों को स्वीकृति दी गयी है उसमें पलारी तहसील अंतर्गत कुसमी, पथरीडिह संतोषी वर्मा, ग्राम जारा से संगीता बाई साय तोड़े,बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम खपरी, डमरू से कुंती बाई, लवन नगर से पुष्पा देवी साहू, पलारी अंतर्गत कोनारी, मल्लिन, किशोर ध्रुव, बलौदाबाजार नगर वार्ड 4 से कृष्ण कुमार पाड़े, ग्राम अहिल्हा बरदा संतोष कुमार वर्मा बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अमेरा परमिला साहू, पलारी कुसमी पथरीडीह दिसोदिया सोनवानी, बालौदाबाजार नगर से चंद्रकली साहू,सिमगा अंतर्गत ग्राम करहुल दिनेश साहू,पलारी ग्राम सुंदरी से नेकराम कुर्रे, आरंग अंतर्गत ग्राम अमसेना विष्णु बंजारे, पलारी अंतर्गत से ग्राम ससहा से अश्वनी कुमार,ग्राम कुकुदा से निर्मला भारती, ग्राम ओडान निवासी पुनाराम यादव, सिमगा अंतर्गत ग्राम शिकारीकेसली से कुंजबिहारी पलारी अंतर्गत ग्राम खैरा से धन्नू लाल साहू, सुन्द्रावन से धनेश कुमार साहू, सोनारदेवरी सीतापार से सुलोचिनी बाई चन्द्रवंशी,ससहा गोंड़ा से शीतल मानिकपुरी, देवसुन्द्रा सर्रा से गोवर्धन लाल धीवर, बिनौरी रामपुर धर्मेन्द मारकण्डेय, बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम खटियापाटी से एलवीन कुर्रे, ग्राम भाठागांव से चन्द्रशेखर जोशी, मानव कॉलोनी रवान से कुंवरसिंह ध्रुव, लवन से सरोज साहू, धाराशिव से लोकनाथ डहरिया, पनगांव से नीतू भारद्धाज, बलौदाबाजार नगर से तिहारू राम चतुर्वेदी, छेरकापुर से अशोक कुमार साहू, श्यामचरण साहू, रिसदा से निरूपा बाई फेकर, बोरसी धवई से श्याम बाई धृतलहरे, लाहोद जुड़ा से नारायण बंजारे, अंहिल्दा पैजनी से उत्तरा, रवान से रामेश्वरी वर्मा, भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बिटकुली, लच्छनपुर से नोहर दास गायकवाड़, भोथीडीह से मिलाप कुमार साहू, धौराभाटा से अजय मांडले बिलाईगढ़ अंतर्गत भटगांव से निर्मल खुंटे, भिनोदी से सुरेन्द्र कुमार टंडन, कसडोल अंतर्गत गिरौदपुरी से रामकुमारी मिरी,निवासी शामिल है।इस तरह अब तक कुल 50 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

# सस्ते दामों में सोना दिलाने के नाम पर ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पुलिस ने सस्ता सोना दिलाने के नाम पर नकली धातु देकर 40,000 रूपये की ठगी करने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में सरायपाली एसडीओपी विकास पाटले ने पत्रकारों को जानकारी देते हुवे बताया कि ये आरोपी असली सोना दिखाकर नकली पीतल नुमा धातु थमाकर ठगी की घटना को अंजाम दिए थे, परमानंद चौहान ने पुलिस से शिकायत की थी कि 07 अक्टूबर 2021 को वह छुईपाली के एक पान ठेला में खडा था कि वहां उसे तीन व्यक्ति मिले तीनों ने अपना नाम धर्मेन्द्र प्रधान निवासी छिबर्रा, जयराम चौहान निवासी कंवरपाली एवं सागर विशाल निवासी अर्तुण्डा बताया वो तीनों परमानंद को बोले कि हम लोग तुमको सस्ते में सोना दिला देंगे एडवांस में कुछ पैसा देना पड़ेगा। और उसका फोन नम्बर लिये। इसके बाद 09 अक्टूबर 2021 को सुबह करीबन 11 बजे उसे फोन करके अर्जुण्डा के पास एडवांस देने बुलाया। तब बोले अपने दोस्त सुदाम चौहान, किशोर कुमार बरिहा एवं संतलाल चौहान के साथ वहां पहुंचा और सागर विशाल को 40,000 रूपये दिया। इसके बाद सागर ने अगले दिन सोना देने की बात कही। फिर अगले दिन तीनों मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीसी 8893 में आये और थोड़ी देर बातचीत करने के बाद उनको एक काला पीला रंग का सोने जैसा गुम्बदनुमा धातु दिखाये और बोले कि यह 5 लाख रूपये का है।

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने असहयोग आन्दोलन की दी चेतावनी, ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पदाधिकारियों द्वारा माननीय जिलाधीश बलौदाबाजार-भाटापारा को सहकारी समिति कर्मचारियों के हितों व संस्था हित में विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों की हस्ताक्षर युक्त सहमति/शपथपत्र की प्रति संलग्न कर ज्ञापन पत्र सौंपा गया। जिसमें प्रमुख मांग निम्नानुसार हैं.....1.लंबित पांच सूत्रीय मांगों को अविलंब पूर्ण करने।व नियमितीकरण करने।2. समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2021-22 के अनुबंध एवं नीति में आवश्यक संशोधन व धान खरीदी की बीमा कराने।3.के सी सी ऋण पर मिलने वाला ब्याज अनुदान समय पर प्रदान करने। 4.ऋ ण माफी2018की शेष अप्राप्त राशि समितियों को अविलंब भुगतान करने। 5.कोरोनाकाल में उचित मूल्य की दुकान संचालन की प्रतिपूर्ति राशि अविलंब ,समितियों को भुगतान करने तथा समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों को समितियों में ही रहने दिया जावें उसे पृथक पृथक ना किया जावे।6. समर्थन मूल्य धान खरीदी के दौरान किसी भी कर्मचारी( प्रभारी व कम्प्यूटर आपरेटर) का स्थानांतरण अन्य समितियों में नहीं किया जावे।7. समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2020-21में धान उठाव हेतु लोडिंग हमाली की राशि समितियों के कमीशन से कटौती ना किया जावे और वर्ष 2020-21 की समर्थन मूल्य धान खरीदी की कमीशन की राशि शत-प्रतिशत समितियों को भुगतान करने ।जैसे मांग सम्मिलित हैं। जिसकी प्रतिलिपि सूचनार्थ माननीय उपपंजीयक बलौदाबाजार-भाटापारा, जिला विपणन अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, माननीय खाद्य अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, नोडल अधिकारी महोदय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बलौदाबाजार-भाटापारा व ईश्वरी साहू अध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर को दिया गया है। उपरोक्त सभी मांगों की पूर्ति समय रहते 17/10/2021तक नहीं करने पर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समस्त सहकारी समिति कर्मचारीगण मजबूरी वश असहयोग आन्दोलन प्रारंभ कर धान खरीदी का बहिष्कार करने के लिए बाध्य हो जायेंगे। जिससे सहकारी समितियों के माध्यम से होने वाले सभी कार्य प्रभावित होंगे। जिसकी समस्त जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

## कंटीली झाड़ियों को काटकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया

# स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, आस्था इको क्लब व रासेयो ने स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com



भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड, रोवर रेंजर,आस्था इको क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी छात्र छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता लाने पंखटिया तालाब के आसपास, शीतला मंदिर, काली माई मंदिर, शिव मंदिर व गणेश जी मंदिर के समीप व्यापक स्वच्छता अभियान हरीश देवांगन व शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में चलाया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में हरीश देवांगन ने कहा कि स्वच्छता के प्रति हमेशा सजग रहने की जरूरत है। स्वच्छता के अभाव में पर्यावरण प्रदूषित होता हैं।और यह कई तरह से फैलता है।सबसे आश्चर्य जनक तथ्य यह है कि अधिक बुद्धिमान प्राणी के अलावा अन्य कोई जीवधारी प्रदूषण नहीं फैलाता है।स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन ने प्रदूषण के विविध प्रकारों ध्वनि प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया।इस स्वच्छता अभियान में उत्साह के साथ भाग लेने वाले स्वयं सेवी डगेश्वरी एफव, शिवांगी देवांगन, तृप्ति साहू, तनीषा वर्मा, माया राजपूत, अलीन मसीह, पलक चंद्राकर, खुश्बू यादव,राजलक्ष्मी देवांगन, रेणुका देवांगन, अंजलि धृतलहरे, हिमांशी साहू,जागृति देवांगन, भूमिका देवांगन, पलक नौरंगे, गरिमा चेलक, रश्मि देवांगन, तनु देवांगन, मेघा पाल, वैष्णवी देवांगन,झरना साहू,वैशाली शर्मा, मोनिका वर्मा, बीना देवांगन, कीर्ति यादव,पूर्वा वर्मा,तनु धीवर, ज्योति यादव, रुचि वर्मा, कुसुमलता देवांगन, विनीता शुक्ला, तनिष्का कुर्रे, रवीना टंडन, गीतिका धीरज, संजू मानिकपुरी, देविका धीवर, शिवानी मांडे, जानी डहरिया, विनायक वर्मा,लक्की वर्मा,शिवम साहू, देव देवांगन, धन्नजय गेन्द्रे,, गणेश देवांगन, पीयूष पटेल, आकाश देवांगन, समीर जांगड़े अनीश सेन, मुकेश निषाद, नयन शर्मा, नीरज तिवारी, सुमीत साहू, जीत सक्सेना ने स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक ,पॉलीथिन, आदि कचरे को साफ किया साथ ही कंटीली झाड़ियों को काटकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया।

# विधायक ने सामाजिक भवन का लोकार्पण किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कुनबी समाज महासंघठन छत्तीसगढ की जिला शाखा भाटापारा में सामाजिक भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम के लिए मंचस्थ सुनिल यद्गु, उषा चुटे, दानेश्वर रावत, मंधान तथा समाज के संरक्षक एसएस ब्राम्हणकर एवं प्रदेश अध्यक्ष मुनेश्वर एवं मुख्य अतिथि उद्घाटक शिवरतन शर्मा थे। प्रदेश कुनबी समाज महासंघठन छत्तीसगढ के अन्य जिला शाखाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। साथ ही साथ प्रदेश कुनबी समाज महासंघठन छत्तीसगढ की महिला मंडल कार्यकारिणी उपस्थित थीं। समाज के वरिष्ठ संरक्षक एसएस ब्राम्हणकर एव प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर, पार्षद उषाताई चुटे सभी ने मंच उद्बोधन कर सभी पदाधिकारियों का मनोबल बढाया हैं। जिला अध्यक्ष प्रेम भाऊ बोहरे ने बताया है कि यह भवन विधायक निधि से बनाया गया है। विधायक शिवरतन शर्मा ने उद्बोधन में कहा कि यह भवन बच्चों की शिक्षा के लिए और सामाजिक संस्कृति की रक्षा के लिए उपयोग होना चाहिए। तथा सभी को शिवाजी के पदचिन्हों पर चलकर उनके विचारों को ग्रहन करना होगा तभी हम सभी संघठीत हो सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ ने अपने कुनबी समाज की हर जिला शाखाओं में महिलाओं की सुरक्षा के लिए लडकियां तथा लडको को भवनों में लाठी चलाने से लेकर अपनी सुरक्षा के सभी गुर सिखाने का आव्हान किया है। प्रदेश भर से आए हुए सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा विचार रखे गये। इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए प्रेम भाऊ बोहरे, सुरेश ब्राम्हणकर, प्रकाश बागडे, राजेश चुटे, रिषम बहेकार, कमलराव बहेकार, अशोक मेंढे, हेमंत बहेकार तथा महिला मंडल में अध्यक्ष मेघा चुटे, सत्यभामा वाढई, बेबी बोहरे, रेणुताई बहेकार और कमला ब्राम्हणकर एवं सभी वरीष्ठ महिलाओं के मार्गदर्शन में किया गया है। मंच संचालन अमित डोये प्रदेश सचिव एवं आभार प्रदर्शन भाटापारा सचिव राजेश चुटे ने किया है।

# जगदलपुर पैलेस रोड के प्रदर्शनी स्टॉल में सेल्फी कार्नर बनाया गया

■ बस्तर पुलिस जवानों की कट-आऊट आकर्षण का केन्द्र बना

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




बस्तर संभाग अंतर्गत शासन द्वारा जनहित में क्रियान्वयन की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना तथा विकास कार्य संबंधित जानकारी क्षेत्र के जनता तक पहुंचाने के लिये बस्तर पुलिस द्वारा ''बस्तर ता माटा'' अभियान संचालित की जा रही है। स्थानीय गोंडी भाषा में ''बस्तर ता माटा'' का अर्थ होता है ''बस्तर की आवाज''। इस अभियान के तहत बस्तर संभाग के पुलिस एवं सुरक्षा बल द्वारा वनांचल क्षेत्र में स्थानीय जनता से संपर्क स्थापित कर क्षेत्र की जनता के हित में शासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्य के संबंध में जनता को अवगत कराने के साथ-साथ प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन की जनविरोधी एवं विकास विरोधी चेहरा उजागर किया जा रहा है। ''बस्तर ता माटा'' अभियान के सिलसिला में बस्तर पुलिस द्वारा संभाग अंतर्गत विभिन्न मड़ई, मेला, दशहरा कार्यक्रम स्थल इत्यादि स्थानों में प्रदर्शनी स्टॉल लगाये गये हैं। उन सभी प्रदर्शनियों में बस्तर पुलिस द्वारा प्रस्तुत की जा रही जानकारी का लाभ प्राप्त करने हेतु काफी संख्या में क्षेत्र की जनता पहुंच रहे हैं। ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं बल के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी में आने वाले दर्शकों का स्वागत् करते हुये उन्हें तमाम जानकारी उपलब्ध कराया जा रहा है। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा बताया गया कि विगत् दिनों में बस्तर पुलिस द्वारा संचालित की जा रही ''बस्तर ता माटा'' अभियान के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच आपसी संबंध मजबूत हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जगदलपुर पैलेस रोड के प्रदर्शनी स्टॉल में सेल्फीकार्नर बनाया गया हैं, जिसमें बस्तर पुलिस जवानों की कट-आऊट आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इन कट-आऊट के साथ युवाओं, युवतियों, महिलाओं, बच्चे एवं बुजूर्गों द्वारा उत्साह एवं आत्मीयता से फोटो एवं वीडियो बनाकर पुलिस के अच्छे कार्यों की सराहना की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में बस्तर संभाग के अन्य स्थानों में भी इस प्रकार के प्रदर्शनियां आयोजित की जाकर शासन, प्रशासन एवं जनता के बीच सेतु के रूप में बस्तर पुलिस कार्य करेगा।

# ओएलएक्स पर हुई ठगी, पुलिस ने किया खुलासा, 1 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ थाना क्षेत्र का है जहाँ ओ एल एक्स द्वारा मोटरसाइकिल बिक्री करने के नाम से आरोपी ने ठगी किया था। बतादें की अंतागढ़ निवासी आरिफअली ने ओएलएक्स से एक मोटरसाइकिल खरीदने के लेकर ओएलएक्स पर दिए गए मोबाइल नम्बर से संपर्क किया था, नम्बर में बात होने पर आरिफ अली ने मोटरसाइकिल मालिक से बात कर बकायदा मोटरसाइकिल बिक्री करने वाले के खाते में 68000 हजार एक ही दिन में जमा करा दिए, लेकिन मोटरसाइकिल नही मिलने के बाद आरिफ अली को ठगी करने का अंदेशा होने लगा, इस संबंध में आरिफ अली ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज किया, यह सूचना नागपुर सायबर सेल में पहुंचा नागपुर साइबर सेल ने इसकी जानकारी जिला पुलिस कांकेर को दी, कार्यवाही के लिए जिला पुलिस कांकेर ने अंतागढ़ पुलिस को जांच करने के आदेश दिए, जांच में ओएलएक्स के माध्यम से तीन मोबाइल नम्बर से प्राथी को फोन किया गया था जिस नंबर को साइबरसेल के माध्यम से लोकेशन ट्रेस किया गया।

जिसका लोकेशन मिलते ही अंतागढ़ पुलिस हरियाणा , और राजस्थान पहुंच तो गई लेकिन आरोपियों का किसी प्रकार की कोई जानकारी अंतागढ़ पुलिस की हाथ नही लगी जिसके बाद अंतागढ़ पुलिस के द्वारा इसकी गम्भीर जांच में पैसे जमा हुए एक पेटीएम खाता नम्बर की जानकारी हाथ लगी , नोएडा पेटीएम बैंक से के वाय सी के माध्यम से ओएलएक्स ठगी करने वाले आरोपी घसीट पिता बलवीर उम्र 55 निवासी बिहारी थाना सिखेड़ा, जिला मुज्जफरनगर उत्तरप्रदेश का होना पता चला , जिसे वहीं के पुलिस के सहायता से गिरफ्तार कर अंतागढ़ थाना लाया गया स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों की गति पर अंकुश लगाने पुलिस को ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

ब्लॉक मुख्यालय अब धीरे-धीरे व्यवसायिक नगरी भी बनता जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र के लोग हर रोज सैकड़ों की संख्या में एक मात्र स्टेट हाइवे का उपयोग कर आना जाना करते हैं साथ ही अन्य राज्य व अन्य जिला के लोग भी इसी स्टेट हाइवे से होकर गुजरते हैं जिससे ट्रेफिक का दबाव दिनों दिन बढ़ते जा रहा है। और बहुत से ऐसे लापरवाह वाहन चालक हैं जो बहुत ही तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए नजर आते हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। तेज रफ्तार के चलते कई लोग घायल भी हो चुके हैं यहां तक की कुछ लोगों की जान भी जा चुकी है। अतः ऐसी दुर्घटना नगर में ना हो और रफ्तार पे लगाम लगे इसकी मांग करते हुए संत सलाम. अविनाश गणवीरे. जीतू. भवानी सिन्हा . गजानंद जैन. और कुलेश्वर सोनवानी ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई अधोसंरचना की बैठक, विधायक नाग भी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण की प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमे अंतागढ़ विधायक एवं अधोसंरचना एवं उन्नयन विकास प्राधिकरण के सदस्य अनूप नाग सहित सभी सदस्य, उपाध्यक्ष एवं मंत्री गण वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए । बैठक के दौरान विधायक अनूप नाग ने अंतागढ़ विधानसभा में निर्माणाधीन अधोसंरचना के विषय में मुख्यमंत्री बघेल को अवगत कराया साथ ही विकास संबधित कार्यों में चर्चा किए । इसके पश्चात विधायक अनूप नाग ने विभिन्न गांवों की अधोसंरचना से संबंधित स्कूल भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन, स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त स्तिथि के विषय में अवगत कराया साथ ही ऐसे जर्जर शासकीय भवनों के जिन्नोधार एवं मरम्मत के लिए कोई उपाय या योजना लाने का निवेदन किया । विधायक अनूप नाग ने यह भी कहा की अगर हम ऐसी शासकीय भवनों को संरक्षित कर पाए तो ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी कई अहम सेवाओं में सुधार आना निश्चित हो जायेगा । विधायक नाग की मांगो का मीटिंग में उपस्तिथ सभी विधायको, मंत्रियों और अधोसंरचना के सदस्यों, उपाध्यक्षों का पूर्ण रूप से समर्थन मिला। जिसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश ने विधायक अनूप नाग की मांगो को संज्ञान में लेते हुए 15 दिवस के अंदर ऐसे जर्जर, क्षतिग्रस्त शासकीय भवनों ( आंगनवाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास, स्कूल भवन ) का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा।

# चोरी के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



चोरी के मामले में बुधवार को माल व मुल्जिम की पतासाजी कर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को पुनः सफलता मिली है ज्ञात हो कि 10 अक्टूबर के दरमियानी रात लक्ष्मी एजेंसी हार्डवेयर दुकान गीदम रोड में अज्ञात चोर के द्वारा 1,80,000 की चोरी कर लिया गया था जिस पर दुकान संचालक जितेंद्र व्यास के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया था दौरान विवेचना के माल मुलजिम की पता तलाश किया जा रहा था जिस संबंध में आज जानकारी प्राप्त हुआ कि मामले का संदेही बस स्टैंड क्षेत्र में देखा गया है मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं ओम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सुधार के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी बोधघाट धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया था उक्त टीम के द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम सोमचंद मंडावी निवासी कोंडागांव होना बताया जिससे तलाशी लेने पर 1,61, 000 नकद मिला के संबंध में पूछताछ करने पर इसके द्वारा दो दिवस पूर्व लक्ष्मी एजेंसी में घुसकर 180000 चोरी कर करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 161000 नगद एवं एक मोबाइल जब किया गया है आरोपी को उक्त मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय तत्पश्चात जेल भेजा गया है।

# नवरात्रि पर्व की अष्टमी पर माता महागौरी की पूजा की गई

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नवरात्रि के पावन पर्व की अष्टमी तिथि पर माता के महागौरी स्वरूप की पूजा की गई। श्रीराघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने जानकारी दी कि मां महगौरी, मां दुर्गा का आठवां स्वरूप है। इन्हें आठवीं शक्ति कहा जाता है। महागौरी हीं शक्ति मानी गई हैं। पुराणों के अनुसार, इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाशमान है। दुर्गा सप्तशती के अनुसार, शुंभ निशुंभ से पराजित होने के बाद देवताओं ने गंगा नदी के तट पर देवी महागौरी से ही अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की थी। मां के इस रूप के पूजन से शारीरिक क्षमता का विकास होने के साथ मानसिक शांति भी बढ़ती है। माता के इस स्वरूप को अन्नपूर्णा, ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी भी कहा जाता है। अष्टमी तिथि के



सुअवसर पर बैलाडीला देवस्थान राघव मन्दिर परिसर में गायत्री परिवार द्वारा नगरवासियों की सुख, शांति, सुस्वास्थ्य की मंगल कामनाओं सहित हवन पूजन कराया गया।

## अपर कलेक्टर की नियुक्ति नही, नाराज जिला बनाओ संघर्ष समिति ने स्मरण पत्र दिया



**अंतागढ़।** विगत दिनों 6 अक्टूबर को अन्तागढ़ जिला बनाओ समिति द्वारा चक्काजाम का आयोजन किया गया था इस दौरान वहां पहुंचे अपर कलेक्टर के द्वारा आंदोलनकारियों को यह आश्वासन दिया गया था कि आपके क्षेत्र में बहुत जल्द 15 दिवस के अंदर जिला स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी लेकिन आज 6 दिन बीत जाने के बाद भी कोई भी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है जिसको देखते हुए आंदोलनकारियों द्वारा शासन प्रशासन को स्मरण कराने स्मरण पत्र एसडीएम अंतागढ़ को दिया और कहां है कि अगर 15 दिवस के भीतर अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हुई तो यह आंदोलन पुनः उग्र रूप ले लेगा।

# छोटेबोदेली पंचायत के ग्रामीण एक साल से चिमनी की रोशनी के सहारे

=पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

■ ग्रामीण पिछले एक साल से नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने चक्कर लगाते थक चुके

कहा जाता है कि जिस भी क्षेत्र में अगर माइनिंग होता हैं उस क्षेत्र का विकास तेज गति से होता है, मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरिके से लोगो को उपलब्ध होता है। लेकिन जब इसके विपरीत हो जाये तो बहुत दुःख होता है। हम बात कर रहे है चारगांव माइंस क्षेत्र का जहाँ से सालाना करोड़ों का रायल्टी सरकार तक पहुँचता है लेकिन उस क्षेत्र के ग्रामीण पिछले एक साल से अंधेरे में रहने मजबूर है। कोयलीबेड़ा ब्लाक के छोटेबोदेली पंचायत के आश्रित ग्राम स्कूलपारा में एक साल से ट्रांसफॉर्मर खराब होने के चलते लोग चिमनी में रहने मजबूर है।वही दूसरा पारा पटेल पारा में भी यही स्थिति है जो पिछले तीन माह से विधुत सप्लाई बंद पड़ा है। ग्रामीण बिजली विभाग में आवेदन,निवेदन विभाग के चक्कर काटते काटते थक चुके है,आश्वासन मिलता रहा लेकिन समस्या का समाधान आज तक नही हो पाया। आज आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ अनुविभागीय अधिकारी पहुँच कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर एक सप्ताह के भीतर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तराम सलाम ने कहा कि बिजली जैसे बेसिक सुविधा के लिये लोग एक साल से तकलीफ में हैं।स्कूली बच्चे एक चौक में सोलर लाइट लगा है वही रात में पढ़ाई करते है ये बहुत ही दुर्भाग्य है। आज हम लोग ग्रामीणों के साथ कलेक्टर के नाम समस्या को तत्काल समाधान कर नया ट्रान्सफर लगाने पत्र सौपा गया हैं।अगर सात दिवस के भीतर समस्या का समाधान नही होगा तो आम आदमी पार्टी ग्रामीणों के साथ विधुत विभाग के घेराव करने बाध्य होंगे।

# कवर्धा मामले में विहिप ने किया धरना प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कवर्धा में एक वर्ग विशेष द्वारा हाल ही में किए गए भगवा ध्वज के अपमान व हिंदू समाज के लोगों के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में छत्तीसग? विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनों के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश व्यापी महाधरना प्रदर्शन के तहत मंगलवार को स्थनीय बस स्टैंड में जन आक्रोश महाधरना का आयोजन किया गया। महाधरना के लिए जिले के सभी हिन्दू संगठन, बजरंग दल, धर्म जागरण मंच व संघ के लोग जुटे हुए हैं।

आज के इस महाधरना में अधिवक्ता दीपिका शोरी,धनीराम,हूँगाराम सहित अनेक समाजिक संगठनों के प्रमुख सहित सुकमा जिले के सैक?ों लोग हुए शामिल । विहिप अध्यक्ष लच्छुराम पोडियाम ने अपने दल के साथ राष्टपति एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सुकमा को ज्ञापन देते हुए पूरी घटना की न्यायिक जांच के साथ दुर्गेश की पिटाई करने वालों की पहचान कर दंडित करने, लोगों पर दर्ज मामलों की निःशर्त वापस लेने, लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, थाने, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को तत्काल निलंबित करने के साथ छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे लगभग छह लाख लोगों की पहचान कर उन्हें बाहर करने की मांग की।

# सुजुकी मोटर्स के चयनित छात्रों की बस को महाप्रबंधक एनएमडीसी, बचेली ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी डीएवी आई.टी.आई, भान्सी में गत माह सुजुकी मोटर्स, हंसलपुर गुजरात कार असेंबली प्लांट के द्वारा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कुल 38 छात्रों का लिखित एवं मौखिक परीक्षा के उपरांत चयन किया गया का था जिसमें से 28 छात्र एनएमडीसी आई.टी.आई के हैं । हाल ही में सुजुकी मोटर्स, गुजरात हंसलपुर के अधिकारी उपरोक्त चयनित छात्रों को लेने भांसी आने पर चयनित छात्रों को हंसलपुर कार असेंबली प्लांट भेजने हेतु एक कार्यक्रम आई.टी.आई मे 11 अक्टूबर 2021 को आयोजित किया गया द्य उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अथिति (एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स) बी. वेंकटेश्वरलु महाप्रबंधक, (उत्पादन), तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील उपाध्याय- डी.जी.एम. (सी.एस.आर. एंड सी.सी.) उपस्थित थे । उपरोक्त के अलावा इस कार्यक्रम में सुजुकी मोटर्स द्वारा चयनित छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे । कमलेश साहू, अधीक्षक एनएमडीसी डी. आए. वी आई. टी. आई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।

अपने उद्बोधन के दौरान कमलेश ने संस्था की उपलब्धियों, कैंपस ड्राइव के बारे में एवं सुजुकी मोटर्स के द्वारा चयन किए गए छात्रों के विषय में उपस्थित जनमानस को जानकारी दी । अपने उदबोधन में । सुनील उपध्याय द्वारा सभी चयनित छात्रों का यह कहते हुए उत्साह वर्धन किया कि कोरोना के कारण दुनिया भर में बहुत सारी कम्पिनियाँ घाटे में चल रही हैं या पूर्णतः बंद हो गयी हैं । इसके कारण बहुत सारे लोगों को नौकरी से भी निकाल दिया गया है। परंतु एनएमडीसी आई.टी.आई. के छात्रों को इस विषम परिस्थियों में भी नौकरी मिलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। उन्होंने छात्रों को ये भी समझाया कि नौकरी मिलना भी अपने आप में एक उपलब्धि है परन्तु नौकरी को मेहनत, ईमानदारी और लगन से करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है इसलिए आप सभी को ईमानदारी पूर्वक मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। ये नौकरी एवं जो सैलरी आपको मिलने जा रही है यह अंतिम नौकरी या सैलरी नहीं है ये आपके जीवन का एक नया पड़ाव है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी मेहनत व लगन से आपके जीवन में ऐसी अनेकों उपलब्धियों को प्राप्त करेंगे।

## महाअष्टमी संधि पूजा में भक्तों ने पुष्पांजलि देकर मां दुर्गा से की सुख समृद्धि की कामना



**किरंदुल।** बुधवार को महाष्टमी पूजा के अवसर पर बंगाली कैंप दुर्गा मंदिर में पुष्पांजलि देने पूरे नगर से सैकड़ों भक्त जुटे।सुबह से व्रत रखकर श्रद्धालु ने मां दुर्गा की उपासना कर पूजा अर्चना की। 1964 से चले आ रहे दुर्गा पूजा में बंगीय कल्चरल एसोसिएशन द्वारा खास तैयारी की जाती है।रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया ऊंचे भव्य पंडाल,आकर्षक मूर्तिया लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष भी पूजा में दूसरे राज्य से पुजारी व ढाकी पहुंचे है।संधि पूजा में सुबह 11 बजे से पुष्पांजलि प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक चला।महाष्टमी पूजा के अवसर पर दोपहर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें नगर के साथ-साथ आसपास के गांव से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे।शाम को मंदिर में आरती का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे व महिलाओं ने सुंदर प्रस्तुति दी। पूजा में आस्था,भक्ति और विश्वास के विविध रंग देखने मिला।

संपादकीय

## क्वाड का उद्देश्य अमेरिका की दुविधा

**अमेरिका** ने एक बार फिर क्वाड के उद्देश्यों तथा अपनी भूमिका के बारे में दुविधा पैदा कर दी है। अमेरिका ने कहा है कि चतुर्मुखी सुरक्षा संवाद, संक्षेप में क्वाड एक गैर-रक्षा व गैर-सैनिक व्यवस्था है। क्या अमेरिका ने भारत, आस्ट्रेलिया व जापान के साथ अपने समूह का दर्जा गिराया है? अथवा वह अमेरिका, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन के समूह आकुस के उभरने के बाद इसका उद्देश्य पुनर्निर्धारित करना चाहता है? तस्वीर पूरी करने वाला तीसरा सवाल यह है कि इससे भारत की क्या स्थिति बनती है जो लगातार किसी सैनिक गठजोड़ के खिलाफ है? मुंबई में एक आयोजन में अमेरिकी उप विदेश सचिव वेंडी शेरमैन ने दावा किया कि क्वाड का अर्थ वैक्सीन, सप्लाई श्रृंखला व जलवायु जैसे मुद्दों पर चर्चा करना है। अमेरिका का यह 'स्पष्टीकरण' अमेरिका में क्वाड के चार राष्ट्राध्यक्षों की आमने-सामने बैठक तथा इसके कानून के शासन व क्षेत्रीय सुरक्षा भूमिका पर जोर देने के बाद आया है। यह बयान बंगाल की खाड़ी में क्वाड के मलाबार नौसैनिक अभ्यास के दूसरे चरण के कुछ ही दिन पहले आया है। पहला चरण अगस्त में पश्चिमी प्रशांत में आयोजित हुआ था जिसमें अमेरिका ने अपनी नौसेना के गौरव 1,00,000 टन के निमिट्ज़ क्लास वाले सुपर विमानवाहक जहाज यूएसएस कार्ल विंसन को भेजा था। अमेरिकी नौसेना कार्रवाई प्रमख एडमिरल माइक गिल्डे ने कहा था कि इस अभ्यास से एक समावेशी, स्वतंत्र तथा खुली नियम आधारित व्यवस्था बनाने में सहायता मिलेगी और इससे 'आने वाले दशकों में हमारे समन्वय को बढ़ावा मिलेगा ताकि सुरक्षा, स्थायित्व व समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके।' मलाबार अभ्यास के दो चरणों के बीच भारत ने आस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास आसिन्डेक्स तथा जापान के साथ जिमैक्स का आयोजन किया। दूसरे चरण के जटिल अभ्यास में सतह पर तथा हवा में व पनडुब्बी विरोधी मारक क्षमता का प्रदर्शन होगा। इस दृष्टिकोण से क्वाड गैर-रक्षा व गैर-सैनिक गठजोड़ कैसे हो जाता है? यहां तक कि सप्लाई श्रृंखला बनाए रखने का सामान्य कृत्य भी समुद्री सुरक्षा का मुद्दा बन जाता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन अधिकारों का मुद्दा भी समुद्री सुरक्षा का मुद्दा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के पहले विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा था कि क्वाड आकुस से अलग संगठन है और इस उद्देश्य से मलाबार नौसैनिक अभ्यास को नहीं देखा जाना चाहिए, भले ही वही देश क्वाड व मलाबार अभ्यास में शामिल हैं। अनुमान लगाया गया था कि उस समय भारत एशिया के कुछ देशों में परेशानी पैदा करने से बचने के लिए क्वाड की भूमिका को थोड़ा कम बता रहा था। क्या शर्मन के बयान को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए? यह पूर्व विदेश सचिव माइक पोंपियो के बयान से एकदम उलट है जिन्होंने सितंबर में अपनी टोकियो यात्रा में साफ-साफ कहा था कि क्वाड गठजोड़ हमारी जनता को चीन के 'शोषण, भ्रष्टाचार और दबाव' से सुरक्षा देने में सहायक है। चीन द्वारा अपनी सेना के आधुनिकीकरण, ताइवान खाड़ी में घुसपैठ तथा आक्रामकता में वृद्धि के परिदृश्य में क्वाड देश एकसाथ आए हैं, हालांकि उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विरोधी या चुनौती के रूप में चीन का नाम नहीं लिया है। इस प्रकार चीन के बारे में विरोधी होने के बावजूद दुविधा बनी हुई है जिसके साथ भारत और जापान का सीमा विवाद है, लेकिन इससे क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में अमेरिका का प्रवेश होता है। क्या यह एक अनुपस्थित विरोधी के लिए अनुपस्थित सैनिक व्यवस्था जैसा मामला है?

# कृषि सुधार कानूनों पर दृढ़ मोदी

### कृषि कानून किसानों के लिए अनेक विकल्प खोलेंगे और उनको अपनी पसंद की कीमत दिलाने में सहायक होंगे जो एमएसपी से अधिक भी हो सकती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)

हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य सुधार उपायों के बारे में लचीलापन प्रदर्शित किया है, पर उन्होंने 10 महीने से इनकी वापसी की मांग कर रहे किसान आंदोलन के बावजूद इनसे पीछे हटने से इनकार किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जुलाई 2018 से जून 2019 के बीच की अवधि के लिए 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों, भूमि तथा मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस जारी किया है। इससे किसानों के बीच उनके उत्पाद की बिक्री से मिलने वाली कीमत के बारे में व्यापक असंतोष का खुलासा होता है, जो उत्पादों के अनुसार अलग-अलग है। कीमतों के बारे में किसानों का असंतोष अनाजों के मामले में 25 प्रतिशत, फलों के मामले में 28 प्रतिशत, दालों के मामले में 32 प्रतिशत, तिलहनों के मामले में 35 प्रतिशत, सब्जियों के मामले में 44 प्रतिशत, कंदों के मामले में 47 प्रतिशत तथा फूलों के मामले में 84 प्रतिशत है। सर्वेक्षण ने किसानों के बीच मुख्यतः कम कीमतें मिलने से असंतोष के स्तर का खुलासा किया है जो खरीदारों की प्रकृति पर निर्भर है। खरीदार मोटेतौर से आठ प्रकार के हैं। इनमें कृषि उत्पाद मंडी समितियां-एपीएमसी या राज्य सरकारों द्वारा एपीएमसी कानून के अंतर्गत गठित मंडियां, निजी स्थानीय बाजार, सरकारी एजेंसियां, सहकारितायें, कृषक उत्पादक संगठन-एफपीओ, 'ठेका खेती' के अंतर्गत फर्मों द्वारा खरीद, निजी प्रसंस्करणकर्ता तथा निवेश डीलर शामिल हैं।

एपीएमसी से असंतोष सर्वाधिक है जिनमें केवल 5.4 प्रतिशत किसान ही अपना उत्पाद बेचते हैं। इस व्यवस्था में 'निजी स्थानीय बाजार' का प्रमुख स्थान है जिसमें 77.5 प्रतिशत किसान अपना उत्पाद बेचते हैं। अन्य खरीदारों के मामले में असंतोष का स्तर कम है, लेकिन केवल 17 प्रतिशत किसान ही इन मंचों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी से कम कीमत मिलने को पुरानी व्यवस्थाओं के कारण 'इस मंच पर किसानों की भयंकर लूट' कहा जा सकता है। सरल भाषा में कहें तो किसानों को 'निर्धारित' मंडी में अपने उत्पाद बेचने के लिए एक क्षेत्र दिया जाता है। वे उसी राज्य में अपने उत्पाद कहीं और नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो इसे कानून का उल्लंघन माना जाता है। मंडी में प्रवेश करते ही किसान को दो लुटेरों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक अढ़तिया या कमीशन एजेंट है जो नीलामी की व्यवस्था कर उत्पाद खरीदारों को सौंपता है तथा दूसरा मंडी का लाइसेंसी व्यापारी है जो उत्पाद खरीदने के लिए एकमात्र अधिकृत व्यक्ति होता है। वे एक-दूसरे से गठजोड़ कर सुनिश्चित करते हैं कि किसान को कम कीमत, अस्वीकृति, कम तौल, देर में भुगतान, आदि घातक स्थितियों का सामना करना पड़े। इनमें तीन प्रतिशत बाजार फीस, 2.5 प्रतिशत अढ़तियों का कमीशन तथा पंजाब में तीन प्रतिशत ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी और जुड़ता है। इन सबका बोझ केवल किसान की जेब पर पड़ता है।



अब स्थानीय निजी बाजार पर गौर करें। किसान को वहां अच्छी कीमत क्यों नहीं मिलती है? इसका संबंध भी मंडी के बाहर फसल बेचने पर प्रतिबंध से जुड़ा है। यदि देश के कानून का पूरी तरह पालन किया जाए तो मंडी के बाहर कोई बिक्री हो ही नहीं सकती है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर ऐसा होता है। इसका संबंध व्यापारियों-कमीशन एजेंटों तथा भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं के बीच गठजोड़ से है। जहां निजी व्यापारी असहाय किसानों को औने-पौने दाम पर अपना उत्पाद बेचने पर मजबूर करते हैं क्योंकि खासकर छोटे किसान एपीएमसी बाजारों तक पहुंचने में अक्षम होते हैं तथा उनके पास इसे बेचने की और कोई जगह नहीं होती है। इसके साथ ही कानून लागू करने की जिम्मेदारी वाले नौकरशाह अपना मुंह मोड़ लेते हैं। यदि कोई किसान किसी और को बेचने की हिम्मत दिखाता है तो व्यापारियों-अढ़तियों का यह गठजोड़ उसे कानून के उल्लंघन का डर दिखाता है। स्पष्ट रूप से इसके कारण किसानों का अधिकांश हिस्सा, लगभग 83 प्रतिशत अपने उत्पाद मंडियों या स्थानीय बाजार में बेच कर घाटा उठाता है क्योंकि उसके पैरों में एपीएमसी कानून की बेड़ियां पड़ी हैं। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता इन कानूनों में संशोधन कर निजी बाजार में बिक्री को वैध बनाना है। इसके बावजूद अधिकांश राज्य सरकारों ने ऐसा नहीं किया है।

मोदी सरकार ने इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए फार्मर्स प्रोड्यूस ट्रेड एंड कामर्स प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन एक्ट, 2020 तथा इसके साथ दो अन्य सहायक कानून-फार्मर्स इम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन एग्रीमेंट आन प्राइस एस्योरेंस एंड फार्म सर्विसेज़ एक्ट, 2020 तथा एसेंसियल कमोडिटीज़ अमेंडमेंट एक्ट, 2020 पास किए। ये कानून सभी गैर-एपीएमसी मंचों में बिक्री को बिना एपीएमसी मंडी व्यवस्था में बाधा डाले वैध बनाते हैं। इस प्रकार ये खरीदारों द्वारा उत्पीड़न से किसानों को पूरी सुरक्षा प्रदान करते हैं, हालांकि यह काम राज्यों के अधिकारक्षेत्र में आता है।

किसान अपने उत्पाद अपने पसंद के ग्राहक को बेच कर 'इच्छित' मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी किसान को लगता है कि उसे गैर-एपीएमसी स्थान पर अच्छी कीमत मिलेगी तो वह एपीएमसी से बाहर जा सकता है या अपना उत्पाद एपीएमसी में बेच सकता है। इन कानूनों में उसका जीवन बदलने की क्षमता है, जबकि वर्तमान समय में वह दबाव में बिजनेस कर रहा है। यह स्थिति पिंजड़े में बंद तोते को आजाद करने जैसी है जहां वह पिंजड़े के मालिक द्वारा मिलने वाले भोजन पर निर्भर होता है, जबकि आजाद होने पर वह अपना मालिक स्वयं होता है। इसी प्रकार नए कृषि कानूनों के बाद आजाद हुए किसान अपना उत्पाद बेचने के मामले में सशक्त होंगे।

इसके बावजूद यदि किसान इन कानूनों को नहीं चाहते हैं तो इसका अर्थ घबराहट में तार्किक सोच छोड़ना होगा। वे कानून द्वारा बेचे जाने वाले अनाज के हर दाने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी चाहते हैं। यह मांग और ज्यादा आश्चर्यजनक है। यह काल्पनिक है और कभी यथार्थ में नहीं उतरेगी, भले ही केन्द्रीय कानूनों को वापस ले लिया जाए या उनको स्थाई रूप से स्थगित कर दिया जाए। यदि कानून वापस ले लिए जाते हैं तो किसानों की गैर-एपीएमसी मंचों तक पहुंच प्रतिबंधित होगी। जब उनके उत्पादों का कोई खरीदार नहीं होगा तो कीमत की गारंटी की कोई बात अर्थहीन होगी। यदि कानून बने रहते हैं तथा इन मंचों तक पहुंच सुनिश्चित होती है, तब भी कौन सा व्यापारी एमएसपी से कम भुगतान की स्थिति में जेल जाने के भय से खरीद की हिम्मत करेगा? क्या किसान चाहते हैं कि सारा उत्पाद सरकार खरीदे?

सरकार पहले ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए भारतीय खाद्य निगम-एफओसीआई जैसी एजेंसियों द्वारा अनाज खरीदती है। यदि खरीद का वर्तमान स्तर बनाए रखा जाए तो एफओसीआई तथा अन्य के पास अनाज रखने का स्थान तथा इसके वितरण की क्षमता नहीं है। ऐसे में यदि एजेंसियों को किसानों का सारा अनाज खरीद कर उसे भंडारित व वितरित करने का सामना करना पड़े तो विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है। खाद्य सब्सिडी पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि 2020-21 के दौरान सरकार ने इस पर 5,00,000 करोड़ से ज्यादा खर्च किए। अब यदि केन्द्र किसानों का सारा अनाज खरीदने पर तैयार हो तो उसका सारा राजस्व केवल सब्सिडी पर ही खर्च हो जाएगा।

ऐसे में वह कानून व्यवस्था, अन्य सेवायें, कल्याणकारी गतिविधियों, ढांचागत संरचना बनाने तथा विकास के लिए संसाधन कहां से लाएगा? ऐसे में एकमात्र 'तार्किक' व 'व्यावहारिक' उपाय तीनों कानून बनाए रखना तथा एमएसपी की कानूनी गारंटी न देना है। इससे किसानों के लिए अनेक विकल्प खुलेंगे और उनको अपनी पसंद की कीमतें मिलेंगी जो एमएसपी से ज्यादा भी हो सकती हैं। लेकिन किसान नेता इसे स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे में हम गतिरोध से कैसे निकलेंगे? इसका रास्ता सुप्रीम कोर्ट है। जनवरी, 2021 में उसने इन कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित किया था। उसने एक कमेटी गठित की थी जिसने मार्च, 2021 में अपनी रिपोर्ट दे दी है। उसे 'फौरन' अपना फैसला देकर बताना चाहिए कि 'सही' क्या है।

# उदयगिरि की गुफाओं में संरक्षित ऐतिहासिक धरोहर




**पार्थसारथी सेन शर्मा**
(लेखक भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में अपर सचिव हैं)

पिछली शताब्दियों की इमारतें और स्मारक, सावधानीपूर्वक संरक्षित, लोगों के इतिहास और उनकी सांस्कृतिक विरासत के सबसे महत्वपूर्ण और दृश्यमान पहलुओं में से एक हैं, जो उन्हें लगातार अपने अतीत के बारे में जागरूक करते है और उन्हें पहचान और अर्थ की भावना देता हैं, जिसे गलत नहीं ठहराया जा सकता है। भारत में बहुत से प्रसिद्ध प्राचीन स्मारक विद्यमान हैं और कई लोगों द्वारा देखे जाते हैं, उनमें से कुछ यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में भी स्थान प्राप्त हैं। लेकिन इतिहासकारों, विद्वानों और पुरातत्वविदों के दुर्लभ हलकों के अलावा, ऐसे कई, कई और ऐसे स्थापत्य और सांस्कृतिक चमत्कार दृष्टिगोचर होते हैं, जो सदियों और कभी-कभी सहस्राब्दी पुराने हैं, जो आमतौर से इतने प्रसिद्ध या अक्सर देखे जाने वाले स्थलों में शामिल नहीं हैं। अपेक्षाकृत कम-ज्ञात पुरातत्व स्थल - उत्तर प्रदेश में एक संकिसा, बिहार में एक केसरिया या तमिलनाडु में एक कृष्णागिरी किला - ने मुझे हमेशा अधिक आकर्षित किया है और मैंने खुद को उन्हें तलाशने के लिए मजबूर किया है, कम यात्रा वाली सड़कों पर चलने के लिए।

पिछले महीने, मुझे मध्य प्रदेश में विदिशा की उदयगिरि गुफाओं के दर्शन करने का अवसर मिला। यह मौर्य काल का एक प्राचीन शहर है जिसमें सम्राट अशोक की रानी थी। आज, जब कोई विदिशा की संकरी गलियों और गलियों से उदयगिरि रॉक कट गुफा मंदिरों तक पहुँचने के लिए चलता है, तो कोई केवल कल्पना कर सकता है कि उस समय में यह कितना भव्य था, क्योंकि यह महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों के चौराहे पर स्थित था। अशोक अभी भी मगध के सिंहासन पर नहीं था और अभी भी उज्जैन में राजकुमार-राज्यपाल था - एक और प्राचीन शहर।

विदिशा के उदयगिरि पहाड़ी गुफा मंदिर गुप्त काल के थे और मुख्य रूप से वैष्णव प्रेरणा के थे। मुख्य सड़क के बाईं ओर, निचली पहाड़ियों पर बिखरी हुई, कई चट्टानों से बनी गुफाएं हैं, जिनमें से अधिकांश एक बार मंदिर हैं, जिनमें हिंदू देवताओं के देवताओं और देवी-विष्णु, शिव, कार्तिकेय, आदि की प्राचीन मूर्तियां और मूल्यवान धरोहरें हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, गुप्त वंश के सम्राट चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के दौरान, जिसे विक्रमादित्य के नाम से जाना जाता है, इन मंदिरों का निर्माण और नक्काशी की गई थी और उनके एक मंत्री ने इस स्थल का दौरा किया था।



मेरी भोली आंखों के लिए, नक्काशी का सबसे सुंदर टुकड़ा भगवान विष्णु के प्रसिद्ध वराह अवतार (सूअर का अवतार) में था, जो धरती माता को पकड़े हुए था, जिसे यहां एक महिला के रूप में दिखाया गया था, न कि उनके दांतों पर। यह एक चट्टानी चेहरे पर उकेरी गई एक सुंदर और आश्चर्यजनक रूप से विस्तृत कला है, और प्रमुख पात्रों के अलावा, देवी गंगा की मगरमच्छ पर और उसके कछुए पर देवी यमुना की सुंदर नक्काशी, कई अन्य लोगों के अलावा दिखाती है। एक और उत्कृष्ट और विशाल मूर्ति शेषनाग पर लेटे हुए भगवान विष्णु की थी।

हेलियोडोरस स्तंभ जो पहाड़ियों से कुछ किलोमीटर दूर खड़ा है और लगभग दो हजार साल पहले एक हिंदू देवता-वासुदेव के सम्मान में एक यूनानी राजदूत द्वारा बनाया गया था, जो न केवल इस प्राचीन भूमि की प्राचीनता और महत्व का प्रमाण है। , आधुनिक सीमाओं और सभ्यताओं के संबंध में और उन प्राचीन दिनों में धातु शिल्प की ऊंचाई के लिए, लेकिन इस तथ्य से भी कि उन प्राचीन काल में दुनिया इतनी अधिक परस्पर जुड़ी हुई थी और अन्यता की स्वीकृति - दूसरे के जीने का तरीका उनकी सोच, उनकी मान्यताएं और विश्वास और यहां तक कि उनके देवताओं के बारे में भी इतना प्रचलित था कि एक यूनानी राजदूत भारत के एक देवता के सम्मान में एक विशाल स्तंभ खड़ा कर रहा था। मैंने उदयगिरि पहाड़ियों और विदिशा को छोड़ दिया और वापस दिल्ली की यात्रा की, लेकिन उन प्राचीन नक्काशी और मूर्तियों और उनमें चित्रित कहानियों और किंवदंतियों ने मुझे कभी नहीं छोड़ा, इसलिए मैं लगभग चौंक गया जब केवल कुछ दिनों बाद, जब मैं सीढ़ियों पर चढ़ रहा था दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, एक पुस्तक विमोचन में भाग लेने के लिए, मैं उदयगिरि पहाड़ियों के वराह अवतार की ठीक उसी मूर्ति की एक विशाल श्वेत-श्याम तस्वीर के साथ आमने-सामने आया, जिसमें भगवान विष्णु अपने दांतों पर धरती माता को ले जा रहे थे। यह बहुत अधिक चौंकाने वाला संयोग था और मुझे थोड़ी देर के लिए स्तब्ध कर दिया।

जैसे-जैसे मैं अपने रास्ते पर आगे बढ़ता गया, मुझमें एक अजीब सी एकता का अहसास होने लगा। यह ऐसा था मानो हम सभी सदियों से एक साथ उन भूले-बिसरे कलाकारों के साथ बंधे हुए थे, जिन्होंने उस महान कला को तराशा था, उन राजाओं और मंत्रियों के साथ, जिन्होंने इसे वित्तपोषित किया था, उन अनगिनत भक्तों के साथ, जिन्होंने उनके चरणों में पूजा की होगी भगवान, पुरातत्वविदों के लिए, जिन्होंने सदियों बाद, उन्हें प्राचीन काल के लिए परिश्रमपूर्वक संरक्षित और संरक्षित किया होगा।

## फरमाया




**जनता** भाजपा के भावनात्मक मुद्दों पर वोट नहीं देगी। छत्तीसगढ़ के चुनावों में जनता के मुद्दे हावी रहेंगे।

**- भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री



**फरवरी** 2020 के बाद हमारे देश में बेरोजगारी दर 5 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यह प्रगति का परिचायक है।

**- कमला हैरिस**
अमेरिकी उपराष्ट्रपति



**नेता** होने का अर्थ यह नहीं है कि आप लूटें। इसका अर्थ यह नहीं होता कि आप किसी पर भी फार्च्यूनर चढ़ा दें।

**- स्वतंत्र देव सिंह**
उप्र भाजपा अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## पाखंडी विनम्रता

**महाराष्ट्र** बंद सफल रहा ऐसा कहा जा रहा है। लेकिन सच क्या है? सबने देखा। भारत के राज्यों में बंद के दौरान की स्थिति समान रहती है। केवल कारण और राज्य भिन्न होते हैं। बंद से लोगों को काफी परेशानी होती है। यह सामान्य बिंदु है। हमारे नेता और कार्यकर्ता किसी को भी महाराष्ट्र बंद में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। जब बंद घोषित किया गया था, तब ऐसा कहा जा सकता था। लेकिन ऐसी घोषणा करेंगे तो बंद की घोषणा को कोई गंभीरता से नहीं लेगा और हम मुंह के बल गिर जाएंगे। यह सच बंद की घोषणा करनेवालों को अच्छी तरह पता होगा। कार्यकर्ताओं के डर से दुकानदार दुकानें बंद कर रहे थे। साथ ही, हम ऐसे लोगों के ध्यान में क्यों आए? इसे ध्यान में रखते हुए लोगों ने घरों में ही रहना पसंद किया। तुम दुकानें बंद करो, ऊंची आवाज़ में यह कहने वाले आप कौन होते हैं? ऐसी बात कोई किसी पर थोप नहीं सकता। चुनाव प्रचार के दौरान यही नेता और कार्यकर्ता लोगों को दीदी, काका-मामा, दादा-दादी, मौसी ऐसा बुलाते हैं और लोगों से वोट की अपील करते हैं। ये वो लोग हैं जो बंद के दौरान लोगों को धमकाते हैं। लोगों को हो रही परेशानी के समाधान के लिए उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

**- जयेश राणे**, मुंबई

## गद्दारों को सेना के हवाले करो

**दिल्ली** के शास्त्री नगर से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार हुआ है समाचार पढ़ा। आखिर कैसे पाकिस्तानी हिंदुस्तान में पनाह पा जाते हैं यह विचारणीय विषय हैं? इनको पनाह देने वाले इस देश के प्रति अपना समर्पण क्यों नहीं दिखा पाते। हम हमारे मुस्लिम भाइयों की देशभक्ति पर शक नहीं कर रहे हैं मगर फिर भी कोई तो है जो ऐसे गद्दारों को पनाह दे देते हैं फिर वे क्यों अनजान रहते हैं ऐसे विदेशी पाकिस्तानियों से यह व्यक्ति पिछले 15 साल से भारत में रहता था इसने यही की लड़की से शादी भी कर ली थी। अतः बहुत जरूरी है किसी को यूं अनदेखे, अनजाने को देश में अपने यहां पनाह देने की। आज हम हमारा मुल्क बहुत सारी परेशानियों से जूझ रहा है तब ऐसे गद्दारों को कैसे पनाह मिल जाती है। भारतीयों जागो। जब हमें एक साथ मिलकर हर बार गाते हैं हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब आपस में है भाई भाई। तो कैसे कोई इस मूल भावना का गला घोटने लग जाता है इसका तोड ढूंढिए ।कश्मीर के कारण देश ने काफी कुछ सहन किया है आज कश्मीर को यूं बदनाम ना होने दीजिए उसकी सुरक्षा के लिए हमारी सेना को हर तरह की मदद करिए। कश्मीर हमारे देश का माथा है उसे किसी भी तरह झुकने ना दीजिए।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

## कट्टरपंथी सोच

**तालिबान** व्दारा बर्बरता का बेशर्मी से बखान बड़ी बखूबी से कट्टरपंथी सोच के पीछे छुपे मकसद को उजागर करता है। कट्टरपंथी अतंकवाद का जनक है ये तो साफ है, क्योकि जैसे ही कट्टर सोच लोगो के मस्तिष्क को काबू करती है वैसे ही ये उनके मन से मानवता को खत्म कर आंतकवाद का बीज बो देती है। बन्दूक की नोक से अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने वाला तालिबान उसी कट्टरपंथी सोच का मारा है जो उसको हर समय बेतुकी बाते और आपराधिक वारदते करने पर मजबूर करता है। आज के समय भारत एक शशक्त देश के रूप में उभर रहा है जो शायद इन कट्टरपंथियो की आंखों में खटकता है, यही कारण है की आए दिन ये कट्टरपंथी भारत को गीदड़ भभकी देते है तथा गजनवी जैसे खलनायक को अपना नायक बताते है। हालांकि भारत इतना अटल और सहासी है की अगर लाख कोशिशे भी कि जाए तब भी भारत को दबाना मुश्किल है। हक्कानी जैसे लोग इस बात से वाकिब है, यदपि यही डर उन्हे भारत विरोधी हरकत और बेतुकी बयानबाजी करने पर मजबूर करता है।

**- निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख की घोषणा नहीं होने से किसानों में असमंजस

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख की घोषणा नहीं होने से किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है राज्य सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष खरीदी के पूर्व सरकार के द्वारा समय सारिणी की घोषणा पूर्व हो जाता था जिससे किसानी कार्य में तेजी देखने को मिल जाता था लेकिन इस साल अभी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख तय नहीं होने से किसान पसोपेश में है जबकि अवर्षा तथा अल्प वर्षा को देखते हुए बेमेतरा जिले के अधिकांश किसानों के द्वारा अर्ली वैरायटी के धान बोये गए हैं और धान की नई फसल कटकर खेत से किसानों के खलियान और घरों में पहुंचने लगा है अभी तक किसानों को इस बात की जानकारी ही नहीं मिल पा रही है कि सरकार आने वाले दिनों में कब से धान खरीदी शुरू करेगी इसके अलावा किसानों में यह भी चर्चा होने



लगी है कि इस वर्ष भी क्या बारदाने की व्यवस्था किसानों को ही करनी है? गौरतलब हो कि प्रतिवर्ष सरकार के द्वारा 1 दिसम्बर से आगामी वर्ष के 31 जनवरी तक धान खरीदी की घोषणा की जाती रही है इसलिए इस वर्ष भी ज्यादातर किसानों को सरकार पर अब भरोसा होने लगा है कि आने वाले 1 दिसंबर से हर हाल में धान की खरीदी केंद्रों में शुरू हो जाएगी लेकिन अभी तक धान खरीदी को लेकर किसी प्रकार के दिशा निर्देश सहकारी समितियों को प्राप्त नहीं हुआ है फिलहाल धान खरीदी को लेकर समितियों में नए किसानो के पंजीयन का कार्य चल रहा है जो कि आगामी 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा इस वर्ष बड़े पैमाने पर गांव-गांव में धान का रकबा बढ़ गया है नए नए किसानो के द्वारा धान की खेती किए जाने से पंजीयन समितियों में किया जा रहा है।

**467 चबूतरा मनरेगा से बने-** शासन द्वारा धान खरीदी के लिए केंद्रों में मनरेगा के तहत 467 चबूतरे का निर्माण किया गया है जो कि खरीदी केंद्र के अनुपात से 12 से 15 प्रतिशत ही है जबकि वर्तमान में सभी समितियों के रिक्त पड़े फड़ में नए नए चबूतरा निर्माण की आवश्यकता है वर्तमान में मंडी बोर्ड के माध्यम से नए चबूतरे का निर्माण शेड युक्त किया जा रहा है वह भी धान खरीदी के अनुपात में बहुत ही कम है।

**धान खरीदी को लेकर संसाधन की कमी-** धान खरीदी केंद्रों में संसाधन की कमी शुरुआती दिनों से ही बनी हुई है यद्यपि सरकार की शत प्रतिशत मंशा है कि इस बार धान का संग्रहण खरीदी केंद्रों में ही किया जाए ताकि अलग से संग्रहण केंद्र में परिवहन की समस्या ना रहे सरकार की यह भी मंशा है कि सीधे कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स धान का उठाव खरीदी केंद्रों से ही करें इसलिए शेड युक्त नए चबूतरा निर्माण की आवश्यकता जिले के सभी 113 धान खरीदी केंद्रों में है।

### खरीदी के लिए बारदाना, धान भूसा और तालपत्री का अभाव

आगामी दिनों में होने वाले धान खरीदी को लेकर अभी तक सरकारी समितियों में संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाया है इसमें मुख्य रूप से नए बारदाने की कमी के अलावा धान भूसा एवं धान की सुरक्षा के लिए ताल पत्री की नितांत आवश्यकता है जिले के किसी भी धान खरीदी केंद्रों में जरूरत के आधार पर इन सामग्रियों का भरपूर अभाव बना हुआ है इन परिस्थितियों में आने वाले दिनों में होने वाले धान खरीदी को देखते हुए अभी तक राज्य सरकार से इस संबंध में कोई दिशा निर्देश जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाले सहकारी समितियों को प्राप्त नहीं हो पाया है।

### अंतिम लेखा मिलान 15 समितियों का बाकी

जिले में गतवर्ष हुए धान खरीदी को लेकर समितियों का लेखा मिलान अब तक 98 समितियों का हो चुका है अभी भी 15 समितियों का लेखा मिलान बाकी है लेखा मिलान के बाद जिले के विभिन्न समितियों को लाखो का नुकसान उठाना पड़ सकता है बीते कई वर्षों से इन समितियों को आर्थिक रूप से लाखों रुपए की क्षति हो चुकी है परिवहन एवं भंडारण की यही नीति रही तो समितियों का आर्थिक ढांचा पूर्णता ध्वस्त हो सकता है।

### 60 लाख किवंटल धान खरीदी की संभावना

आगामी दिनों में जिले के 113 धान खरीदी केंद्रों में खरीदी प्रारंभ होने की दशा में इस वर्ष अनुमान है कि 60 लाख ि्टल धान खरीदी की खरीदी हो गत वर्ष 5 लाख 80 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी इस वर्ष धान का रकबा बढ़ जाने से पंजीयन केंद्रों में नए किसान पंजीयन करा रहे हैं इससे धान की आवक खरीदी केंद्रों में गत वर्ष की तुलना में बढ़ने की प्रबल संभावना है।

## भूमिहीन कृषि मजदूरों को न्याय योजना के तहत लाभ दिलाने पंजीयन जारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को लाभ दिलाने के लिए जिले में पंजीयन कार्य जारी है। योजना के तहत बेमेतरा जिले में 11 अक्टूबर तक कुल 12 हजार 992 हितग्राहियों ने ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के तहत पंजीयन के लिए आवेदन किए हैं। जिसमें बेमेतरा विकासखण्ड के 110 ग्राम पंचायतों मे 3465 आवेदन, साजा के 106 ग्राम पंचायतों मे 4249 आवेदन, नवागढ़ के 111 ग्राम पंचायतों मे 3539 आवेदन, बेरला के 102 ग्राम पंचायतों मे 1739 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शासन की इस जनहितकारी योजना का लाभ लेने के लिए भूमिहीन मजदूर काफी उत्साह के साथ पंजीयन कराने ग्राम पंचायत कार्यालयों में आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक भूमिहीन परिवार को छह हजार रुपये की अनुदान सहायता राशि दी जाएगी। हितग्राही परिवार के चिन्हांकन के लिए पंजीयन का कार्य 01 सितंबर से शुरू हो गया है। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य 01 सितंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा।

भूमिहीन कृषि मजदूरों के रूप में पंजीयन के लिए हितग्राहियों को आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस आवेदन फार्म में मुखिया का नाम, गांव का पता, पटवारी हल्का नम्बर, सदस्यों का विवरण, बैंक खाता, आधार कार्ड आदि का विवरण दर्ज करना होगा। सभी ग्राम पंचायतों में पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। हितग्राही परिवार को जरूरी दस्तावेज के साथ आवेदन करने के पश्चात पावती भी पंचायत सचिव से प्राप्त होगी। पंचायत सचिवों द्वारा प्राप्त आवेदनों को ग्रामवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय में निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना होगा। इस कार्यालय के पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की इंट्री की जाएगी। तत्पश्चात् राजस्व अधिकारियों द्वारा भुइयां रिकार्ड के आधार पर इन प्रविष्टियों का परीक्षण किया जाएगा। पोर्टल में प्रर्दशित नियमो के अनुसार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

## खारुन तट पर होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पालिका क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए खारुन नदी तट वार्ड 13 शक्ति मंदिर व महामाया मंदिर के खारुन तट पर विसर्जन स्थान बनाया गया है विसर्जन 15 सितम्बर 2021 को करने का आदेश जारी किया गया है। पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने भी श्रद्धालुओं से नदी और तालाबों को प्रदूषण से सुरक्षित रखने और अस्थाई विसर्जन कुंड में मूर्तियों का विसर्जन करने की अपील की है नगर पालिका कुम्हारी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत खारून नदी के तट पर मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन की व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक तौर पर सुचारु ढंग से संचालन करने



नगर पालिका कुम्हारी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। मुनपा परिषद अधिकारी ने सभी परिषद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा जारी समस्त निर्देशों का मूर्तियों के विसर्जन के दौरान पूर्ण व्यवहारिक पालन करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई दायित्व जिसमें दुशान्त चौहान उप अभियंता व सुपरवाईजर राजेश देवांगन विसर्जन स्थल पर लाईट व प्रकाश की व्यवस्था करेंगे। वहीं अधिकारी अनिल झा स्वच्छता निरीक्षक एवं ओमप्रकाश सोनकर सफाई दरोगा इन्हें एनजीटी के तहत विसर्जन कुंड व विशेष साफ सफाई का दायित्व दिया गया है।

## आजादी के अमृत महोत्सव के संबंध में बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के आयोजन एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिष्चित करने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा, लीना कमलेष मंडावी ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर आवष्यक निर्देष दिए। अमृत महोत्सव के दौरान पुरखा के सुरता, मेंरा गांव मेंरा धरोहर, हमर संस्कृति हमर विरासत आजादी के पुरोधा कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि 22 अक्टूबर को पुरखा के सुरता के अंतर्गत देवकर में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित प्रदर्षनी, चित्रकला विचार गोष्ठी, संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम में साजा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेष के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। हमर धरोहर हमर गौरव के अंतर्गत बीते 08 अक्टूबर को बेरला ब्लॉक के ग्राम कुसमी में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अमृत महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की सहभागिता भी सुनिष्चित की जायेगी। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, मेनका चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी, अरविंद मिश्रा, उपसंचालक पंचायत, नकुल वर्मा, पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय साजा के प्राचार्य, डॉ. आई.पी. दिनकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, शासकीय पी.जी. कॉलेज बेमेतरा के प्रोफेसर, एन.आर. निर्मलकर उपस्थित थे।

## दिल्ली से रवाना विजय मशाल पहुंचा, कबीरधाम जिले के चिल्फी में स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर अपनी शानदार जीत का 50 वां वर्ष (स्वर्ण जयंती) उत्सव पूरे भारत में ÷स्वर्णिम विजय वर्ष स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कबीरधाम जिले में आज 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय महत्व के आयोजन स्वर्णिम विजय वर्ष स्मरणोत्सव को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया मनाया। 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले हमारे बहादुर सैनिकों को सम्मान देने और जनता, विशेष रूप से युवा पीढ़ी में गर्व की भावना पैदा करने के लिए दिल्ली से रवाना हुए स्वर्णिम विजय मशाल का छत्तीसगढ़ में कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना परिसर में गरिमामयी आयोजन में सम्मान से स्वागत किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार झा और कमांडेंट भिलाई एम आर अहिरे ने कबीरधाम जिले के अपर कलेक्टर भगवान सिंह उइके को स्वर्णिम विजय मशाल सौपा। ससम्मान स्वर्णिम विजय मशाल को स्थापित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक




सूबेदार जीपी साहू, पूर्व नायक जितेंद्र टेकाम, पूर्व नायक अब्दुल सईद खान, प्रदीप आस्था, महेंद्र प्रताप राणा, सन्तोष साहू, जिला योजना अधिकारी विनोद अहिरवार जनपद सीईओ केशव वर्मा, नायाब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी, चिल्फी थानादार बृजेश सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों ने स्वर्णिम विजय मशाल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। मंच संचालन करते हुए अवधेश नन्दन श्रीवास्तव में स्वर्णिम विजय मशाल की गौरव गाथा एवं पूरी यात्रा की जानकारी दी।

## मां दुर्गा की महिमा बताने ब्रह्माकुमारी आश्रम में नवरात्रि झांकी महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ब्रह्मकुमारी आश्रम में दीप प्रज्वलित कर किसान नेता योगेश तिवारी ने नवरात्रि झांकी कार्यक्रम की शुरुआत की । इस दौरान शशी बहन ने किसान नेता को नवरात्रि पर्व में माता के महिमा की जानकारी झांकी के माध्यम से देने और मनुष्य जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया । कार्यक्रम में किसान नेता ने कहा कि दुर्गा शक्ति की प्रतीक मानी जाती हैं । दुर्गा को लक्ष्मी, सरस्वती व अन्य रुपों में दिखाया जाता है । भारत में नारी पूजी जाती है और दुर्गा पूजा के अवसर पर कन्याओं की पूजा का प्रचलन आज भी है। दुर्गा शक्ति की प्रतीक है। लक्ष्मी धन व सरस्वती विद्या की जननी हैं । देवियों को अष्टभुजा दिखाया जाता है। अष्टभुजा शक्तियों का प्रतीक होता है जिसमें



मुख्य रुप से सहनशक्ति, समाने की शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, सहयोग की शक्ति, विस्तार को छोटा करने की शक्ति और समेटने की शक्ति है । शशि बहन ने कहा कि आज मनुष्य के अंदर असुर विराजमान है जो कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के तौर पर पांच बड़े राक्षस शरीर में हैं। इसके विपरीत दया, करुणा, प्रेम, क्षमा आदि देवीय संस्कार भी हमारे अंदर हैं। ब्रह्माकुमारी आश्रम में आकर मनुष्य अपने खोए हुए देवत्व को पुनः प्राप्त कर सकता । अजय मिश्रा जीवन गायकवाड़ संतोष साहु शिवम तिवारी उपस्थित थे।

## स्थानीय युवक युवतियों को मिले रोजगार, उद्योग विभाग एमओयू करने से पहले करे सुनिश्चित : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला को प्रदेश शासन ने आकांछि जिला घोषित किया है, कुछ उद्योगों को तो 100 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है,ताकि बेमेतरा में उद्योग धंधे स्थापित हों और स्थानीय लोगो को,युवक युवतियों को रोजगार मिले,काम मिले, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जिला उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिख कर कहा है कि एम ओ यू करने से पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि जिले के मानव संसाधन का उपयोग किया जाएगा नियुक्तियां बाहरी लोगों की नही होगी,यहाँ के युवा भी तकनीकी, प्रबंधन और कौशल से दक्ष हैं उन्हें मौका दिया जाना



चाहिए,तभी उद्योग स्थापित करने की मंजूरी मिले वरना प्रदूषण झेले स्थानीय ग्रामीण और नौकरी मिले बाहरी लोगों को यह कतई मंजूर नही होगा। राज्य सरकार उद्योग प्रोत्साहन के लिए 60 से 100 प्रतिशत अनुदान और छूट दे रही है, कौड़ी के मोल जमीन दे रही है,पानी और बिजली की व्यस्था करके अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर के देगी, यह छूट जनता के टैक्स के पैसों की है ऐसे में जो भी उद्योग स्थापित किये जायें ज्यादा से ज्यादा मानव संसाधनों पर आधारित रहे न कि औटोमेटिक सयंत्र जिसमे अधिकतम काम मशीनों से होता है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी कहा कि जिले में कंडरका में लगे उद्योग धंधों में सी एस आर फण्ड का उपयोग का भी सोशल आडिट की जरूरत है,सी एस आर सिर्फ कागजों पर चल रहा है,जमीनी रूप से अंचल के लोगो को कोई लाभ नही मिल पा रहा है,जिला पंचायत सदस्यों की समिति गठित कर शीघ्र ही वस्तु स्थिति की जानकारी के लिए उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू को कहा है, प्रज्ञा निर्वाणी ने यह आरोप लगाया है कि सी एस आर के नाम पर करोड़ों रुपयों का काम के नाम पर सिवाय खाना पूर्ति और लीपा पोती के कुछ भी नही हुआ है,उद्योग विभाग के अधिकारियों को इसमे ध्यान देना चाहिए।

## बेमेतरा में स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का स्वागत

- जिले वासियों ने किया स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध मे भारतीय सेना के वीर एवं जाबाज योद्धाओं जिन्होंने युद्ध में अपने प्राण न्यौछावर किये एवं जो इस युद्ध के साक्षी रहे हैं को समर्पित करते हुए स्वर्णिम विजय वर्ष मनाया जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। स्वर्णिम विजय वर्ष के मशाल यात्रा कबीरधाम जिले से होकर आज मंगलवार 12 अक्टूबर को बेमेतरा में इस विजय मशाल रैली का आगमन हुआ। यह कार्यक्रम बेमेतरा के टाउन हॉल मे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बेमेतरा श्री आशीष छाबड़ा ने कहा कि युद्ध के 50 साल पूरे होने पर स्वर्णिम मशाल यात्रा निकाली गई है। मां भद्रकाली की पावनधरा बेमेतरा मे मैं स्वागत करता हूं। भारत देश के वीर योद्धा को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित




करता हूं जिन्होने अपने प्राणों की आहुति दी। इस युद्ध मे भारतीय सेना ने पाकिस्तान सैनिकों को धूल चटाई। विधायक ने 1971 के युद्ध के साक्षी रहे कैप्टन दल्लू प्रसाद अवस्थी एवं कैप्टन मदन मोहन बाजपेयी का शाल श्रीफल भेंट कर एवं 5 हजार रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने कबीरधाम जिले के भूतपूर्व सैनिक स्व. जीवन लाल सोनी की धर्मपत्नी बबीता सोनी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कहा कि भारत पाक युद्ध के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का आज बेमेतरा जिले मे आगमन हुआ है, जिले मे हम इसका स्वागत करते हैं। भारतीय सेना की शोहरत पूरे विश्व में फैली, यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। वर्ष 1971 मे बंगलादेश का निर्माण हुआ। जिलाधीश ने कहा कि युद्ध के साक्षी रहे हमारे बेमेतरा जिले के दो भूतपूर्व सैनिकों का हम सम्मान करते हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर रहें। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला साहू ने कहा कि स्वर्णिम विजय मशाल रैली का बेमेतरा मे नगर वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन करती हूं। आज के कार्यक्रम मे जिले के दो भूतपूर्व सैनिक का भी सम्मान किया गया जो हम सब के लिए गर्व का विषय है। लेप्टिनेंट कर्नल (छ.ग.-ओड़िसा जोन) रमेश कुमार झा ने कहा कि यह विजय मशाल रैली का बेमेतरा जिले मे आगमन हुआ है। मैं इसका हार्दिक स्वागत अभिनंदन करता हूं। 03 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 1971 को भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ था। भारतीय सेना के वीर एवं जाबाज योद्धा जिन्होने अपने प्राण न्यौछावर किए एवं इस युद्ध के साक्षी रहे है को समर्पित यह मशाल यात्रा निकाली गई है। हम इस युद्ध मे शहीद हुए वीर सैनिकों की शहादत को नमन करते हैं। टाउन हॉल मे कस्तूरबा गांधी अवासीय बालिका विद्यालय, एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार कुजूर, एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा, नवागढ़ी विश्वास राव मस्के, नगर पालिका उपाध्यक्ष बेमेतरा पंचू साहू, पार्षद रानी सेन, पार्षद मनोज शर्मा, एल्डरमेन श्रीमती जनता साहू के अलावा मंगत साहू, सुमन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी, खाद्य अधिकारी राजेश कुमार जायसवाल, भूतपूर्व सैनिक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मशाल यात्रा का बेमेतरा मे जगह जगह स्वागत- जैसे ही स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का कवर्धा जिले से बेमेतरा शहर मे आगमन हुआ, शहर के युवाओं आम नागरिकों, स्कूली बच्चों ने भारत माता की जयकारा लगाया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर आत्मीय स्वागत किया। एनसीसी एवं स्काउट गाईड के बच्चों ने भी पूरे उत्साह और उमंग से मशाल यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। नवागढ़ चौक, पिकरी, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, गश्ति चौक, सिंघौरी होकर टाउन हॉल पहूंचते तक आम नागरिक कतार बद्ध होकर मशाल जूलूस का तहेदिल से स्वागत किया।

## ग्राम सुरुजपुरा में डॉक्टर और सरपंच के बीच विवाद, दोनों पक्षों में मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले व कोदवा समीपस्थ ग्राम सुरुजपुरा में डॉक्टर और सरपंच के बीच, मेन रोड में गड्ढा, रास्ता नहीं दिये जाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद, पुलिस ने किया मामला दर्ज। मिली जानकारी अनुसार आपको बतादे की कोदवा समीपस्थ, बेरला विकासखंड व साजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरुजपुरा में एक डॉक्टर दिलीप वर्मा और गाँव के सरपंच बलराम पटेल के बीच विवाद, मामला इतना ब?ा की मारपीट तक पहोच गया। साजा पुलिस दोनों पक्षों का मामला दर्ज किया। सुरुजपुरा निवासी डॉक्टर दिलीप वर्मा ने बताया कि देवरबीजा अपने क्लीनिक कार से जा रहा था 5 लोंगो ने मिलकर मेरे ऊपर हमला किये है। मैं किसी भी राजनैतिक दल से जुड़ाव ना रखते हुए कोरोना काल मे अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों का इलाज करता हूं। डॉ दिलीप ने



मीडिया को बताया कि गांव के सरपंच बलराम वर्मा ने दल बल के साथ मारपीट की है। घटना सुबह 9 बजे की जब अपने क्लीनिक के लिए निकले, गाँव मे नल जल योजना के तहत रास्ते की खुदायी कर दी गयी थी, आग्रह किया कि उनकी कार को जाने के लिए मार्ग दिया जाय वर्ना वो ड्यूटी नहीं जा पाएंगे। तभी गाँव के सरपंच बलराम वर्मा अपने दलबल के साथ वहाँ पहुंच गए और गाली गलौज करने लगें। डॉ वर्मा के विरोध करने पर सरपंच सहित 5 लोगों ने उनके साथ मारपीट की । उनको तुरंत साजा अस्पताल रिफर किया गया। ग्राम सूरजपुरा सरपंच एवं बेरला मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल ने बताया आज उनके ऊपर विपक्षी लोगों द्वारा प्राणघातक हमला हुआ। जिसमें घायल अवस्था मे उनका उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा ले जाया गया। उन्होंने कि यह घटना गाँव के दबंग दिलीप पटेल द्वारा सुरजपुरा-परसबोड़ मार्ग पर मारपीट किया गया। बलराम पटेल ने दुर्ग सांसद विजय बघेल के कार्यक्रम में शामिल होने पाटन विधानसभा क्षेत्र जा रहे थे। बीच रास्ते में दिलीप पटेल द्वारा रोका गया। फिर इसी बीच मारपीट, कर गाड़ी तोड़ते हुए पत्थरबाजी कर घायल कर दिया। जिसे ईलाज के लिए साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बलराम पटेल के रिपोर्ट पर दिलीप वर्मा के खिलाफ धारा 294 506 बी 323 तथा दिलीप वर्मा की रिपोर्ट पर बलराम पटेल के खिलाफ धारा 294 506 323 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**-अंबर सिंह**
साजा थाना प्रभारी

# कलेक्टर पहुंचे मनोरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के दिए सख्त निर्देश

■ कन्या छात्रावास में किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश बिना अनुमति नहीं देने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने 12 अक्टूबर को मनोरा विकासखंड के तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास मनोरा का आकस्मिक निरीक्षण करके व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने तहसील कार्यालय के लंबित प्रकरणों में बटांकन, सीमाकंन, नामांतरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, आय-जाति, निवास प्रमाण-पत्र, भू-अर्जन के प्रकरणों की जानकारी ली और तहसीलदार को आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पक्षकारों को पेशी की तारीख देकर समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करें। साथ ही अंग्रेजी




माध्यम स्कूल का निरीक्षण करके स्कूल के निर्माण कार्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम स्कूल छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना में शामिल है। बच्चों को उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा सुविधा उपलब्ध करावें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.एस.मण्डावी और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मनोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के लिए कहा है, और छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बी.एल.ई. के माध्यम से बनवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि ग्रामीण जन योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में रात्रि पाली में भी अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य कर्मचारियों को ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि परिसर में बिजली और पानी की समस्या है। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने कन्या छात्रावास का निरीक्षण करके बच्चों को दी जाने वाली सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, अधीक्षिका की उपस्थिति, होमगार्ड की उपस्थित सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रावास परिसर में बिना अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश करने न दे साथ ही आने-जाने वालों की जानकारी रखें। और कड़ाई से नियमों को पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर स्टाम्प पेपर बेचने वालों की अब खैर नहीं

■ स्टाम्प वेण्डर पूर्णिमा सोनी और चुन्नी लाल यादव का लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में चल रहे स्टांप और टिकिट विक्रेताओं की मनमानियो की खबर अखबार में प्रकाषित होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए विभागिय अधिकारियो को निर्देषित किया । ज्ञात हो किसानो और जरूरत मंद लोगो को निर्धारित दामो से ज्यादा मूल्य में स्टांप और टिकिट बेचने की खबर को दैनिक पायनीयर अखबार ने प्रमुखता से उठाया था, जिसके उपरांत कलेक्टर ने मामले पर गंभीरता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देषित किया जिसके बाद से तहसील परिसर में काफी लंबे समय से गायब हो चुके कम मूल्य के स्टांप और टिकिट आमजन के लिए उपलब्ध हो गये है।

जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर स्टाम्प पेपर बेचने वालों की अब खैर नहीं होगी। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर कलेक्टर ऑफ स्टाम्प एवं लायसेंस प्राधिकारी तथा जिला पंजीयक विभूति कुमार क्षेत्रज्ञ द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर स्टाम्प पेपर बेचने वालों (स्टाम्प व्हेण्डरो) पर लगातार निगाह रखी जा रही है और ऐसे कृत करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जारी लायसेंस निरस्त और निलंबित की जा रही है। इसी कड़ी में उपपंजीयक कार्यालय परिसर मुंगेली में स्टाम्प पेपर बेचने वाले स्टाम्प व्हेण्डर श्रीमती पूर्णिमा सोनी और चुन्नी लाल यादव का लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला पंजीयक श्री क्षेत्रज्ञ ने बताया कि उनके द्वारा उपपंजीयक कार्यालय मुंगेली परिसर स्थित स्टाम्प व्हेण्डर दुकानों का औंचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय स्थल पर 50 रूपये के स्टाम्प को 60 रूपये में विक्रय करते पाया गया तथा विक्रय स्थल पर चेक लिस्ट स्टाम्प का विवरण की चस्पा नहीं किया गया था। छत्तीसगढ़ स्टाम्प नियम 1942 के नियम के शर्तो का उल्लंघन किये जाने पर कलेक्टर ऑफस्टाम्प एवं लायसेंस प्राधिकारी तथा जिला पंजीयक श्री क्षेत्रज्ञ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये स्टाम्प व्हेण्डर श्रीमती पूर्णिमा सोनी और स्टाम्प व्हेण्डर चुन्नी लाल यादव का लायसेंस को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया गया है।



बिलासपुर संभाग 08

तहसील परिसर किसानों और जरूरतमंदो के लिए परेशानियों का सबब बना

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित तहसील परिसर किसानों और जरूरतमंदो के लिए परेशानियों का सबब बनता जा रहा है, रजिस्ट्री कराने आये लोगो को मुंह मागे दामो में स्टांप एवं रसीदी टिकिट बेचने वालो को न तो अनुविभागिय अधिकारी का खौफ नजर आ रहा है। और न ही इन विक्रेताओं को गरीब किसानो या टिकिट खरीदने आये लोगो की मजबूरियों से कोई सरोकार नजर आ रहा है। ज्ञात हो ज्यादा बिक्री की षिकायतो के बाद तात्कालिन कलेक्टर द्वारा सभी स्टांप वेंडरो को स्टाक मूल्य सहित चस्पा करने का आदेष दिया गया था, इसके बावजूद भी इन दिनों तहसील परिसर पर स्टांप वेंडरो द्वारा 10 रू की टिकिट के ऐवज में 15 से 20 रू तक वसूला जा रहा है वही 50 रू में मिलने वाले स्टांप को 70 रू तक बेचे जाने की सूचनाएं सामने आने लगी है जिसकी षिकायत अनुविभागिय अधिकारी मुंगेली से भी की जा चुकी है किंतु इसका खौफ भी इन पर नजर नही आ रहा है। वही दुसरी तरफ स्टांप वेंडरो के मुताबिक न तो कोषालय से उन्हे स्टांप की आपूर्ति समय पर की जा रही है और न ही जिला कोषालय में कम राषी के स्टांप है, जिसकी वजह से काफी लंबे समय से 5 रू.10 रू. 20 रू. के स्टांप की किल्लत नजर आ रही है, टिकिट खरीदने आये चेतन लाल साहू ने बताया कि 10 रू के टिकिट के लिए पुरे तहसील परिसर में घुमने के उपरांत एक विक्रेता के पास उन्हे टिकिट मुहैया हुई जिस पर उन्हे 50 रू के टिकिट के ऐवज में 70 रू का भुगतान करना पड़ा, इसी तरह महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा 50 रू. के स्टांप के ऐवज में 70 रू की मांग स्टांप विक्रेता द्वारा की गई । इस पूरे मामले पर अनुविभागिय अधिकारी मुंगेली नवीन भगत ने बताया कि षिकायत प्राप्त हुई है, स्टांप वेंडरो को बुलाया गया था, एवं स्टांप की कमी से जुझ रहे स्टांप वेंडरो को कोषालय से स्टांप लाने कहा गया है।



# महामाया माता मंदिर परिसर में अष्टमी पर हवन एवं महा भंडारे का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

महामाया माता मंदिर परिसर में अष्टमी में हवन का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर संचालक तेजराम देवांगन परिवार एवं नगरवासियों द्वारा पंडित गुमान धर दीवान जी के मंत्रोच्चार के साथ ही श्रद्धा पूर्वक हवन में आहुति दी गई । श्रद्धालु भक्तजनों एवं नगर वासियों के सामूहिक सहयोग से सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति कुम्हारी द्वारा महाअष्टमी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करने हेतु एक और जहां नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अपने युवा पार्षद साथियों के साथ स्वयं भी खिचड़ी बनाने में सहयोग करते हुए भोग



वितरण कर किया तो नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने भी माता के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए इस आयोजन में अपना सहयोग प्रदान किया जिनका नेतृत्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी जीतेंद्र कुशवाहा जी ने किया आयोजन समिति के अध्यक्ष नोबेल सिन्हा उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, ओम यादव ओमू, रामकुमार चक्रधारी कोषाध्यक्ष लेख राम साहू लव विश्वकर्मा सचिव किशोर सोनकर अश्विनी साहू (मुन्ना ), सह सचिव सालिक धीवर, हरेंद्र राठौर आदि पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने स्फूर्त होकर भोग वितरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी उपाध्यक्ष के रवि कुमार, पार्षद मनहरण यादव, जानकी ध्रुव, देवेंद्र साहू, राजेश साहू, निलिश पटेल, नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी गण सभी ने इस महा भंडारे के आयोजन में अपना अमूल्य योगदान दिया।

# जनदर्शन में आई आबिस्ता को हाथों हाथ दिया गया नया कार्ड

■ कलेक्टर ने कहा भरोसा जीतने के लिए काम करना होगा

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने 12 अक्टूबर को जशपुर जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सभी अधिकारी गंभीरता से सुनें और निराकरण करें। अनावश्यक लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए न भटकाएं। लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता से समस्याओं का समाधान करना होगा। कलेक्टर जनदर्शन में आए कांसाबेल विकासखंड निवासी



आबिस्ता तिर्की ने अपने समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है, जिसके कारण उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर ही खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया और आबिस्ता तिर्की का राशन कार्ड बनवा कर दिया गया। राशन कार्ड पाकर आबिस्ता तिर्की ने कलेक्टर और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनका जशपुर आना सार्थक हुआ।

# जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सार्थक प्रयास से परिजनों को मृतक रामकेश्वर के अंतिम संस्कार में शामिल होने का अवसर मिला

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने त्वरित व सार्थक पहल करते हुए बगीचा विकासखंड के ग्राम सामरबार के निवासी मृतक रामकेश्वर का 11 अक्टूबर को विभिन्न सूत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई कि तमिलनाडु जिला तिरूपत्तूर में जिला जशपुर का एक मजदूर कुछ महीनों पूर्व किसी फैक्ट्री में काम करने गया था। वहां इसकी मृत्यु लगभग 20-22 दिन पूर्व हो गयी थी। उसका शव अस्पताल में मर्च्यूरी में रखा हुआ था। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के दिशा-निर्देश में तत्काल टीम तिरूपत्तूर भेजने के लिए कहा गया। एसडीएम बगीचा आकांक्षा त्रिपाठी ने टीम बनाकर रवाना किया। पुलिस थाना द्वारा प्रशासन से संपर्क के पश्चात् यहॉ तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए रात करीब 9 बजे पुलिस प्रशासन की टीम तमिलनाडु रवाना की गयी। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण जिला प्रशासन ने परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया। बगीचा जनपद पंचायत के सीईओ विनोद सिंह ने भी टीम भेजने में सहयोग प्रदान किया। टीम में मृतक का भाई रामेश्वर, बगडोल सरपंच श्री ललित कुमार नागेश एवं मिथलेश यादव प्रधान आरक्षक थाना बगीचा शामिल थे। 12 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे परिजनों की उपस्थिति में तिरूपतूर में ही मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। सूचना प्राप्ति के 24 घंटों के भीतर जिला एवं पुलिस प्रशासन के सार्थक और त्वरित प्रयास से मृतक रामकेश्वर को 1800 कि.मी. की दूरी से आए अपने परिजनों की उपस्थिति में पंचतत्व में विलीन होने का अवसर मिला।

# प्रदेश की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण अब 30 तक

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग द्वारा प्रदेश की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण हेतु निर्धारित तिथि अब बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। अब आवेदक सीजीक्यूडीसी मोबाईल एप्प पर ऑनलाईन पंजीकरण तथा अपने से संबंधित जानकारियां 30 अक्टूबर तक अपलोड कर सकेंगे। पूर्व में सर्वेक्षण के लिए 12 अक्टूबर 2021 की तिथि निर्धारित की गई थी। आयोग द्वारा संशोधित तिथि के निर्धारण के बाद सर्वेक्षण हेतु संशोधित विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। सीजीक्यूडीसी



मोबाईल एप्प गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग के सचिव से प्राप्त संशोधित कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन पंजीकरण एवं डाटा संग्रहण व सत्यापन का कार्य 30 अक्टूबर 2021 तक किया जाएगा। डाटा संग्रहण पश्चात ग्राम पंचायत वार एवं वार्ड वार सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जोन कार्यालय में 27 नवम्बर 2021 तक किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा एवं आपत्ति 15 दिसम्बर 2021 तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण 30 दिसम्बर 2021 तक किया जाएगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र में ग्राम सभा द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र में पी.आई.सी एवं एम.आई.सी. द्वारा 20 जनवरी 2022 तक अनुमोदन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद स्तर पर एवं नगरीय क्षेत्रों में निकाय स्तर पर डाटा संकलन का कार्य 05 फरवरी 2022 तक किया जाएगा।

## स्वस्थ्य जीवन के लिए खेल महत्वपूर्ण स्वप्निल

**पिथौरा।** बेरेकेल खुर्द में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट के फाइनल मैच का शूभारंभ एवं इनाम वितरण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि स्वप्निल तिवारी अध्यक्षता कर रहे सरपंच प्रतिनिधि गणेशराम साहू विशिष्ठ अतिथि किशोर प्रधान सोनू तिवारी कुशल प्रसाद ध्रुव ने



खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर इनाम वितरण किया। टूर्नामेंट में विजेता टीम शपोस इलेवन को अतिथियों ने 12 हजार व शील्ड एवं उपविजेता टीम बरेकेल को 6 हजार रु व शील्ड अतिथियों ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा की स्वस्थ्य एवं सफल जीवन के लिए खेल अति महत्वपूर्ण है ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है इस आयोजन के लिए आयोजक समिति बधाई के पात्र है। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ दीवान ने किया।

# महासिंग पैकरा ने मानवता की मिशाल पेश की, टीबी से ठीक होकर मरीजों की कर रहे है मदद

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम डमरू निवासी 60 वर्षीय महासिंग पैकरा ने मानवता की मिशाल पेश की है। वह स्वयं टीबी से ठीक होकर अन्य मरीजों का मदद कर टीबी मुक्त बनाने में अपना सहयोग दे रहें है। उन्होंने अब तक 10 से अधिक लोगों को टीबी की दवाई खिला कर उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ कर चुके है। महासिंग ने बताया कि आज से लगभग 20 साल पहले इनको टीबी की शिकायत हुई उस समय उनको बुखार के साथ-साथ तेज खाँसी की की भी शिकायत थी। उसके साथ हल्का बुखार और भूख न लगने के कारण कमजोरी भी लगने लगी थी। जब परिवार ने यह सुना कि उनको टीबी है तो काफी घबराहट भी सभी को लगने लगी।



मेरे दिमाग में कई प्रकार के प्रश्न भी पैदा होने लगे कि अब क्या करें ? कहां जाएं ? जिससे मिले क्या उपचार करें महासिंग ने अपनी स्थिति के संबंध में आगे बताया कि तबीयत खराब होने पर वह सरकारी स्वास्थ्य केंद्र गए और वहां डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने उनको बलगम जांच करने की सलाह दी बाद में बलगम की जांच में उनका टीबी रोग पाया गया। उस समय डॉक्टर ने उनको बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है। छह महीना दवाई खाकर आप ठीक हो जाएंगे। महासिंग ने डॉक्टर की बात मानकर 6 महीने का डॉट्स का कोर्स पूरा किया और वह ठीक हो गए। दवाई खा कर पूरी तरह ठीक हो जाने के पश्चात महासिंग के भीतर एक आत्मविश्वास पैदा हुआ और उन्होंने गांव में अन्य लोग जो टीबी रोग से पीड़ित थे उनकी मदद करने का निश्चय लिया।

# काम कराने के छह माह बाद भी ग्राम पंचायतों का करोड़ों का भुगतान लटका

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

निर्माण कार्य कराने के 6 महीने बाद भी ग्राम पंचायतों को भुगतान नहीं होने से सरपंच परेशान है। मामला जांजगीर चांपा जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर की है जहां ग्राम पंचायतों द्वारा 6 माह पहले स्कूल एव आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्राम पंचायत द्वारा रनिंग वाटर का निर्माण कार्य कराया गया है निर्माण कार्य पूर्ण होने के 6 माह बाद भी भुगतान नहीं किया गया है जिससे त्योहारी सीजन में व्यापारियों के वसूली से सभी सरपंच परेशान हैं। जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत 77 ग्राम पंचायतों में रनिंग वाटर का कार्य कराया गया हैं। जब निर्माण कार्य होना था तब अधिकारीयों ने एक माह में ही भुगतान होने की बात कही थी, लेकिन आज निर्माण कार्य पूर्ण हुए 6 माह बीत जाने के बाद भी रनिंग वाटर का भुगतान नही किया जा रहा हैं। जैजैपुर जनपद क्षेत्र में ही रनिंग वाटर का लगभग 4 करोड़ का भुगतान नहीं हुआ हैं। अधिकारियों द्वारा दबाव डाल कर काम तो करा लिया जाता है लेकिन काम होने के बाद भुगतान के लिए उन्हें महीनों कार्यालयों का चक्कर लगवाने के बाद भी भुगतान नही किया जाता हैं।सभी सरपंच व्यापारियों से लाखों रुपए उधारी में समान लेकर कर्जदार बन गए है जिससे सरपंचों के घर में वसूली करने व्यापारी पहुंच रहे हैं।

**3 माह से जनपद पंचायत में नही कट रहा चेक-** जैजैपुर जनपद पंचायत में पिछले 3 महीनो से किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यो का चेक नही कट रहा है। बताया जा रहा है की सयुक्त कलेक्टर रोमा श्रीवास्तव 1 अक्टूबर 21 के जाने के बाद जनपद पंचायत जैजैपुर में किसी को भी सीईओ का प्रभार नही सौंपा गया हैं ऐसे में पिछले एक सप्ताह से जनपद का कामकाज ठप पड़ा हैं। जिसके कारण नवरात्रि एव दशहरा का त्योहारी सीजन में भी चेक नही कट पाया जिससे व्यापारियों के द्वारा सरपंचों पर लगातार दबाव डाला जा रहा हैं। जिससे सभी सरपंच परेशान हैं ऐसा घटना कभी भी हो सकता है की सरपंच अपना जान भी दे सकते हैं क्योंकि वह तगादे से काफी परेशान नजर आ रहे हैं यह विडंबना है कि यहां पर सरपंच के साथ जो मजदूर भी काम किए हैं उन्हें भी इस दशहरा एवं दिवाली पर्व में मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूर के साथ सरपंच भी काफी बेचैन महसूस कर रहे हैं इनसे कभी भी कोई भी सरपंच की अप्रिय घटना होने की संभावना व्यक्त की जा सकती है ।

**मनरेगा का और बुरा हाल साल भर से नही हुआ भुगतान-** मनरेगा योजना अंतर्गत ज्यादातर ग्राम पंचायतों में गौठान, पंचायत भवन ,नाली निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य सरपंचों द्वारा कराया गया हैं। जिसका लगभग साल भर बाद भी भुगतान नहीं हुआ है ।जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी में पंचायत भवन, पचरी निर्माण, चेक डेम निर्माण कार्य पूर्ण होने के साल भर बाद भी भुगतान नही हुआ हैं।

सरपंच संघ द्वारा जनपद सीईओ से लेकर कलेक्टर तक भुगतान करने ज्ञापन सौंप चुके है उसके बाद भी भुगतान नही हो रहा हैं । यही स्थिति रहेगी तो दशहरा के बाद जनपद पंचायत जयजयपुर कार्यालय में ताला लटक सकता है।

**छोटे लाल भारद्वाज, अध्यक्ष सरपंच संघ जनपद पंचायत जैजैपुर**

-जैजैपुर जनपद क्षेत्र के 78 ग्राम पंचायतों में मनरेगा एसबीएम रनिंग वाटर कोरंनटाईन का लगभग 10 करोड़ से भी ज्यादा का भुगतान लंबित हैं। सभी सरपंच परेशान हैं जल्द से जल्द भुगतान नहीं किया जाता है तो जनपद पंचायत में ताला लगाकर आंदोलन करेंगे।

**परदेशी खूंटे, उपाध्यक्ष सरपंच संघ जैजैपुर**

# अग्रवाल सभा ने अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

अग्रवंश शिरोमणि, समाजवाद के मूल प्रणेता, लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रबल पक्षधर, भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती को अग्रवाल सभा सरायपाली द्वारा अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में सुबह 9 बजे मसाल प्रज्वलित व ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना किया गया । इस कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे,उनके उपस्थिति में पूजा अर्चना कर प्रौढ़ों का खेलकूद का आयोजन किया गया, इस बार करोना काल मे शासन के गाइडलाइन के अनुसार महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा नहीं निकाली गई थी। संध्या को हुए मुख्य कार्यक्रम में रायपुर से पधारे विशिष्ठ अतिथि मनमोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अग्रसेन जयंती की शुभकामना देते हुए आह्वान किया कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर समाज के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य



करना चाहिए ,देश के विकास के लिए समाज को शिक्षा एवं प्रगति के प्रसार द्वारा चहुमुखी विकास अति आवश्यक है और यह समाज की एकजुटता के द्वारा ही संभव है, किसी भी समाज के उत्थान से समाज का सर्वोपरि विकास होता है और समाज के विकास से देश का विकास होता है। अग्रवाल समाज सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पूर्वज महाराज अग्रसेन जिनकी कुल देवी माँ लक्ष्मी थी उन्होंने समाज को धन प्राप्ति के आशीर्वाद के साथ-साथ जीवन की सार्थकता के लिए समाज कि सेवा का भी मार्ग दिखलाया था।

# मजूदरों की अंत्येष्टि राशि का अधिकारियों ने किया गबन, शर्मनाक : श्रीनिवास मुदलियार

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग में हुई लाखों रुपये गबन मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग कलेक्टर से की है,साथ ही अंत्येष्टि राशि का इस तरह से गबन करना शर्मनाक बताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने श्रम विभाग में हुई लाखो रुपये गबन मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने वक्तव्य में इस कृत्य को शर्मनाक बताया। श्री मुदलियार ने कहा मजदूरों की अंत्येष्टि राशि को डकारना मानवता को शर्मसार करने वाली कृत्य है वहीं मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन के तौर पर दिये जाने वाली राशि का अधिकारियों ने अपने-अपने पहचान के लोगों के खाते में भेजकर पैसे का बंदरबांट किये हैं ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। आगे श्रीनिवास मुदलियार ने कहा है कि जिस प्रकार से जांच दल बनाया गया है जो कि



हास्यास्पद लग रहा है, जिस विभाग में इतना बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है और उसी विभाग के अधिकारियों से जांच करवाना निष्पक्षता पर संदेह है। इस पर जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर से नए जांच दल बनाकर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। चूंकि इस कृत्य में प्रथम दृष्टया श्रम विभाग के अधिकारी दोषी लग रहे हैं परंतु पूरे मामले में अधीनस्थ छोटे कर्मचारियों को आगे कर स्वयं बच निकलने के जुगत में हैं, जबकि चेक शक्ति अधिकारी को है इनके जानकारी के बगैर इतनी बड़ी धांधली संभव नहीं है।

# कवर्धा की घटना को लेकर रायगढ़ में दिखा आक्रोश

■ भगवा का अपमान नहीं सहेगा हिन्दू समाज : विहिप

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वाधान में सर्व हिन्दू समाज ने कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सामने ही स्टेशन चौक में कवर्धा मामले को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन पत्र दिया।

मंगलवार को सुबह से ही धरना स्थल पर हिन्दू संगठनों की हलचल शुरू हो गई थी जो देखते ही देखते दोपहर 1 बजे तक हजारों की भीड़ में बदल गई। इस धरना प्रदर्शन का आह्वाहन विश्व हिन्दू परिषद् ने एक दिन पूर्व प्रेस वार्ता कर किया था। धरने का समर्थन हिन्दू समाज के सभी वर्गों के साथ साधू संतों ने भी वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर किया।

विहिप के कवर्धा इकाई के अनुशार 3 अक्तूबर को माँ विंध्यवासिनी मंदिर के समीप लोहारा नाका चौक में भगवा ध्वज का नवीनीकरण किया गया था जिसके ऊपर विशेष समुदाय के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई जिसको लेकर स्थानीय थानेदार तथा नायाब तहसीलदार के द्वारा दुर्गेश देवांगन को बुलाया एवं उक्त भगवा ध्वज को उतारने का दबाव बनाया द्य भगवा ध्वज को उतारने के पश्चात विशेष समुदाय के द्वारा दुर्गेश देवांगन के साथ मारपीट करते हुए हिन्दुओं के आस्था के प्रतिक ध्वज को फेंकना उस पर थूकना ओर रौंदने हुए हिन्दू समाज को अपमानित करने का कृत्य किया गया जिसके प्रतिकार स्वरुप 5 अक्तूबर को हिन्दू समाज के द्वारा उक्त घटना के विरोध में साकेतिक रैली निकाली गई जिसमें 3 हजार से अधिक हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए थे जिस पर स्थानीय शाशन के द्वारा सभी पर निर्दयतापूर्वक लाठी चार्ज कराते हुए अनेक निर्दोष लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया। जिसको लेकर विश्व हिन्दू परिषद्, रायगढ़ के अगुआई में सर्व हिन्दू समाज के द्वारा आज दोपहर 1 बजे स्टेशन चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

# सेवा सुगन्धम ने महाआरती एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

माँ महामाया की महाआरती एवं कोरोना योद्धाओ का सम्मान ग्राम तरेंगा में सेवा सुगन्धम सामाजिक जनकल्याण समिति के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय के द्वारा महामाया मंदिर प्रांगण में पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता के साथ साथ कोरोना योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.विकास आडिल के साथ साथ सतीश सोनी, भजन गायक शैलेन्द्र देवांगन, धवल धावलिया, प्रेम प्रकाश, विनोद जाधव, रामाधार वर्मा उपस्थित थे। सभी अतिथियो का सम्मान बुके और चुनरी देकर मंदिर समिति के ईश्वर पटेल, दशरथ आडिल, परस देवांगन, देवनारायण यदु, घनस्याम, फागु ध्रुव के द्वारा सभी अतिथियो का सम्मान किया गया। पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में सैकड़ो की तादाद में गांव की महिलाये एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया वही कोरोना काल में सेवा प्रदान करने वाले वहाँ के स्थानीय डॉकटर्स डॉ. नीलकंठ, डॉ.कृष्णा, डॉ.सीमा एवं उनके सहयोगी के साथ ग्राम की आँगन बाड़ी, मितानिन और ग्राम के सेवा धारीओ को मेडल और चुनरी देकर सम्मानित किया गया। पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी महिलाओं और बच्चों के द्वारा माँ महामाया की महाआरती में सम्मलित हुए। मंदिर प्रांगण में महाआरती के दरम्यान हजारों की संख्या में महाआरती को देखने ग्रामवासी उपस्थित हुए। सभी प्रतिभागियो को सेवा सुगन्धम के द्वारा माता जी की फोटो वाली मेडल और चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विकास आडिल ने अपने उदबोधन में कहा कि इस महाआरती में ग्राम की माताएं एवं बच्चों के द्वारा माता रानी के लिए सजा कर लाये हुए थाली देखकर मन गदगद हो गया निश्चित ही ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी सनातन धर्म के प्रति जागरूकता और देवी माँ का आशीर्वाद सबको प्राप्त हो और सभी स्वस्थ व् निरोगी रहे मै माता रानी से यही प्रार्थना करता हूँ। साथ ही इस महाआयोजन और सम्मान के लिए सेवा सुगन्धम के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय एवं उनकी टीम को साधुवाद दिया। कार्यक्रम टोपेश्वर साहू, अभिषेक सोनी, सत्यप्रकाश, छबि राम, त्रिवेणी साहू, द्रोपती देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पामगढ़ ब्लॉक के तनौद कृषि क्षेत्र में भुरा माहो के प्रकोप से धान का फसल हो रहा है चौपट

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तनौद कृषि क्षेत्र में भुरा माहों का प्रकोप देखने को मिल रहा है जिससे किसानों में परेशानी बढ़ते जा रहीं हैं। धान के पौधे में भुरा माहों एवं अन्य कीट पतंगों से फ़सल पूरी तरह चौपट हो रही है। अपनी फसल को बचाने के लिए ग्राम खोरसी, तनौद, देवरी, कमरीद,भूईगांव आदि दर्जनों गांवों के किसान 3 से 4 बार तक खेतों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर चुके हैं जो काम नहीं आ रहा हैं।

किसान अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं कई किसान तो धान के फसल से लाभ की उम्मीद तो दूर लागत वापस पाने की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि वे लोग एक एकड़ की खेती में10-10हजार रुपए तक की दवा का छिड़काव कर रहा है और किसान एक बार ही नहीं बल्कि तीन-तीन बार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर चुके हैं। इसके बाद भी कीट पतंगों का प्रकोप कम नहीं हो रहा हैं ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति खराब होते जा रही है क्योंकि कृषि क्षेत्र में 50 फीसदी से अधिक रकबों में धान की फसल है कीट प्रकोप भुरा माहों से बरबाद हो गई है।कृषि विभाग इन समस्याओं से अनजान बन रहे हैं।क्षेत्र के कीट नाशक दवा विक्रेता के झांसे में आ कर किसान अनाप शनाप कीमत में किटनाशक दवाई खरीद रहे हैं। किटनाशक दवाई विक्रेता कृषकों को दोनों हाथों से लूट रहा है। किटनाशक दवा विक्रेताओं के द्वारा अपनी दुकानों में दर्जनों कंपनी के लोकल दवा रखे हैं और वे किसानों को जैसे मन पड़ रहा है वैसे दवा को थमा रहे है। जिससे किसान चिंतित हैं। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को बीमा कंपनी से लाभ भी नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के किसानों का जमा पूंजी निंदाई , जगाई और खाद की महंगाई में खत्म हो चुकी है।अब किटनाशक दवाई के लिए साहूकारों के चंगुल में फंसे जा रहे है। कृषि विभाग, शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का इन समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं है।

# भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने चंद्रपुर में किए चंद्रहासिनी देवी के दर्शन



**सक्ती** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय ने जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी के दरबार में पहुंचकर मत्था टेका, तथा पूजा- अर्चना की, इस अवसर पर श्रीचंद्रहासिनी ट्रस्ट के चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने संगठन महामंत्री का शाल- श्रीफल के साथ स्वागत किया, तथा उन्हें प्रसाद भेंट किया, इस अवसर पर अजीत पांडेय,भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के डभरा मंडल, चंद्रपुर मंडल,सहित विभिन्न मंडलों के पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे तथा संगठन महामंत्री पवन साय ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर उन्हें नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा में पांच दिवसीय आध्यात्मिक ज्ञान वर्षा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा में पांच दिवसीय आध्यात्मिक ज्ञान वर्षा कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के विषय जीवन पथ पर आगे बढ़ते चलो निर्भय होकर पर बीके.प्रभा बहन ने प्रकाश बिखेरते हुए ÷भय के कारण में÷ में बीती बातों का चिंतन व भविष्य की चिंता को मुख्य कारण बताई। साथ ही साथ निर्भयता को अपने जीवन में कैसे अपनाकर आगे बढ़े इसको कुल नौ बिंदुओं द्वारा समझाते हुए सबसे पहले बताया कि निर्भय रहने के लिए हमे पूर्व तैयारी करनी होगी, हमारी सोच सकारात्मक होनी चाहिए, मन को सशक्त बनानी होगी, मन एवं बुद्धि को शक्तिशाली बनाना होगा इसके लिए योद्धा का उदाहरण दिये जैसे एक योद्धा अपने कवच, अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित रहता है उसी तरह हमें भी सकारात्मक सोच एवं दिव्य गुणों से अपने को सजाना होगा तब हम इस जीवन की युद्ध क्षेत्र में एक योद्धा की तरह हमेशा विजय को प्राप्त करते रहेंगे। परिवर्तन शक्ति का इस्तेमाल करें संसार में अनेकों बार बदलाव आते हैं इस दिशा में हम एक छोटा सा बिंदु है इस विश्व में जो भी घटनाएं घटती है उसकी एक सादा जीवन उच्च विचार सादगी मानव जीवन का सच्चा श्रृंगार है यह भारत की प्रणाली थी उसको पुनः अपनाने से भारत फिर से उच्च शिखर पर पहुंच जाएगा। पॉवरफुल माइंड अर्थात शुभ भावना, शुभकामना युक्त विचार दूसरे की कल्याण अर्थ जो हमारे मन में विचार आते हैं। एक सशक्त मन में जबरदस्त ताकत होती है कहा जाता, हालात नहीं बदलते ख्यालात बदले जा सकते हैं परंतु परमात्मा हमें सिखलाते हैं हमारे बदले ख्यालात में इतनी ताकत होती है कि हम हालातों को बदल सकते हैं। हेल्थकॉन्शियस जैसे हम शरीर के डाइट का ध्यान रखते हैं वैसे ही हमें मन की डाइट का भी ध्यान रखना है। आध्यात्मिक ज्ञान एवं अच्छे विचार मन के लिए अच्छे फ्रूट्स है, जो हमारे मन को सशक्त बनाते हैं। एक्सरसाइज मेडिटेशन भी बहुत अच्छे एक्सरसाइज है जिससे पुरानी से पुरानी बातें भी डिलीट हो जाती है। रेस्ट मन को रेस्ट देने की जरूरत है। सोने से पहले जो भी पुरानी बातें मन में भरी हुई उससे खाली कर दे परमात्मा को लिख दे या कह दे शांति में बैठकर परमात्मा से शक्ति लेकर सो जाएं। परमात्मा के सानिध्य का अनुभव करें।

# विधायक नारायण चंदेल ने विधायक निधि से स्वर्ग रथ वाहन समर्पित किया

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने 12 अक्टूबर को नगर पालिका परिसर चाम्पा में विधायक विकास निधि से निर्मित स्वर्ग रथ (शव वाहन) का लोकार्पण किया। तथा जनता को समर्पित किया। इसके लिए विधायक नारायण चंदेल ने अपने विधायक विकास निधि से 7 लाख रुपये की राशि प्रदान किया था। इस अवसर पर चाम्पा सेवा संस्थान के अध्यक्ष द्वय मनोज मित्तल, अन्नपूर्णा सोनी, भाजपा जिला महामंत्री एवम पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, चेंबर ऑफ कॉमर्स से अनिल मनवानी, राम खुबवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, चाम्पा नापाप अध्यक्ष जय थवाईत, उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, सी.एम.ओ. विक्रम भगत, ईजी. हेमंत दुबे, पार्षद श्रीमती आराधना श्रीवास, गुड्डू प्रधान नागेंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम देवांगन, अनिल देवांगन, महावीर सोनी, श्रीमती मीरा पतकी, विजय सलूजा, जशतेज सिंह खटकर, भाजयुमों जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जया मोंटू गोपाल सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण एवम नपाप के अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी के एमकॉम में भी छात्राओं ने बनाया मेरिट सूची में स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा 7 अक्टूबर 2021 को जारी की गई विगत वर्ष 2019 में संपन्न परीक्षाओं की एम काम की मेरिट सूची में शक्ति शहर के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की एमकॉम की छात्राएं कुमारी प्रतिभा अग्रवाल पिता- विनोद कुमार अग्रवाल (प्रमोद साइकिल स्टोर शक्ति) ने चौथे नंबर पर तो वहीं शहर के बुधवारी बाजार के प्रतिष्ठित गल्ला किराना व्यवसाई प्रदीप बंसल की सुपुत्री प्रियंका बंसल ने भी एमकॉम में द्वितीय स्थान पर अपना स्थान बनाया है,तथा शक्ति के जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय परिवार की इन छात्राओं को मिली इस सफलता पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है,तो वही महाविद्यालय की अच्छी पढ़ाई के प्रतिफलस्वरूप आज यूनिवर्सिटी की मेरिट सूची में प्रत्येक संकाय में शक्ति कॉलेज का दबदबा बरकरार है,शक्ति की छात्राओं के अलावा एमकॉम की मेरिट सूची में भूमिका अग्रवाल, बरखा गुप्ता, सत्यम अग्रवाल, सुरभि केजरीवाल, निकिता अग्रवाल, जीनू गोयल, प्रिया कथुरिया, मनीषा एवं निकिता शर्मा ने भी स्थान बनाया है,तथा सभी छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है, तथा मेरिट में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों तथा परिवारजनों को दिया है।

# छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ के चंद्रप्रकाश तिवारी बने संगठन मंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के द्वारा वर्तमान में संगठन में संयुक्त सचिव का काम संभाल रहे सक्ती निवासी चंद्रप्रकाश तिवारी को प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है,चंद्रप्रकाश तिवारी वर्तमान में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश महासचिव के पद पर काम कर रहे हैं । इसके पूर्व छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री और सक्ती शैक्षणिक जिला का जिला अध्यक्ष के पद पर रहते हुए संगठन को मजबूत प्रदान करने के लिए काम कर चुके हैं, तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी एन पी एस का लाभ प्राप्त कर रहे सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों को छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ में जोड़ने और पूरानी पेंशन बहाली के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की बात कही, चंद्र प्रकाश तिवारी ने साथ ही साथ आने वाले समय में पूरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए ठोस रणनीति के तहत चरणबद्ध और निर्णायक योजना के तहत काम करने की बात कही,तिवारी को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किए जाने पर संगठन के जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा अजय सिंह सिदार, तहसील अध्यक्ष मालखरौदा श्याम सिंह सिदार, तहसील अध्यक्ष डभरा अर्जुन बरेठ, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयुक्त सचिव इंदु यादव, प्रदेश कार्य.सदस्य बिहारी लाल बरेठ, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शशि कला उरांव, जिला अध्यक्ष भोलाशंकर साहू , संतोषी चौहान, शशिकांत राउतराय, रविन्द्र मिश्रा, रामेश्वर आदित्य,परस राम निषाद, हेमनेताम, अहिल्या जगत, डायमंड चंद्रा, तरूण पटेल, अमित पटेल, मधुसूदन कांस्यकार, चंद्रहास डनसेना, अलेख सारथी, राधेश्याम चंद्रा, भूपेंद्र पटेल, यशोदा जायसवाल,चरण सिंह, भूषण बरेठ, ईश्वर यादव, राजकुमार कोरवा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किए हैं ।

# तिल्दा-नेवरा पुलिस का सराहनीय कार्य



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

थाना तिल्दानेवरा के दुर्गा चौक तिल्दा के पास एक महिला अपने बच्चे के साथ भटकती हुई पहुंची थी जिसे थाना प्रभारी शरद चंद्रा थाना तिल्दानेवरा के निर्देशानुसार थाना तिल्दा के संवेदना कक्ष में लाकर खाना खिलाकर पूछताछ करने पर उक्त महिला अपना नाम सरोजनी सतनामी पति राजू (27) एवं बच्चे का नाम आशीष उम्र 07 माह निवासी रायगढ़ का होना बताई एवं ससूर का नाम दिलहरण होना तथा अपने पति व बच्चे के साथ बिलासपुर में रहना व अपने पति के साथ तिल्दानेवरा क्षेत्र आना बता रही है किन्तु बिलासपुर-रायगढ़ का सही पता एवं अपने पति व रिस्तेदार का मोबाईल नंबर नही बता पा रही है मानसिक रूप से कमजोर लग रही है, जिसे तिल्दानेवरा पुलिस एवं अंजू दुबे निवासी तिल्दा के सहयोग से सराहनीय कार्य करते हुए सखी सेंटर रायपुर भिजवाया गया।

# हिन्दू महापंचायत एवं विहिप के जनाक्रोश प्रदर्शन में कांग्रेस सरकार के विरूध्द दिखा आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कवर्धा में हो रहे हिन्दू समाज के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही के विरोध हिन्दू महापंचायत एवं विश्व हिन्दू परिषद के बैनर तले जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में मंगलवार को जनाक्रोश प्रदर्शन सभा एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न हिन्दू संगठनो के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान तथा हिन्दू समाज के युवाओ के विरूध्द हुई एक तरफा कार्यवाही के विरोध में राज्य की कांग्रेस सरकार के विरूध्द जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। मंच से ही कवर्धा विधायक व मंत्री मो अकबर के विरूध्द तीखे आरोप लगाए गए। विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल और विभिन्न हिन्दू संगठन से यहां पहूँचे नेताओ ने सभा को संबोधित किया। विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, विहिप के प्रांत सुरक्षा प्रमुख तुषार कदम, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी तथा विहिप के जिलाध्यक्ष शिशुपाल राजपुत ने सभा संबोधित करते हुए कवर्धा कांड में राज्य की कांग्रेस सरकार पर वर्ग विशेष को संरक्षण देने तथा हिन्दू समाज के युवाओ के विरूध्द एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई। इन्होने कहा कि कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान हुआ है, शासन के दबाव में पुलिस हिन्दू समाज के विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही कर रही है। उन्होने कड़े शब्दों में कहा कि हिन्दु समाज, हिन्दू संस्कृति और भगवा ध्वज का अपमान कदापि बर्दाश्त नही किया जाएगा। कांग्रेस सरकार कवर्धा कांड में निष्पक्ष और न्यायपूर्ण कार्यवाही करे। अन्यथा विहिप, बजरंग दल सहित अन्य हिन्दू संगठन प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान मंच में प्रमुख रूप से विभाग संघचालक गिरीशदत्त उपासने, बिद्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्यक्ष, राम रतन मांझी, जिला सह संघचालक रामकुमार नागेश, जिला सह कार्यवाहक भूपेंद्र साहू, अमितेश शुक्ला, शिवसेना अध्यक्ष मुकेश पांडेय भी मौजूद थे।

विहिप कार्यकर्ता का पुलिस से झुमाझटकी

आमसभा के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तय कार्यक्रम के मुताबिक कलेक्टर कार्यालय के लिए कूच किया लेकिन पुलिस ने उन्हें मैदान के बाहर जाने से रोक लिया। जिसके चलते कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक झूमाझटकी भी हुई। यहां भी विहिप के कार्यककर्ताओ ने कांग्रेस सरकार के विरूध्द जमकर नारेबाजी की। ज्ञात हो कि कार्यक्रम के पहले ही पुलिस ने मैदान के सभी गेट बेरिगेट्स लगाके बंद कर लिए दिए थें, सभी गेट में पुलिस का पहरा था। केवल एक गेट खुला था जहां भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, एसडीएम विश्वदीप, एएसपी संतोष महतो, एसडीओपी संजय ध्रुव सहित प्रशासनिक अमला कार्यक्रम स्थल पर ही मौजुद थे। अधिकारी चाहते थे कि रैली निकालने के बजाय यही ज्ञापन देकर यही कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाए परंतु विहिप इसके लिए तैयार नही हुआ। गेट पर हुई झुमाझटकी के बाद बीच विहिप अध्यक्ष शिशुपाल राजपुत, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहित कुछ कार्यकर्ता दूसरे रास्ते से पुलिस की घेराबंदी तोड़ बाहर निकले ओर तिरंगा चौक पहुँच गए। जिसके बाद अधिकारियो ने तिरंगा चौक पहुँच ज्ञापन लिया। तिरंगा चौक में भी काफी देर तक शासन के विरूध्द नारेबाजी की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश साहू, रामकुमार साहू, अनिल चंद्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके, रूपेश साहू, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष हरित, मिलेश्वरी साहू, सरिता साहू, खिरमनी हरपाल, सीमा जांगड़े, खोमन चंद्राकर, रामुराम साहू, तनु साहू, संजीव चंद्राकर, अनंत सोनी , हेमंत तिरपुडे सहित बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल सहित अन्य हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मौजुद थे।

# पुलिस के आश्वासन से सरपंच परिवार की हड़ताल स्थगित

## नवरात्रि मेला ड्यूटी के उपरांत ही विवेचना का आश्वासन, भाजपा नेताओं के पहुंचने के बाद सरपंच संघ की पहल

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत अंतर्गत बम्हनीभाठा सरपंच परिवार ने क्रमिक हड़ताल को स्थगित कर दिया है। सप्ताहभर से क्रमिक हड़ताल पर बैठे सरपंच परिवार सहित ग्रामीणजनों को पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद सरपंच संघ द्वारा जूस पिलाकर हड़ताल स्थगित कराया गया है। सरपंच संघ की माने तो पुलिस विभाग ने नवरात्रि मेला ड्यूटी खत्म होने के बाद एक्स्ट्रोसिटी विषय पर विवेचना के आश्वासन देने से सरपंच परिवार ने हड़ताल स्थगित किया है।

ब्लॉक सरपंच संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक वर्तमान सरपंच व पूर्व सरपंच के मध्य तकरार से उपजे विवाद व एक्स्ट्रोसिटी की स्थिति के मद्देनजर सरपंच परिवार ने क्रमिक हड़ताल किया था। उक्त हड़ताल को स्थानीय जनपद सदस्य, उपसरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने भी समर्थन दिया था। संघ की माने तो पुलिस की ओर से पहल करते हुए नवरात्रि मेला ड्यूटी उपरांत मामले में विवेचना करने मौके पर पहुंचकर आश्वासन देने के बाद हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

### भाजपा नेताओं के समर्थन का असर

दरअसल सरपंच परिवार के हड़ताल को जनपद सदस्य, उपसरपंच व ग्रामीणों को सरपंच संघ ने समर्थन दिया था। इसी क्रम में हड़ताल स्थगित होने के पूर्व दिवस डोंगरगांव के भाजपा नेता भी हड़ताल स्थल में धमक पड़े थे। सूत्रों की माने तो हड़ताल को समर्थन दे रहे अधिकतर भाजपा समर्थित चेहरे ही माने जाते हैं। पुलिस द्वारा बुद्धिजीवियों से मशविरा कर एक कदम ज्यादा छलांग लगा देने से सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल स्थगित कराने पहल की खबर है।

# धर्मनगरी में कांग्रेसी नेता के ठेके पर चल रहा है जुआं, सट्टा व शराब का अवैध कारोबार

- करोड़ों के दांव लग रहे फड़ों से हो रही रोजाना वसूली
- संगठन के नेता व् पुलिस के संरक्षण में संचालित तमाम गतिविधि

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

बगुलामुखी माता के रूप में पहाड़ियों में विराजित माँ बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ की ख्याति अब बीते कुछ समय से तमाम अवैध कारोबार के चलते पूरी तरह धूमिल हो रही है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में शराब, शबाब और जुआ का अवैध कारोबार काफी फल फूल रहा है इसकी खबर स्थानीय पुलिस और जिले के आला अफसरों को भी है लेकिन सत्तापक्ष के एक बड़े नेता के संरक्षण के चलते कार्रवाई से हाथ खींचने की शिकायत है। तमाम अवैध कारोबार में संगठन के एक बड़े नेता का हाथ बताया जा रहा है। आये दिन विवादों से घिरे नेता के संरक्षण में जुआ के बड़े फड़ संचालित हो रहे हैं जुआ फड़ में आसपास के रईसजादों के अलावा जिले से बाहर के बड़े जुआरी रोजाना करोडों का दांव लगा रहे हैं वहीं फड़ का इंतजाम ठेके पर चलाने की खबर है जहां फड़ में तमाम व्यवस्थाओं के एवज में रोजाना ठेकेदारी में फड़ चलाकर लाखों रुपये की कमाई की बात सामने आ रही है। फड़ को पुलिस कार्रवाई से सुरक्षित रखने की गारंटी के एवज में ही बड़ी राशि जुआरियों से वसूली जा रही है। सूत्रों के अनुसार सत्ता परिवर्तन के बाद एकाएक उक्त नेता ने सभी अवैध कारोबार का नियंत्रण सीधा अपने हाथ में ले लिया है। धर्मनगरी के कारण शराब बन्दी के बाद भी डोंगरगढ़ में आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है लगभग सभी वार्ड में कोचियों के मार्फ़त आसानी से बड़े पैमाने पर शराब की खेप पहुँच रही है खबरों के अनुसार दीगर प्रान्तों की शराब खपाने के बड़े खेल में इन नेताओं ने एक बड़ा नेटवर्क बना रखा है।

### शराब माफिया तक पहुँचने के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक का हुआ यहां तबादला

साल भर पहले लॉक डाउन के बीच तत्कालीन पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने अवैध शराब के बड़े तस्करों तक पहुंचने की कोशिश की थी और सम्भवतः संगठन के उक्त नेता समेत और कई सफे दपोश नेताओं की कलई खुलने के पहले ही पुलिस अधीक्षक का तबादला हो गया। तब अवैध कारोबार में संलिप्तता को लेकर उक्त नेता पर उंगलियां उठी थी खबर यहाँ तक बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ समेत आसपास के तमाम सरकारी शराब दुकानों के इर्दगिर्द चखना सेंटर चलाने के एवज में भी लाखों की वसूली का खेल चलाया जा रहा है।

### पुलिस की संलिप्तता से हो रहे अवैध काम

अवैध कारोबार की शिकायतों पर पुलिस की मामूली कार्रवाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सत्तापक्ष के नेताओं के रसूख के आगे पूरा तंत्र कितना विवश है। कुछ महीने पहले अवैध शराब के मामले में प्रभारी मंत्री के विवादित बयान से धर्मनगरी समेत जिले के नागरिकों ने संगठन के नेताओं की हरकतों का अंदाजा लगा लिया था बावजूद इसके जुआ और शराब के अवैध कारोबार को रोकना शायद स्थानीय पुलिस के लिए मुश्किल दिखाई दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सट्टा, जुआ व् शराब सहित अन्य सभी अवैध कार्यों में पुलिस को माहवारी रकम का भुगतान किया जाता है जिसके वजह से पुलिस के नाथ बंधे नजर आते हैं।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म 'संगी जनम जनम के' 15 को होगी प्रदर्शित




पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पितांबरा मिडिया हाउस के बैनर तले निर्मित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'संगी जनम जनम के शुक्रवार 15 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलिज हो रही है। पितांबरा मिडिया हाउस के प्रमुख व फिल्म के निमार्ता भोला शंकर महोबिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिचर फिल्म' संगी जनम जनम के एक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है , जिसमें साफ सुथरी कॉमेडी , एक्शन व रोमांस का मिश्रण है । फिल्म की कहानी दर्शकों को पुरे समय बांध के रखेगी । मिर्जा मकसुद बेग द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म ÷ संगी जनम जनम के सस्पेंस , रोमांच , एक्शन से भरपूर एक लव स्टोरी है , जिसे पूरे परिवार के साथ देखा जा सकता है ।

# दशहरा, दीपावली और ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत गंडई के सभागार में कल बुधवार को दोपहर 2 बजे आगामी दशहरा, दिवाली और ईदमिलादुन्नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखा गया। बैठक में त्यौहारों को कोरोना प्रोटोकॉल के तहत शांति व सौहार्द्र पूर्वक मनाने, शासन की गाईड लाईन का पालन करने की बात रखी गई। दशगात्र, मृत्यु सम्बन्धी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या 50 एवं विवाह, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 150 निर्धारित की गई है।

गंडई ज़मीदार व राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने दशहरा उत्सव को सादगी एवं शांति से मनाने की अपील नगरवासियों से की है, वही गंडई थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेन्द्र ने नगर में असामाजिक तत्व के लोगों पर कड़ी नजर रखने की बात कही जिससे पर्व में किसी प्रकार का उपद्रव या अशांति न फै ले। बैठक में गंडई युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, जावेद खान, तहसीलदार टी.आर. वर्मा, सीएमओ प्रमोद शुक्ला, थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेन्द्र, साकेत दुबे, संजय अग्रवाल, राजेश मेहता, मदन सोनी, नारायण लाल चतुर्वेदी, पवन अग्रवाल, हबीब खान, सुरेंद्र जायसवाल, रमेश साहू, भूषनमणि झा, यतीश कुंजाम, राकेश ठाकुर, केशव साहू, रवि भवनानी, नीलम नामदेव, शुभम बघेल, उषा रात्रे, निकाय के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# विधायक मण्डावी के प्रयास से मोहला मानपुर क्षेत्र के प्रतिनियुक्त शिक्षकों का आदेश हुआ निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला/मानपुर
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए वनांचल क्षेत्र मोहला मानपुर चौकी से भारी मात्रा में शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिसके कारण वनांचल क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई थी। इस विषय को संसदीय सचिव छ.ग.शासन एवं क्षेत्रीय विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश निरस्त करने के लिए निर्देशित किया। कई समाचार पत्रों ने भी इस प्रतिनियुक्ति के विषय में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। अंततः वनांचल में ग्रामीणों की मांग और विधायक इन्द्रशाह मंडावी के पुरजोर विरोध के बाद जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को आदेश निरस्त करना ही पड़ा।

उल्लेखनीय है कि मोहला मानपुर क्षेत्र के पेंदोंडी, दोरदे, करमरी, कंदाड़ी, मिस्प्री, पारडी, पाऊरखेड़ा जैसे दूरस्थ वनांचल से शिक्षकों को उठाकर मोहला चौकी जैसे शहरी क्षेत्रों में प्रतिनियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश से दी गई थी। इन शिक्षकों के हटने से वनांचल के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी होने लगी थी। अब इस आदेश के निरस्त होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है तथा सभी ने अपने विधायक इन्द्रशाह मंडावी के प्रयासों को सराहनीय बताया है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका ने यूपी के मंत्री को बर्खास्त करने मौन व्रत रख की बर्खास्त की मांग



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका के द्वारा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में किसानों के साथ हुए बर्बरता पूर्वक व्यवहार को लेकर योगी सरकार एवं गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मौन व्रत का कार्यक्रम गांधी चौक घुमका में विधायक भुनेश्वर बघेल की मौजूदगी में गांधी प्रतिमा के पास बैठ कर बर्खास्त की मांग किया गया।

इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादवए केके दुबे, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, विधायक प्रतिनिधि चंद्रेश वर्मा, नवीन लुनिया, सहित पदाधिकारी की उपस्थिति रही।

# दुर्गा विसर्जन में डीजे बजाने अड़े कई पंच और युवा नेता लगा रहे प्रशासन के चक्कर

- पिछले साल चाकूबाजी में नाबालिग हुआ था घायल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/घुमका
www.dailypioneer.com

दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की गरज से प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा शांति समिति की सप्ताह भर पहले बैठक आयोजित कर तमाम समितियों को बगैर डीजे शाम 4 बजे तक मूर्ति विसर्जन की हिदायत दी गई है। जानकारी के अनुसार नवरात्रि के शुरुआत में ही एसडीएम मुकेश रावटे, नायब तहसीलदार चित्रेश देवांगन टी आई शशिकांत सिन्हा समेत तमाम अफसरों ने सरपंच और सभी पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक लेकर मूर्तियों के शांतिपूर्ण विसर्जन की रूपरेखा तय किया है। कोविड प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन करने का निर्देश देते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने निर्णय लिया गया है चूंकि बीते साल तमाम बंदिशों की अनदेखी के चलते नशे में धुत्त बिगड़ैल युवकों ने एक नाबालिग लड़के को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था। नाबालिग बच्चे को गम्भीर हालत में एम्स रिफर किया गया था इन सब स्थितियों के बाद इस साल प्रशासन एहतियात के तौर पर डीजे की अनुमति देने से इंकार कर चुका है बावजूद इसके कुछ पंचों और युवक कांग्रेस के कुछ नेताओं ने एसडीएम से फिर डीजे की अनुमति मांग रहे हैं। वही प्रशासनिक अधिकारियों की मनाही के बाद पंचायत में एकजुट होकर सरपंच को राजी करने की कोशिश कर रहे हैं हालांकि खबरों के अनुसार अब तक सरपंच और प्रशासन के अधिकारियों ने डीजे और शासन के गाइडलाइन में छूट देने हामी नहीं भर रहे हैं वहीं शान्ति समिति के बैठक में सरपंच समेत उपस्थित नागरिकों ने जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल भेजने की मांग भी किया है सूत्रों के अनुसार विसर्जन कार्यक्रम में डीजे की धुन पर शराब के नशे में धुत्त उपद्रवियों की हरकतों से ग्रामीणों और महिलाओं को काफी दिक्कतें भी होती हैं और चाकूबाजी जैसे गम्भीर घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## डोंगरगांव सीएचसी के गांवों में कलेक्टर का निरीक्षण

# वैक्सिनेशन पूर्ण कराने गांवों में पहुंच रहे कलेक्टर, सरपंच व सचिव के सहयोग की सराहना की

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप तथा राज्य सरकार दिशा निर्देश पर प्रशासन ने वैक्सिनेशन सुनिश्चित कराने अपनी पूरी ऊर्जा लगा दी है। इसी क्रम में डोंगरगांव विकासखण्ड में वैक्सिनेशन को प्रोत्साहित करने जिले के कलेक्टर स्वयं भी स्वास्थ्य विभाग को प्रोत्साहित करने एवं नागरिकों से अपील करने गांवो में पहुंच रहे हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने बुधवार को डोंगरगांव सीएचसी अंतर्गत जंगलपुर पहुँचकर सीधे ग्रामीणों के घर मे दस्तक देकर वैक्सिनेशन का मुआयना किया। जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के अफसरों के साथ ब्लॉक के गांवों में पहुंचे कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सीधे ग्रामीणों के घर पहुंचकर वैक्सिनेशन से बचे ग्रामीणों का अपनी मौजूदगी में वैक्सिनेशन कराया। कलेक्टर ने सरपंच घनश्याम साहू व सचिव रूपसिंग साहू के सहयोग की सराहना भी की। इस मौके पर एसडीएम हितेश पिस्दा, सीईओ एलआर चन्द्रवँशी, बीएमओ रागिनी चन्द्रे व डॉ एके बंसोड़ के अलावा पीओ मनरेगा विद्या चन्द्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सहित मितानिन सहित स्वास्थ्य अमले उपस्थित थे।





# खुज्जी में पेयजल के लिए नलजल योजना स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खुज्जी में पेयजल सुविधा में विस्तार के लिए नलजल योजना की स्वीकृति मिली है। राज्य शासन के ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जल ग्रहण मिशन अंतर्गत स्वीकृत नलजल योजना के लिए लगभग 1 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त राशि से गांव में उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण सुनिश्चित होगा। इस जलागार से गांव अंतर्गत पेयजल सुविधा का वृहद विस्तार किया जा सकेगा।

इस संदर्भ में स्थानीय निवासी एवं जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने पायनियर को बताया कि उक्त योजना के लिए ग्रामीणजनों की मांग अनुरूप वे लगातार प्रयासरत थे। इस विषय को विधायक दलेश्वर साहू ने गंभीरता से लेते हुए शासन से अनुशंसा की थी। नलजल योजना के लिए जनपद उपाध्यक्ष नाहटा सके अलावा मुरली निषाद, अजय पंसारी, हेमु देवांगन, अक्षय देवांगन, अनिल पंसारी, बसंत देवांगन, धनंजय गोस्वामी, संतोष पटेल व दीपक शर्मा ने विधायक के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए आभार जताया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रतनपुर के मां महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की

- प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेलनवरात्रि पर्व की अष्टमी को बिलासपुर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रतनपुर पहुंचे। उन्होंने वहां मां महामाया मंदिर में देवी माता की पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने नागरिकों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक रश्मि सिंह, जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह ठाकुर, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, एसपी दीपक कुमार झा सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की दी बधाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर बघेल ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति उपासना के महापर्व नवरात्रि में नौ दिनों तक भक्ति भाव से देवी के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। हमारे देश में नवरात्रि के अवसर पर देवी स्वरूप मानकर कन्याओं की पूजा और उन्हें भोज कराने की परंपरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी का सम्मान हमारी परम्परा और संस्कृति का हिस्सा होने के साथ ही हमारे मूल्यों का हिस्सा है, इन मूल्यों को सदा बनाए रखना हम सबकी महती जिम्मेदारी है।

# नवीन तकनीकों से राज्य के विभिन्न विभागों को अवगत कराने कार्यशाला आयोजित

## चिप्स ने किया एक दिवसीय जियो-स्पेशियल टेक्नोलाजी सेमिनार का आयोजन

- विभिन्न विभागों के 60 से अधिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हुए सम्मिलित
- छत्तीसगढ़ में की जायेगी अत्याधुनिक तकनीक से मैपिंग

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी, चिप्स और जियो-स्पेशियल वर्ल्ड, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में यहां रायपुर के निजी होटल में सेमीनार का आयोजन किया गया। जियो-स्पेशियल तकनीक विषय पर आयोजित इस सेमीनार में राजस्व, वन, अदिम जाति विकास, जल संसाधन, ग्रामीण विकास प्राधिकरण, सी एस आई डी.सी, नगरीय विकास आदि विभागों के 60 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। उक्त जानकारी देते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि देश में जी.आई.एस क्षेत्र में उपयोग की जा रही नवीन तकनिकों से राज्य के विभिन्न विभागों को अवगत करवाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक काल में डिजिटल सशक्तिकरण और मजबूत अर्थव्यवस्था, स्मार्ट शहरों, जल सिंचाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में भौगोलिक सूचना प्रणाली को महत्वपूर्ण साधन माना जा रहा है। इसलिए उभरती प्रौधोगिकी जैसे आई.ओ.टी. अर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, रोबोटिक्स, क्लाउड, ब्लॉकचेन, ए.आर. आदि में भौगोलिक सूचना प्रणाली का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ शर्मा ने सेमिनार के शुभारंभ अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न राज्य है। जिसे देखते हुए चिप्स द्वारा नवीनतम तकनीकों का जी.आई.एस. के साथ समन्वय कर राज्य में नवीन कार्यविधि विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए सर्वे ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ के संचालक जॉय कोंगारी ने कहा कि सर्वेक्षण कार्य में आनेवाली चुनौतियों और कठिनाईयों को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कंटिनियूशली ऑपरेटिंग रिफरेंस स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। इस आधुनिकतम तकनीक का उपयोग शीध्र ही छत्तीसगढ़ में भी प्रारंभ किया जा रहा है। सर्वे ऑफ इंडिया, साउथर्न प्रिंटिंग ग्रुप के संचालक टी.पी. मलिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अत्याधुनिक तकनीक से जल्द ही मैपिंग प्रारम्भ की जायेगी। ट्रिम्बल इंडिया के संचालक संजीव त्रेहान ने सेमीनार में बताया कि सर्वेक्षण कार्य में अब लेजर तकनीक के आने के बाद परिणाम वास्तविकता के निकट और सटीक प्राप्त हो रहे हैं। इससे देश में विकास को गति मिलती है।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जियो-स्पेशियल वर्ल्ड के डायरेक्टर साऊथ एशिया अभिषेक कोंटागले ने बताया कि ग्लोबल ईकानामी में जियो - स्पाशियल तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस तकनीक से नागरिक सेवाओं की प्रदायगी निरंतर विकास समाजिक, समानता आदि में सरलता आ रही है। चिप्स के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजितेश पाण्डे ने समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में आदिम जाति एवं जनजाति विकास विभाग के संयुक्त संचालक संजय गौर, वन विभाग से सुनिल मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य वन सरंक्षक ने भी कार्यशाला को संबोधित किया ।

# मोदी सरकार कोयला संकट पर श्वेत पत्र जारी करे : मरकाम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कोयला संकट के लिये केंद्र सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश में कोयला संकट के लिये मोदी सरकार की अदूरदर्शी नीतियां जिम्मेदार है। कोयले के प्रचुर भंडार वाले भारत देश में यदि देश की जरूरतों के अनुरूप भी कोयला उत्पादित नहीं हो पा रहा है तो देश की जनता को यह जानने का हक है कि इस संकट के पीछे कारण क्या है? मोदी सरकार देश की जनता को बतायें कि देश में अचानक कोयले का इतना बड़ा संकट कैसे आ गया कि देश के 10 से अधिक राज्यों में बिजली उत्पादन 30 से 50 प्रतिशत तक कम हो गया। देश को 5 ट्रिलयन इकोनामी और मेक इन इंडिया का ख्वाब दिखाते-दिखाते मोदी भारत को तबाही के कागार पर ले जाकर खड़ा कर दिये। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार स्वतंत्रता के बाद देश की ऐसी सरकार है जो दिग्भ्रमित है जिनके पास देश के आर्थिक न रोड मैप बिना किसी तैयारी के और बिना किसी कारण के नोटबंदी किया। देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी, जीएसटी लागू किये तो देश का व्यापार ठप्प पड़ गया। अब इनकी अदूरदर्शी नीतियों के कारण कोयला भंडार पैदा हो गया देश भर की बिजली उत्पादन ईकाईयां बंद हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने दशकों तक मेहनत कर स्वावलंबी और आधुनिक भारत का निर्माण किया, सूई से लेकर हवाई जहाज तक बनाने में भारत आत्म निर्भर हुआ। मोदी सरकार चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने देश की परिसंपत्तियों के साथ देश की खनिज संपदा निजी क्षेत्रों को सौंपने की योजना बना रही है। मोदी सरकार ने देश के लिये एक भी नई परियोजना की शुरूआत नहीं किया लेकिन पुरानी मुनाफा देने वाली अनेकों ईकाइयों के निजीकरण का रास्ता जरूर खोल दिया। मोदी सरकार जानबूझकर सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयों को बंद करने में लगी है ताकि निजीकरण का रास्ता खुल सके। देश की तमाम मुनाफा देने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बेचने वाली नीति को सफल बनाने के लिये कृत्रिम कोयला संकट पैदा किया गया है ताकि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादन ईकाईयों के निजीकरण का रास्ता खोला जा सके।

# मुख्यमंत्री ने सही कहा नक्सली और संघ दोनों समाज के लिये घातक : सुशील आनंद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान छत्तीसगढ़ के आरएसएस का नागपुर और नक्सलियों का आन्ध्र से संचालन होता है यहां पर केवल बंधुआ मजदूर है। कांग्रेस ने समर्थन किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने संघ की हकीकत को सामने रखा है। कवर्धा तनाव के बाद आरएसएस की जो गतिविधियां एक बार फिर से सामने आई है उससे साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ के आरएसएस के कार्यकर्ता नागपुर के हाथों की कठपुतली है। यदि आरएसएस का संचालन छत्तीसगढ़ के लोग कर रहे होते उनमें जरा भी छत्तीसगढ़ के प्रति लगाव होता अपने ही प्रदेश के दंगा भड़काने की साजिश नहीं रची जाति। जिस प्रकार नक्सलियों के बड़े नेता आन्ध्र, तेलंगाना में बैठकर राज्य के नक्सलियों को संचालित कर उनसे राज्य के ही लोगों पर गोली चलवाते है। वैसे ही संघ के नागपुर में बैठे लोग छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित कर अपने ही प्रदेश के लोगो के खिलाफ दंगा करवाते है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिस तरह की कट्टरता और नफरत नक्सलियों में देखी जाती है वैसी ही कट्टरता और विद्वेष आरएसएस कार्यकर्ताओं में नजर आता है। आरएसएस और नक्सलियों का मूल चरित्र एक ही है एक गोली और हिंसा से प्रदेश नुकसान कर रहा दूसरा सांप्रदायिक तनाव फैलाकर धार्मिक और जातीय हिंसा भड़का कर प्रदेश की गंगा जमुनी तहजीब पर प्रहार करने की कोशिश करता है। दोनो ही देश और समाज के लिये घातक और नुकसान देह है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि भाई-भाई को लड़ाना, जातिवाद, हिन्दु मुस्लिम के बीच विवाद, सांप्रदायिक दंगे करवाना आरएसएस और भाजपा का इतिहास रहा है जिससे देश और प्रदेश की जनता भलिभांति परिचित हैं। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुयी हिंसा पर भाजपा और आरएसएस के किसी भी नेता ने शांति की अपिल नहीं की। जिससे यह साफ नजर आ रहा है कि इस कृत्य के पर्दे के पीछे नागपुर के आरएसएस के मुख्यालय के निर्देशों का पालन किया गया है। मामले को सुलझाने के बजाये भाजपा और आरएसएस ने इसे उलझाने का काम किया है।

# मैट्स विश्वविद्यालय आरंग में गरबा रास का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




नवरात्रि के पावन अवसर पर मैट्स महाविद्यालय, मैट्स विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा गरबा रास का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. डॉ. के. पी. यादव, मैट्स विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रियेश पगारिया एवं मैट्स महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ए.जे. खान, अभियांत्रिकी विभाग के प्राचार्य डॉ. बृजेश पटेल, शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. डॉ. परविंदर हंसपाल, लॉ डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. प्याली चटर्जी, मैट्स विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक गण की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट करके किया गया। तत्पश्चात मैट्स महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. जे. खान द्वारा स्वागतीय भाषण में आए हुये अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलाधिपति द्वारा दिए जा रहे चांसलर स्कॉलरशिप की जानकारी समस्त विद्यार्थियों को दी तथा बताया कि 75प्र. से 80प्र. तक छात्रों की फीस कुलाधिपति महोदय द्वारा दी जाती है तथा छात्रों एवं पालकों की तरफ से विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति को धन्यवाद किया एवं इस अवसर पर छात्रों के द्वारा कुलाधिपति गजराज पगारिया का, कुलपति प्रो. डॉ. के. पी. यादव एवं श्री प्रियेश पगारिया को साल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया । इसके पश्चात कुलाधिपति गजराज पगारिया ने अपने संबोधन में छात्रों को नवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए जीवन के उच्च आयाम तक पहुंचने की बात बताई और कहा कि मैट्स विश्वविद्यालय के इस प्रयास का उचित रूप से लाभ लें और गांव व इस अंचल के समस्त छात्र-छात्राओं को जोड़ें ताकि उच्च शिक्षा से लाभान्वित होकर यहां के छात्र देश व समाज की सेवा करें। इसके पश्चात देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर गरबा आयोजन का प्रारंभ किया गया। गरबा आयोजन में सर्वश्रेष्ठ परिधान पर पहला - शिवानी जांगड़े, दूसरा - फाल्गुनी चंद्राकर एवं डांस में पहला-ऋतु चंद्राकर, दूसरा - आयुषी, तीसरा- वर्षा साहू उसके बाद धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक उमेश कुमार साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन मैट्स महाविद्यालय के विद्यार्थी कु. तनीषा रामटेके एवं धृति रामटेके ने किया।

## संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी एवं दलेश्वर साहू ने राजस्थान के मुख्यमंत्री से भेंट कर दिया न्योता

# आदिवासी नृत्य में शामिल होने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निमंत्रण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेजे गए निमंत्रण पत्र और मोंमेटो देकर कार्यक्रम में शामिल होने आमन्त्रित किया। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से आंमत्रण देने गए प्रतिनिधियों ने राजस्थान के मुख्य सचिव निरंजन आर्य एवं संस्कृति विभाग के सचिव से भी भेंट कर राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव हेतु आमंत्रित किया। संसदीय सचिव इंद्र शाह मंडावी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रायपुर में 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्टीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों की आदिवासी संस्कृति को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासी संस्कृति को विश्व पटल पर लाने के प्रयासों के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परम्परा को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने 28 अक्टूबर 2021 से 01 नवंबर 2021 तक राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले द्वितीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के आयोजन में राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से वहां के आदिवासी दलों को इस महोत्सव में सम्मिलित होने हेतु संसदीय सचिव एवं अधिकारीगण भारत के मुख्यमंत्रियों व दलों को आमंत्रण देने प्रवास पर पहुंचे हुए हैं।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नृत्य महोत्सव में शामिल होने का न्यौता



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजधानी रायपुर में 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव का न्यौता भेजा है। बघेल की ओर से संसदीय सचिव रेखचेद जैन ने नितीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आमंत्रण पत्र सौंपने के साथ ही जैन ने छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शाल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री के साथ ही वहां के कला एवं संस्कृति मंत्री आलोक रंजन को भी जैन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से गए प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्य म में भाग लेने के लिए बिहार की जनजातियों और सांस्कृतिक दलों को रायपुर भेजने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री और संस्कृति मंत्री को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासी संस्कृति को विश्व पटल पर लाने के प्रयासों और उद्देश्यों के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव तथा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव में शामिल होने का न्यौता



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजधानी रायपुर में 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह को छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय ने आमंत्रण दिया। उन्होंने इस मौके पर मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को आयोजित राज्योत्सव में भी शामिल होने का न्यौता दिया। मुख्य सचिव सिंह ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में आमंत्रित किए जाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार विशेषकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया। संसदीय सचिव राय ने हिमाचल के मुख्य सचिव सिंह से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और उसके उद्देश्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की समृद्ध आदिवासी संस्कृति को देश-दुनिया में पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# जैसे काशी में भगवान शिव और मां अन्नपूर्णा एक साथ वैसे ही कौही में मां काली और भगवान शिव एक साथ

## मुख्यमंत्री पहुंचे ग्राम कौही, दर्शन का लिया लाभ, लिफ्ट इरिगेशन परियोजना भी देखी





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

यह किस्त जब किसानों के खाते में जाएगी, तब किसान पैसा निकालेंगे और उनकी दिवाली बहुत खुशहाली से मनेगी। इसी समय रानीतराई का मड़ई भी रहता है। इस मडई में आप छोटी-छोटी खुशियां खरीद पाएंगे। आपके जीवन में समृद्धि जैसे काशी में मां अन्नपूर्णा और विश्वनाथ जी का एक साथ वास है, उसी तरह से पुण्यभूमि कौही में भी भगवान शिव और मां काली का वास है। इस तरह यह जगह बहुत पवित्र है। यहां आने पर मुझे बनारस की कथा याद आती है, जब भगवान शिव भूखे होकर मां अन्नपूर्णा के द्वार पहुंचते हैं और मां अन्नपूर्णा उन्हें भोजन कराती है। मुख्यमंत्री ने यह बातें ग्राम कौही में मां काली और भगवान शिव के दर्शन के पश्चात कही।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग इस मायने में भाग्यशाली हैं कि हमारे यहां देवियों का वास है। मैं अभी रतनपुर में मां महामाया के दर्शन कर आया हूं। हमारे यहां मां दंतेश्वरी भी है, मां बमलेश्वरी भी है, धमतरी में विंध्यवासिनी है, खल्लारी मां है, चंद्रहासिनी हैं। अभी मैं आगेसरा जाऊंगा, वहां देवी के दर्शन करूंगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सही समय पर आर्थिक सहयोग किया जा सके इसके लिए हम उपयुक्त समय पर राजीव गांधी न्याय योजना की किस्त प्रदान करते हैं। इसके पहले दो किस्त दी जा चुकी है। इसकी तीसरी किस्त 1 नवंबर को दी जाएगी। इस दिन यह धनतेरस का पहला दिन है। यह किस्त जब किसानों के खाते में जाएगी, तब किसान पैसा निकालेंगे और उनकी दिवाली बहुत खुशहाली से मनेगी। इसी समय रानीतराई का मड़ई भी रहता है। इस मडई में आप छोटी-छोटी खुशियां खरीद पाएंगे। आपके जीवन में समृद्धि लाना ही सरकार की पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया गया था कि बारिश की स्थिति पर नजर रखें और खेतों का नजरी सर्वे करते रहे। सौभाग्य से सितंबर के महीने में अच्छी बारिश हुई और अब हम धान खरीदी की तैयारी कर रहे हैं। पूरे देश भर में खाद का संकट है हमने छत्तीसगढ़ में रासायनिक खाद को तवज्जो दी। इस वजह से खाद संकट में भी जैविक खाद के रूप में वैकल्पिक व्यवस्था हमने तैयार की। किसानों को खाद बिजली मिलती रहे यह सरकार की प्राथमिकता में है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही गोबर से बिजली बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। बेमेतरा के ग्राम राखी, रायपुर के ग्राम पंचायत बन चरौदा, दुर्ग के सिकोला में गोबर से बिजली बनाने की का कार्य हमने 2 अक्टूबर से शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माँ कौशल्या के मंदिर में सौंदर्यीकरण का कार्य किया है। आप मंदिर में शाम के वक्त जाइए। मंदिर की सजावट और पूरा तीर्थ परिसर शाम के समय तीर्थ यात्रियों के लिए अपूवार्नंद का अवसर बनता है। मैं चाहता हूं कि आप लोग सभी चंदखुरी जरूर जाइए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लिफ्ट इरीगेशन परियोजना भी देखी।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने अटारी हायर सेकण्डरी स्कूल में किया व्यावसायिक शिक्षा का उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने रायपुर जिले के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अटारी में व्यावसायिक शिक्षा का उद्घाटन किया। अब इस स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले बच्चों को उनकी कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ आईटीआई के माध्यम से रोजगारोन्मुखी शिक्षा भी मिलेगी। अटारी के बच्चों को निकट के आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश दिलाया गया है। यहां स्मार्ट हेल्थ केयर और सोलर पैनल इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार राज्य के प्रत्येक विकासखंड एक हायर सेकण्डरी स्कूल को औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर तक सभी स्थानों पर कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इन शिक्षण संस्थाओं में व्यावसायिक शिक्षा का सर्टिफिकेट कोर्स होगा। बच्चों को 50 प्रतिशत अपने कक्षा संकाय का अध्यापन करना होगा और 50 प्रतिशत आईटीआई ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ट्रेड एक वर्ष का होगा। कक्षा 12वीं के प्रमाण पत्र के साथ-साथ बच्चों को ट्रेड उत्तीर्ण होने का भी सर्टिफिकेट दिया जाएगा। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि इससे बच्चों को सीधा लाभ होगा। बच्चे कक्षा 12वीं के बाद अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं और अन्य को भी रोजगार दे सकते हैं। मंत्री डॉ. टेकाम ने इस अवसर पर उपस्थित पालकों और बच्चों को आग्रह किया कि वे मन लगाकर पढ़े और अपने जीवन को उन्नत बनाएं।

उन्होंने स्कूल के लिए 200 सेट बेंच टेबल, 4 अतिरिक्त कमरा निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्राथमिक शाला अटारी में अहाता निर्माण की घोषणा भी की। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पार्षद कमलेश, जिला शिक्षा अधिकारी अशोनारायण बंजारा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय गोस्वामी, आईटीआई के प्राचार्य डाहिरे और स्कूल के प्राचार्य विष्णु कश्यप भी उपस्थित थे।

## प्रदेश की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण अब 30 तक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग द्वारा प्रदेश की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण हेतु निर्धारित तिथि अब बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। अब आवेदक सीजीक्यूडीसी मोबाईल एप्प पर ऑनलाईन पंजीकरण तथा अपने से संबंधित जानकारियां 30 अक्टूबर तक अपलोड कर सकेंगे। पूर्व में सर्वेक्षण के लिए 12 अक्टूबर 2021 की तिथि निर्धारित की गई थी। आयोग द्वारा संशोधित तिथि के निर्धारण के बाद सर्वेक्षण हेतु संशोधित विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। सीजीक्यूडीसी मोबाईल एप्प गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग के सचिव से प्राप्त संशोधित कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन पंजीकरण एवं डाटा संग्रहण व सत्यापन का कार्य 30 अक्टूबर 2021 तक किया जाएगा। डाटा संग्रहण पश्चात ग्राम पंचायत वार एवं वार्ड वार सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जोन कार्यालय में 27 नवम्बर 2021 तक किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा एवं आपत्ति 15 दिसम्बर 2021 तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण 30 दिसम्बर 2021 तक किया जाएगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र में ग्राम सभा द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र में पी.आई.सी एवं एम.आई.सी. द्वारा 20 जनवरी 2022 तक अनुमोदन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद स्तर पर एवं नगरीय क्षेत्रों में निकाय स्तर पर डाटा संकलन का कार्य 05 फरवरी 2022 तक किया जाएगा। जनपद एवं निकाय स्तर से जिला स्तर पर डाटा संप्रेषण 18 फरवरी 2022 तक किया जाएगा। राज्य स्तर से नोडल अधिकारियों द्वारा डाटा आयोग को डाटा प्रेषण का कार्य 15 मार्च 2022 तक किया जाएगा।

उपरोक्त संशोधित कार्यक्रम जारी होने के पश्चात् अब सर्वेक्षण का कार्य सुपरवाईजारों द्वारा 30 अक्टूबर 2021 तक किया जाएगा। सर्वे का कार्य मोबाईल एप्प वेब पोर्टल के माध्यम से पूरे प्रदेश के नगरीय निकाय विभाग के नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका एवं ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के ग्राम पंचायत जनपद पंचायत में नियुक्त किए गए सुपरवाइजर के माध्यम से किया जाएगा। सर्वे का कार्य 30 अक्टूबर 2021 तक चलेगा। सर्वेक्षण हेतु चिप्स द्वारा सीजीक्यूडीसी नाम से मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से इंस्टाल किया जा सकता है।

## अनीता, श्यामबती, केदार व विवेक का काम पर जाना हुआ अब और आसान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग विकासखंड मुख्यालय में अपने जनसंपर्क भ्रमण के दौरान क्षेत्र के हितग्राहियों को बैटरीयुक्त ट्रायसायकल प्रदान किया। ट्रायसायकल मिलने पर हितग्राहियों में अपार खुशी थी। दिव्यांग हितग्राही मेहनत-मजदूरी करते हैं। अब इनको कार्य-स्थल पर जाना और आसान हो जायेगा।

समाज कल्याण विभाग की कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत मंत्री डॉ. डहरिया ने दिव्यांग अनिता बेल्दार, पिता फागूलाल बेल्दार भण्डारपुरी, श्यामबती ध्रुव, पिता फूलसिंह ध्रुव गुमा, अमेठी से केदार यादव, पिता भगेलू यादव, अनिता चंद्राकर, पिता कृष्णा चंद्राकर तथा विवेक कुमार, पिता राजकुमार मिरी ग्राम डूमहा को ट्रायसायकल प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, कोमल सिंह साहू, भारती देवांगन, खिलेश देवांगन आदि की उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों के परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का छत्तीसगढ़ दौरा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे प्रदेश के दस जिलों का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। संबंधित जिले के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत साझा की जा सकती है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक दिलीप कुमार (मोबाइल नम्बर 9918857356) 17 अक्टूबर से नारायणपुर जिले में और 23 अक्टूबर से बीजापुर जिले में सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। अनिल कुमार बिहार (मोबाइल नम्बर 7903753767) 18 अक्टूबर से रायगढ़ में और 25 अक्टूबर से जशपुर में सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे। राम प्रकाश सिंह (मोबाइल नम्बर 9415258 582) 19 अक्टूबर से बस्तर में और 26 अक्टूबर से दंतेवाड़ा में सड़कों की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे।

## आत्मनिर्भरता की राह में आगे बढ़ रही संतोषी बाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सब्जी उत्पादन से संतोषी बाई जैसी बेरोजगार महिला को आमदनी की नई राह मिल गई है। कोरिया जिले के विकासखंड खडगंवा के ग्राम पंचायत ठगगांव की संतोषी और उनके पति की कमाई का जरिया अब सब्जी उत्पादन से जुड़ गया है। वे अपनी जमीन पर करेला, बैंगन और हरी मिर्च जैसे सब्जियों का उत्पादन का कार्य कर रहे हैं। मौसम के अनुसार सब्जी-भाजी की खेती ने इस दंपति की आमदनी में न सिर्फ इजाफा किया है, अपितु आत्मनिर्भर बनने की राह को भी आसान बना दिया है।

संतोषी छत्तीसगढ़ ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़ी हैं। वे गणेश स्वसहायता समूह की सदस्य हैं। संतोषी और उनके पति चार साल से खेती-बाड़ी का काम कर रहे हैं। एक वर्ष पूर्व ही संतोषी समूह से जुड़ी। समूह से जुड़कर संतोषी को अपने खेती-किसानी के काम को बढ़ाने में ऋण प्राप्त करने में आसानी हुई।

समूह से जुड़कर संतोषी ने सब्जी उत्पादन के काम को ही इस योजना के तहत आजीविका के रूप में जारी रखा। इसमें उन्होंने समूह एवं संकुल स्तरीय संगठन के माध्यम से 50 हजार रूपये की राशि सामान्य ऋण के रूप में ली जिससे वे अपने इस सब्जी उत्पादन के कार्य को आगे बढ़ा पाए। सब्जी को संतोषी और उनके पति साप्ताहिक बाजार व मंडी में बेचकर अब अच्छी आय प्राप्त कर लेते हैं। बिहान के जरिए प्राप्त वित्तीय सहायता से उनकी मदद हुई और उत्पादन बढ़ने से अब उनकी मासिक आय 8 से 10 हजार तक हो जाती है जिससे वे दोनों बहुत खुश हैं। अब वे अपने आय को और बढाने के लिए सब्जी-बाड़ी के काम को विस्तार देने की योजना भी बना रहे हैं। संतोषी की इस मेहनत और आमदनी को देखते हुए अन्य महिलाएं भी इसी तरह आत्मनिर्भर बनने की राह में अग्रसर है।

## राप्रसे के अधिकारी को संचालक बनाने के विरोध में पूरे प्रदेश में कलम बंद सफल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में गत 20 वर्षों में पहली बार राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ अधिकारी की जनसंपर्क संचालक पद पर नियम विरूद्ध पदस्थ करने के विरोध में पूरे प्रदेश में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने कलम बंद विरोध किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा समर्थित छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ का यह कलम बंद विरोध पूरी तरह सफल रहा। एक तरफ समूचे राज्य में जनसंपर्क विभाग की ओर से कोई भी शासकीय सूचनाएं, समाचार, विज्ञप्ति एवं विज्ञापन आदि जारी नहीं हुए। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने जनसंपर्क विभाग की इन मांगों का पुरजोर समर्थन कर समूचे राज्य में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने आज राजभवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण और माननीय राज्यपाल के पद की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की महत्ता को ध्यान में रखकर राजभवन प्रेस प्रकोष्ठ को कलम बंद विरोध से मुक्त रखा।

### राज्यपाल ने विजय मशाल का सम्मान किया

## स्वर्णिम विजय वर्ष के अवसर पर उइके ने 1971 युद्ध के शूरवीरों को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज स्वर्णिम विजय वर्ष के अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में विजय मशाल का सम्मान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वर्ष 1971 के युद्ध में शहीद हुए शूरवीरों को नमन किया और युद्ध में भाग लिए सैनिकों और उनके परिजनों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। राज्यपाल स्वयं सैनिकों और उनके परिजनों के मध्य पहुंची और उन्हें बधाई दी और उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विजय मशाल के छत्तीसगढ़ आगमन पर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह मशाल टीम जिस जोश और उमंग के साथ इस विजयरूपी मशाल का संचालन कर रही हैं, यह हमारे वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा एक प्रेरणास्त्रोत साबित होगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जब विजय मशाल का राजभवन के दरबार हॉल में सैनिकों के साथ प्रवेश हुआ तो उपस्थित जन समुदाय रोमांचित हो उठा और सभी अपने स्थान पर खड़े होकर मशाल को सेल्यूट किया।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की महान सेनाओं में से एक है, जिसने अपने इतिहास में बहुत से युद्धों की अगुवाई की है एवं सफल अंजाम तक पहुंचाया है। इसमें से 1971 का युद्ध है जो पूर्वी पाकिस्तान के स्वतंत्रता संग्राम के चलते 03 दिसंबर 1971 को शुरू हुआ और 13 दिवस तक संघर्षपूर्ण चुनौती के बाद 16 दिसंबर 1971 को भारत को यादगार विजय प्राप्त हुई। इस युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस, युद्ध कौशलता एवं उत्कृष्ट रणनीति का बेहतरीन परिचय दिया। लगभग 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया और लगभग 9000 पाकिस्तानी सैनिकों ने अपनी जान गंवाई। इस युद्ध को सफल और विजयी बनाने में हमारे शूरवीर सैनिकों का स्मरणीय योगदान रहा है। लगभग 2000 सैनिकों ने देश के लिए निडरता के साथ अपने जीवन को कुर्बान किया और अमरता को प्राप्त किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के 1971 के युद्ध में भाग लेने और उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया और उन्हें बधाई दी।





उन्होंने सभी वीर नारियों को भी नमन किया, जिनके परिजनों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर के देशहित में एक अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हम सभी यह जानते है कि भारतीय सेना का इतिहास सदैव गौरवशाली रहा है और जब-जब देश पर कोई बाहरी संकट आया या दुश्मन देशों की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हो, हमारे सैनिकों ने उसका मुंह तोड़ जवाब, अपने बुलंद हौसले एवं दृढ़ निश्चय के साथ दिया है। भारतीय सेना मोर्चो पर मुस्तैदी के साथ तैनात है, चाहे बर्फ से गला देने वाला सियाचिन ग्लेशियर हो या फिर आग की तरह तपता हुआ रेगिस्तान, हमारे जांबाज सैनिक अपने कर्तव्य पर वचनबद्ध एवं कड़े सुरक्षा प्रहरी के रूप में दीवार बनकर खड़े हैं ताकि देशवासी निश्चिंतता से रह सकें। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की आजादी के लिये कुर्बान हुए सैनिकों की शहादत को याद रखने के लिए आजादी के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी को ज्ञात हो सके कि इस आजादी के लिए असंख्य गुमनाम शहीदों ने भी कुर्बानियां दी हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद सुनील सोनी, जनरल ऑफिसर इन कमांडिंग, मध्य भारत लेफ्टिनेंट जनरल एस. मोहन, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया के कमाण्डर ब्रिगेडियर प्रशांत चौहान, एन.सी.सी. कैडेट्स, सैनिक और उनके परिजन उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा 226 कुबेर प्लाजा, सेकण्ड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 से प्रकाशित
संपादक-रविशंकर शुक्ला * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, दूरभाष नंबर 07752-400878